CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, सोमवार 7 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम हुआ लागू

पेज 2




बर्मिंघम में टीम इंडिया की 58 साल में पहली जीत

खेल टाइम्स



बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए

सम्पादकीय



अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

पेज 2

## पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से सरकारी बंगला खाली कराएं

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है। तीन जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट, जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है।

## ब्रिटिश फाइटर जेट F-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंचे

**तिरुअनंतपुरम।** ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंच गई है। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस यूके भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 23 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

## मणिकर्णिका घाट की छत पर हो रहा अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा उफान पर है। गंगा में हर घंटे 1 सेमी पानी बढ़ रहा है। गंगा 62.62 मीटर पर बह रही है। खतरे का निशान 71.262 मीटर है। महाश्मशान मणिकर्णिका घाट पानी में डूबा है, इसके कारण चिताएं छत पर जलाई जा रही हैं। मध्य प्रदेश में 21 जिलों में रविवार को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार बारिश जारी है। अगले 24 घंटे में 8 इंच बारिश की संभावना है। जबलपुर में बरगी बांध के 9 गेट खोले गए हैं। पहले से उफान पर नर्मदा नदी का जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। शहडोल में जिला अस्पताल के कई वार्ड में पानी भर गया। राजस्थान के श्रीगंगानगर में दो मकानों की छत गिर गई। हादसे में 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। पांच लोग घायल हैं।

### नितिन गडकरी का बेबाक मत

# विश्व युद्ध में बदल सकती है सुपर पावर देशों की हनक

**नागपुर, वार्ता**

**केंद्रीय सड़क** परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है।



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियान्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है। नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं,

- **इजरायल-ईरान जैसी पुनरावृत्ति हुई, तो हालात होंगे बदतर**
- **महाशक्तियों की तानाशाही से दुनिया से प्रेम होता जा रहा खत्म**

जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।


# दुनिया को नई व्यवस्था की जरूरत: मोदी

## ग्लोबल साउथ देशों के बिना वैश्विक संस्थाएं बिना नेटवर्क वाले मोबाइल की तरह

**रियो डी जनेरियो, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को ब्रिक्स समिट में एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरुआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। पीएम ने कहा कि 20वीं सदी में बनाई गईं वैश्विक संस्थाएं 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं।

एआई के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होता। 20वीं सदी के टाइपराइटर 21वीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा कि ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है, लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।



### पीएम मोदी को 'की टू द सिटी सम्मान', भारत-अर्जेंटीना संबंधों में मील का पत्थर

**ब्यूनस आयर्स।** पीएम मोदी को शनिवार को अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान की टू द सिटी (शहर की चाबी) सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान भारत और अर्जेंटीना के बीच संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह सम्मान विश्व के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को ही दिया जाता है, जो किसी शहर के साथ विशेष संबंध बनाते हैं या उस शहर में सांस्कृतिक, राजनीतिक या आर्थिक जुड़ाव बढ़ाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस सम्मान के प्रति आभार जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ब्यूनस आयर्स के सिटी गवर्नमेंट प्रमुख जार्ज मैकरी से 'की टू द सिटी' प्राप्त करना मेरे लिए गौरव की बात है।

# ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। मौसम का साथ मिलने पर विभाग ने काम में तेजी लाई।

इसके साथ ही स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। बीते 28 जून को यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। राज्य में ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के



मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में दो, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में छह ग्रामीण, अल्मोड़ा में एक राजमार्ग और एक ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में तीन ग्रामीण, देहरादून में दो ग्रामीण और टिहरी जिले में तीन ग्रामीण सड़के मलबा आने से बंद हैं।

## राफेल लड़ाकू विमान के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा चीन

**पेरिस।** फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं।

# रॉयटर्स का एक्स अकाउंट ब्लॉक होने पर केंद्र ने दी सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने रविवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी रॉयटर्स के एक्स अकाउंट को ब्लॉक करने का कोई निर्देश नहीं दिया है और अकाउंट को ब्लॉक करना माइक्रोब्लॉगिंग साइट की ओर से एक 'गलती' है।

केन्द्र सरकार की यह टिप्पणी भारत में रॉयटर्स के एक्स अकाउंट पर दिखाए गए एक नोटिस के जवाब में आई है,

- **सरकार ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट की गलती बताई**

जिसमें कहा गया है कि कानूनी मांग के अनुरूप इसे 'विदहेल्ड' किया गया था। अधिकारी ने हाल ही में ऐसी कोई मांग करने से इन्कार करते हुए कहा कि इस मामले में एक्स से विस्तृत स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने एक आदेश जारी किया था। लेकिन एक्स ने अब इसे लागू किया है, जो उनकी ओर से एक गलती है। इस बीच समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने, अब तक इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की। रिपोर्टों के अनुसार, भारत में केवल रॉयटर्स न्यूज़ एजेंसी और रॉयटर्स वर्ल्ड के आधिकारिक अकाउंट एक्स पर बंद हैं, लेकिन इसके अन्य संबद्ध हैंडल, जिनमें रॉयटर्स टेक न्यूज़, रॉयटर्स फैक्ट चेक, रॉयटर्स एशिया और रॉयटर्स चाइना आदि एक्स पर देखे जा सकते हैं।

# वारदात के बाद आरोपी घंटों पीते रहे शराब

**कोलकाता, वार्ता**

## कोलकाता गैंगरेप

- **ढाबे पर खाना खाया, फिर घर लौटे**
- **गार्ड को धमकाया, किसी को कुछ मत बताना**

**कोलकाता लॉ** कॉलेज गैंगरेप केस में पुलिस ने नए खुलासे किए हैं। जांच में सामने आया है कि वारदात के बाद मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा और उसके साथी (प्रमित मुखर्जी और जैब अहमद) ने कॉलेज के गार्ड रूम में घंटों तक शराब पी।

सिक्योरिटी गार्ड पिनाकी बनर्जी को धमकाया कि वह इस घटना के बारे में किसी को कुछ न बताए। इसके बाद ईएम बाइपास पर एक ढाबे पर खाना खाने गए। फिर अपने-अपने घर लौट गए। पुलिस के अनुसार, घटना के अगले दिन 26 जून को मनोजीत मिश्रा को जब हालात की गंभीरता का एहसास हुआ तो उसने साउथ कोलकाता के देशप्रिय पार्क इलाके में रहने वाले एक प्रभावशाली व्यक्ति से संपर्क किया। वह व्यक्ति पहले भी उसकी मदद कर चुका था। हालांकि, इस बार उसने मनोजीत से पीछे हटने की सलाह दी। साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज में 25 जून को गैंगरेप एक छात्रा से गैंगरेप हुआ था। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा यहीं का पूर्व छात्र है। बाकी 2 आरोपी मौजूदा स्टूडेंट्स हैं। मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा, जैब अहमद और प्रमित मुखर्जी को 26 जून को गिरफ्तार किया गया था।

IFTM UNIVERSITY
(Established under Section 2 (f) of UGC Act 1956 by UP Govt. Act No. 24 of 2010)
Lodhipur Rajput, Delhi Road, Moradabad - 244102 (U.P.)
A NAAC
29 Years of Excellence in Quality Education
REGISTRATIONS / ADMISSIONS OPEN FOR THE SESSION 2025-26

MANAGEMENT 9458032396, 9837350198, 8791090789
• BBA -3 yrs. • MBA
• BBA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Com -3 yrs. • M.Com
• B.Com (Hons. with Research) - 4yrs.
• Diploma in Hotel Mgmt. (DHM)
• Bachelor of Hotel Mgmt. & Catering Technology (BHMCT)
• Master of Hotel Management (MHM)

PHARMACY 9451751810, 7906044144, 9927111259
• D. Pharm
• B. Pharm
• B. Pharm (2nd Year Lateral Entry)
• M.Pharm
- Pharmaceutics
- Pharmacology
- Pharmaceutical Chemistry
- Pharmacognosy

COMPUTER 9319160550, 9410013261, 9927048126
• BCA/BCA (Data Sci.) - 3 yrs. • MCA
• BCA (Hons. with Research) - 4yrs.
• B.Tech • M.Tech
Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry) • PGDCA

ENGINEERING 9997998354, 9458526285, 9997474743
• B.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
• B.Tech (2nd Year Lateral Entry)
• M.Tech
- Electronics & Comm. Engineering
- Electrical Engineering (Power Sys. Engg.)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering (Structural Engg.)

BIOTECHNOLOGY 9837612666, 7017344483, 9760353953
• B.Tech • M.Tech
- Biotechnology
• B.Sc. - 3 yrs. • M.Sc.
- Biotechnology
- Food Technology
- Microbiology
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Biotechnology
- Microbiology

AGRICULTURE 8477061540, 9456981453, 9758531198
• B.Tech
- Agricultural Engineering
• M.Tech
- Farm Machinery & Power Engineering
- Soil & Water Conservation Engineering
- Process & Food Engineering
• B.Sc. (Hons.) - Agriculture
• M.Sc. (Ag.)
- Agronomy
- Horticulture (Veg. Sci., Floriculture & Landscaping)

POLYTECHNIC 7310703861, 9457636158, 8923771133
• Diploma in Engineering
- Electronics Engineering
- Electrical Engineering
- Computer Engineering
- Computer Engg (Artificial Intelligence)
- Mechanical Engineering
- Civil Engineering
- Production Engineering
- Refrigeration & Airconditioning
• Diploma in Engineering (2nd Year Lateral Entry)

nirf NATIONAL INSTITUTIONAL RANKING FRAMEWORK

SCIENCES 9412391675, 9259410042, 8077580771
• B.Sc. - 3 yrs.
• B.Sc. (Hons. with Research) - 4yrs.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• M.Sc.
- Physics - Zoology
- Chemistry - Botany
- Mathematics
• B.Sc.
- Home Science
• M.Sc.
- Home Science

HUMANITIES 9997473840, 7505488018, 7906392179
• BA -3 Yrs.
• BA (Hons. with Research) - 4yrs
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science - Home Science
- History - Sanskrit
• MA
- English - Hindi - Economics
- Sociology - Geography - Education
- Political Science
• Master of Social Work (MSW)
• B.Lib. M.Lib.
• BA (Journalism)
• MA (Journalism)

EDUCATION 8126543884, 7906512226, 8445230387
• BA-B.Ed. • B.Ed.
• B.Sc.-B.Ed. • M.Ed.

LAW 8791491123, 9837589666, 9412565607
• B.A.-LL.B. • B.B.A.-LL.B.
• LL.B. • LL.M.

SPECIAL FACILITIES
• Free Uniform to the students
• Fee waiver to meritorious students
• Separate Hostels for Girls and Boys
• Career- Oriented and Skill Development Courses
• Convenience of lift in most of buildings of the University
• Banking facility with ATM
• Post Office facility on Campus
• Wi-Fi / Internet facility
• Canteen / Cafeteria facility for students
• Medical facility (Dispensary and Ambulance)
• Sports facility (In-door & Out-door games)

छात्राओं के लिए ट्यूशन फीस में 10% की छूट
SUNDAY OPEN

Free Bus Service for Pick and Drop from the City and places nearby, namely, Hasanpur, Gajraula, Dhanaura, Nauganva Sadaat, Amroha, Bilari, Chandausi, Kanth, Seohara, Sherkot, Dhampur, Nagina, Noorpur, Ganva, Chandpur, Singhpur Sahni, Asmoli, Sambhal, Rampur, Thakurdwara, Milak, Behjoi, Bisauli, Saidnagli, Dilari, Shahbad, Tanda, Bhawalpur, Agwanpur, MDAColony and Lajpatnagar.
Telephone- 9639004077, 9837504666, (0591)- 2360817/18
E-mail : admissions@iftmuniversity.ac.in Website : www.iftmuniversity.ac.in

संक्षिप्त समाचार

## हाईटेंशन लाइन से ताजिया टकराया एक युवक की मौत

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ में ताजिए के हाईटेंशन लाइन से टकराने पर एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना शहर के रोरावर थाना क्षेत्र के जलालपुर इलाके में हुई। रविवार शाम 4:45 बजे मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था। इस दौरान जलालपुर क्षेत्र में ताजिया अचानक ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार से टकरा गया, जिससे उसमें करंट प्रवाहित हो गया। करंट लगने से तीन लोग इसकी चपेट में आ गए। हादसे में रोरावर थाना क्षेत्र के अलहदादपुर नीवरी मोहल्ले के निवासी अरवान (20 वर्ष), पुत्र अनवार खान की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

## राजौरी में दुर्घटनावश गोली लगने से सैनिक की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के धर्मसल इलाके में रायफल से दुर्घटनावश गोली लगने से सेना के एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने आज यहां बताया कि जवान धर्मसल में अपनी यूनिट में ड्यूटी पर था, तभी उसकी सर्विस राइफल से दुर्घटनावश गोली चल गई। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुरानी व नई दिल्ली स्टेशनों के नाम बदले जाएं

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के नाम बदलने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर 'अटल बिहारी वाजपेयी रेलवे स्टेशन' रखा जाए और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम 'महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन' किया जाए।

# बिहार के लोगों के मताधिकार छीन रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार चुनाव आयोग के साथ मिलकर बिहार के लोगों के वोट देने के अधिकार को छीनना चाहती है, इसलिए चुनाव से ठीक पहले मतदाता पहचान पहचान के लिए सदन अभियान चलाकर मतदाता सूची तैयार करने का काम किया जा रहा है।

कांग्रेस का कहना है कि जो काम उसे समय से कर देना चाहिए था वह चुनाव से ठीक पहले शुरू किया जा रहा है, ताकि मतदाता समय पर शर्तों के अनुसार कागजात जमा नहीं कर पाएं और और उन्हें मतदान से वंचित रखा जा सके। पार्टी ने कहा कि बिहार वासियों सावधान। चुनाव आयोग के साथ मिलकर मोदी सरकार आपके वोट के अधिकार को छीन लेना चाहती है। इतना ही नहीं, आपकी नागरिकता भी खतरे में है। बूथ स्तर के एक अधिकारी-बीएलओ का साफ कहना है कि अगर आप कागज नहीं दिखा पाए, तो वोट देने का अधिकार तो गया ही आपकी नागरिकता भी खत्म कर दी जाएगी। कांग्रेस का कहना है कि चुनाव आयोग बिहार में मतदाता सूची की जांच कर रहा है। इसके लिए लोगों से कागज दिखाने को कहा गया है, लेकिन इसमें आधार कार्ड और वोटर पहचान पत्र शामिल नहीं हैं। बिहार के अधिकतर लोगों के पास पहचान साबित करने कि लिए सिर्फ आधार कार्ड है जिसे चुनाव आयोग मानने को तैयार नहीं है। इससे बिहार के करोड़ों मतदाताओं के ऊपर मतदान सूची से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है, जो सरासर अन्याय है। पार्टी ने कहा कि ये साजिश है। वोट का अधिकार छीन लेने की साजिश, जो मोदी सरकार और चुनाव आयोग ने मिलकर रची है।

## पीएम मोदी को नहीं हटाया, तो ले लूंगा संन्यास



कांग्रेस नेता अजय राय ने दिया 2029 को लेकर बयान

**वाराणसी।** यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने ऐलान कर दिया कि अगर वह 2029 में प्रधानमंत्री मोदी को वाराणसी से नहीं लौटा पाए, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। वाराणसी के पिंडरा विधानसभा में कामरेड उदल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल सहित इंडिया गठबंधन के नेता और सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेता अजय राय ने मंच से संबोधित करते हुए 2027 के साथ-साथ 2029 को लेकर भी बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आप लोग हमें 2027 चुनाव जिताइए, आपसे वादा करता हूं 2029 में पीएम मोदी बनारस छोड़कर भाग नहीं गए, तो राजनीति से संन्यास ले लूंगा। 2022 में वाराणसी के विधायक जीते नहीं, बल्कि ताकत के बल पर उन्हें जिताया गया, नहीं तो हम 2022 में यहां से जीत गए होते।

# अमेरिकी हमलों के बाद पहली बार सामने आए खामेनेई

**तेहरान, वार्ता**

■ राजधानी तेहरान में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में ईरान के सर्वोच्च नेता की मौजूदगी दिखी

ईरान और इजरायल के बीच छिड़े 12 दिन के युद्ध के बाद अब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई पहली बार जनता के सामने आए हैं।

तेहरान में एक धार्मिक कार्यक्रम में खामेनेई की मौजूदगी दिखी। बीते दिनों अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए थे, जिसके बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आ रहे थे। उनकी मौजूदगी को लेकर अफवाहें भी उड़ रही थीं। लेकिन अब उनकी तस्वीरें सामने आ चुकी हैं। 86 साल के खामेनेई को काले कपड़ों में मंच पर बैठे देखा गया। उनके सामने मौजूद भीड़ हाथ हवा में उठाकर नारेबाजी कर रही थी कि हमारे खून की हर बूंद हमारे नेता के लिए है। ईरान के सरकारी टीवी ने बताया कि यह कार्यक्रम तेहरान की इमाम खोमैनी मस्जिद में हुआ। यह मस्जिद ईरान के इस्लामिक क्रांति के संस्थापक के नाम पर बनी है। यह कार्यक्रम शिया मुसलमानों के लिए बेहद अहम इमाम हुसैन की शहादत की बरसी पर आयोजित किया गया था। खामेनेई बीते कुछ दिनों से सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर थे। उनकी आखिरी सार्वजनिक उपस्थिति इजरायल के हमलों से ठीक दो दिन पहले हुई थी, जब वो सांसदों से मिले थे। हालांकि, पिछले हफ्ते उनका एक रिकार्डेड वीडियो सामने आया था, लेकिन उनकी शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठ रहे थे। अब सार्वजनिक मंच पर नजर आने के बाद यह साफ हो गया है कि वो सक्रिय हैं और देश के हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

# 2011 की जनगणना के आधार पर होगा पंचायतों का आरक्षण

**लखनऊ, वार्ता**

■ 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं को आरक्षित

उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था 2011 की जनगणना के आधार पर होगी।

उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक श्रेणी में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जबकि पिछले चुनाव में लागू नियमों में निर्धारित आरक्षण की चक्रानुक्रम प्रणाली का भी पालन किया जाएगा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने रविवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पिछली बार की तरह इस बार भी ग्राम पंचायत की सीटें सामान्य, पिछड़ी, महिला या अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित की गई हैं, लेकिन इस बार सीटों में कुछ फेरबदल हो सकता है। उन्होंने बताया कि नए सिरे से परिसीमन के लिए ग्राम पंचायतों में सर्वेक्षण चल रहा है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का काम पूरा होने पर आरक्षण की व्यवस्था शुरू हो जाएगी। राजभर ने कहा कि आरक्षण व्यवस्था में कोटा के भीतर कोटा लागू करने के लिए वह जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी पार्टी एसबीएसपी अकेले ही पंचायत चुनाव लड़ेगी। हमारी पार्टी जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधान की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। गठबंधन के सवाल पर उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव किसी पार्टी के सिंबल पर नहीं होते। ऐसे में इस चुनाव में गठबंधन का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने दोहराया कि 2027 में पिछड़े वर्ग के सभी नेता एकजुट होकर एनडीए की सरकार बनाएंगे।

## उप्र में नया क्यूआर कोड सिस्टम लागू हुआ

# कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ दुकानदारों को अपनी पहचान नहीं करनी होगी सार्वजनिक, क्यूआर कोड में छिपी होगी हर जानकारी

■ ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण जान सकेंगे

**लखनऊ।** यूपी में कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को अब अपनी पहचान सार्वजनिक करने की अनिवार्यता से छूट मिल गई है, लेकिन खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने एक नया नियम लागू किया है। इसके तहत हर दुकानदार को अपनी दुकान पर क्यूआर कोड युक्त प्रपत्र प्रदर्शित करना होगा।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करते ही ग्राहक दुकानदार का नाम, पता, लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर और ईमेल जैसे विवरण आसानी से जान सकेंगे। कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानों के नाम और मालिकों की जानकारी को लेकर पहले भी विवाद हो चुके हैं। पिछले साल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर दुकानदारों के नाम प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। अदालत ने इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। इसके बाद 24 सितम्बर 2024 को यूपी सरकार ने राज्यभर के भोजनालयों के लिए मालिकों, प्रबंधकों और कर्मचारियों के नाम-पते प्रदर्शित करने का आदेश जारी किया। हालांकि, एफएसडीए एक्ट में नाम जाहिर करने का कोई प्रावधान न होने के कारण अब दुकान का नाम और क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। एफएसडीए ने ग्राहक संतुष्टि के लिए एक विशेष प्रपत्र तैयार किया है, जिसमें दुकान का लाइसेंस नंबर, नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल और टोल-फी नंबर के साथ क्यूआर कोड शामिल है। ग्राहक इस कोड को स्कैन कर दुकानदार की पूरी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और फूड सेफ्टी कनेक्ट एप के जरिये फीडबैक भी दे सकेंगे। यह व्यवस्था यात्रियों के लिए भोजन की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। नए सिस्टम के तहत ग्राहक खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायत भी दर्ज कर सकेंगे। शिकायत अपलोड होते ही विभाग के कंट्रोल रूम को सूचना मिलेगी, और नजदीकी खाद्य निरीक्षक तुरंत जांच के लिए पहुंचेगा। प्राथमिक जांच में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित खाद्य पदार्थ को नष्ट कराया जाएगा। मिलावटखोरी रोकने के लिए एफएसडीए ने व्यापक रणनीति बनाई है। कांवड़ यात्रा मार्गों और धार्मिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे, जिनमें श्रद्धालुओं को खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान करने के तरीके बताए जाएंगे। इसके अलावा, विभाग की मोबाइल वैन भी तैनात रहेगी, जहां लोग खाद्य पदार्थों की जांच करा सकेंगे।

## ढाबों पर दिखे असली नेमप्लेट, किसी के साथ न हो धार्मिक छल: कपिल देव

**सम्भल।** योगी सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि कांवड़ यात्रा पर वाले रास्तों के ढाबों पर असली नेम प्लेट दिखनी चाहिए, क्योंकि यह विषय धार्मिक भावना से जुड़ा है। जो लोग हिंदू धार्मिक नामों से ढाबा चला रहे हैं, लेकिन वहां नॉनवेज परोसा जा रहा है, वह समाज में भ्रम और विवाद पैदा करते हैं। यदि किसी ढाबे पर वैष्णो या दुर्गा नाम लिखा हो और वहां मांसाहार परोसा जाए, तो श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं। इससे सामाजिक सद्भाव बिगड़ता है। किसी को खाना बनाने या ढाबा चलाने से रोका नहीं जा रहा, बस पारदर्शिता जरूरी है।

सेंसेक्स 83432.89
निफ्टी 25461.00

सोना रु. 97021
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 107580
प्रति किलो



# इस सप्ताह सीमित दायरे में ऊपर-नीचे होते रहे सूचकांक

**नई दिल्ली, वार्ता**



शेयर बाजारों के भारत अमेरिका व्यापार वार्ता के परिणाम, कंपनियों के साप्ताहिक नतीजों की प्रतीक्षा

भारतीय शेयर बाजार में पिछला सप्ताह निवेशकों की सतर्क चाल और मिले जुले वैश्विक संकेतों के बीच कारोबार का दायरा सीमित रहा। सप्ताह के दौरान प्रमुख शेयर सूचकांक सीमित दायरे में नीचे ऊपर होते रहे।

बाजार विश्लेषकों का कहना है कि विश्व स्तर पर भू राजनीतिक तनावों तथा अमेरिका के साथ विभिन्न देशों के व्यापार संबंधों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय बाजारों में जून माह की तेजी के बाद भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बारे में अनिश्चितता से विदेशी निवेशक सावधानी का रुख किए हुए है। जुलाई के प्रथम सप्ताह में विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से बिकवाली का दबाव भी बढ़ा हुआ है। बाजार विश्लेषणों के अनुसार हाल के सत्रों में तेज उछाल के बाद बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में मुनाफावसूली का दौर देखने को मिला। मिश्रित वैश्विक संकेतों और भारत के खिलाफ ट्रम्प सरकार के आयात शुल्क संबंधी फैसले की 9 जुलाई की तारीख नजदीक आ गई है। निवेशकों को अमेरिका के निर्णय की प्रतीक्षा है जो सात जुलाई को घोषित किया जा सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारतीय बाजार में शेयरों का मूल्यांकन अब भी ऊंचा है। स्पष्ट संकेतों के अभाव में विदेशी संस्थागत निवेशक सतर्क हो गए हैं, लेकिन जबकि घरेलू संस्थागत निवेशक बाजार को समर्थन बनाए हुए हैं। घरेलू निवेशकों के इस समर्थन से बाजार की स्थिति संभली हुई है। अमेरिका में प्रशुल्क दरों को लेकर अनिश्चितता से धातु, वाहन और वित्तीय क्षेत्र के शेयर दबाव में दिखे, पर बड़े रक्षा खरीद सौदे के सरकार के फैसलों से उत्साहित रक्षा शेयरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, जो रणनीतिक क्षेत्रों पर सरकार के निरंतर ध्यान को दर्शाता है। सरकार ने इसी सप्ताह 1.06 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी है, जिसका अधिकतर ठेका घरेलू कंपनियों को जाएगा। मुद्रास्फीति में कमी और ब्याज दरों में गिरावट जैसी अनुकूल स्थितियों तथा मानसून के अच्छा होने से बाजार की भावना को बल मिल रहा है। जानकारों का कहना है कि अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के बाद कोई अच्छा समझौता निकल है, तो स्थानीय शेयर बाजार उसका जोरदार स्वागत करेंगे। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध से आईटी, फार्मा और ऑटो जैसे निर्यात की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों को लाभ होने की उम्मीद है।

## सोने-चांदी की कीमत रॉकेट स्पीड में बढ़ीं

**नई दिल्ली।** सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,200 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ, वहीं, चांदी का भाव 2,300 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,021 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,784 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,237 रुपए की बढ़त को दर्शाता है। 22 कैरेट सोने का दाम बढ़कर 88,871 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 87,738 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट सोने की कीमत 71,838 रुपए प्रति 10 ग्राम से बढ़कर 72,766 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 2,387 रुपए बढ़कर 1,07,580 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,05,193 रुपए प्रति किलो थी। चांदी अपने उच्चतम स्तर के करीब बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ की सीमा 9 जुलाई को समाप्त होना और इसको आगे बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्टता न होना इसकी एक अहम वजह है।

# सप्ताह के दौरान विदेशी विनिमय बाजार में रुपये में स्थिरता बनी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता तथा शेयर बाजारों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली के दबाव के बावजूद जुलाई माह के पहले सप्ताह में विदेशी विनियम बाजार में भारतीय रुपये में कुल मिलाकर स्थिरता दिखी। अमेरिका के साथ अच्छे व्यापार समझौते की बाजार की उम्मीद पूरी हुई, तो इस सप्ताह रुपये को काफी सहारा मिल सकता है।

सप्ताह के दौरान जारी अमेरिका के गैर कृषि क्षेत्र के रोजगार आंकड़े बाजार की उम्मीद से बेहतर रहे। इससे वहां ब्याज दर में स्थिरता की संभावना के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया सप्ताह के मध्य में मजबूत रहा। लेकिन सप्ताह के अंत में थोड़ी गिरावट के चलते करीब करीब यह पिछले सप्ताह के स्तर पर स्थिर रहा। जुलाई के पहले सप्ताह में बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। पहली जुलाई को रुपया 85.70 के आसपास खुलने के बाद मजबूत हो कर 85.59 रुपये प्रति डॉलर के दायरे में बंद हुआ था।

गुरुवार को स्थानीय मुद्रा मजबूत होकर 85.31 प्रति डॉलर पर बंद हुई। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह मजबूती भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार समझौते को लेकर आशावाद और आने वाले समय में स्थानीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों की मजबूत वापसी की संभावना का संकेत है। शुक्रवार को रुपया फिर डॉलर के मुकाबले गिर कर 85.62 के आसपास स्थिर रहा। उससे एक दिन पहले अमेरिका में रोजगार के आंकड़े मजबूत होने से वैश्विक मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर को बल मिला था, जिससे रुपये में और तेजी सीमित हो गई। विश्लेषकों को आने वाले सप्ताह में भी रुपया, डॉलर विनिमय दर 85.30.85.90 के दायरे में रहने का अनुमान है।

# मोदी और नड्डा ने मुखर्जी को उनकी जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन किया है और भारत के निर्माण में उनके आदर्श और सिद्धांत को बहुमूल्य बताया है।

मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, राष्ट्र के अमर सपूत डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जन्म-जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि। देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। वहीं नड्डा ने लिखा, अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों और कार्यों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले महान विचारक, करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तम्भ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म-जयंती पर उन्हें भावपूर्ण नमन करता हूं। जम्मू-कश्मीर से दो विधान, दो निशान और दो प्रधान समाप्त करने के लिए श्रद्धेय डा. मुखर्जी जी अपने जीवन के अंतिम क्षणों तक संघर्षरत रहे। कश्मीर से धारा-370 हटाकर उनके स्वप्न को प्रधानमंत्री नरेंद्र के नेतृत्व में हमारी सरकार ने साकार किया है। उन्होंने लिखा, मां भारती की एकता, अखंडता और सम्मान के लिए दिया गया आपका अमर बलिदान अनंतकाल तक देशवासियों को राष्ट्रसेवा और समर्पण की प्रेरणा देता रहेगा।

## राजनाथ कल रक्षा लेखा विभाग के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को यहां रक्षा लेखा विभाग के तीन दिन के नियंत्रक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि सम्मेलन में देश की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने पर मुख्य रूप से चर्चा की जाएगी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, वित्तीय सलाहकार (रक्षा सेवाएं) एसजी दस्तीदार और रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा सहित शीर्ष सैन्य और प्रशासनिक अधिकारी सम्मेलन में उपस्थित रहेंगे। यह भारत की रक्षा वित्तीय प्रणाली के भविष्य को आकार देने में इसकी महत्ता को दर्शाता है।

# इटावा सफारी की योगी सरकार कर रही है अनदेखी: अखिलेश

**इटावा, वार्ता**



एशियाई शेरों के सबसे बड़े आशियाने के रूप में देश दुनिया में लोकप्रिय इटावा सफारी पार्क को लेकर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा है और लाइन सफारी की अनदेखी करने का आरोप योगी सरकार पर लगाया है। इटावा सफारी पार्क में 18 एशियाई शेर शावक शेरनिया, 21 लेपर्ड, 6 भालू, 6 बारह सिंघा, 250 के आसपास ब्लैक बक ओर हिरण के अलावा करीब तीन सौ से अधिक प्रजाति के पक्षी है, जो पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय ने कहा कि सरकार की सोच पर्यावरणीय नहीं है और इसीलिए इटावा सफारी पार्क के अनदेखी सरकार करने में जुटी हुई है, समाजवादी सरकार में इटावा सफारी पार्क का निर्माण किया गया है और आज तक इटावा सरकारी पार्क के विस्तारीकरण के लिए कोई बजट नहीं दिया गया है। यह सब बातें इटावा सफारी पार्क की अनदेखी की ओर इशारा करती है, उनका कहना है कि जब तक पर्यावरण सोच वाली सरकार नहीं होगी तब तक इसी तरह से पर्यावरण का नुकसान होता रहेगा। इटावा सफारी पार्क में देश का पहला ब्रीडिंग सेंटर खोला गया है, जिसमें एशियाई शेरों की पैदाइश हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट के अभाव में इटावा सफारी पार्क का विस्तारीकरण बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अखिलेश ने कहा इटावा की पहचान देश दुनिया में कभी को चंबल के कुख्यात डाकुओं के आतंक से देश दुनिया में बनी हुई थी, लेकिन आज इटावा की पहचान लाइन सफारी से बन चुकी है देश दुनिया से बड़ी संख्या में पर्यटक इटावा सफारी पार्क नियमित आने में जुटे हुए हैं। इटावा सफारी पार्क में आने वाले हर पर्यटक को एशियाई शेर हर हाल में देखने को तो मिलते ही है, इसके अलावा अन्य वन्य जीव भी पर्यटक देखकर के खासे आनंदित भी होते हैं। वैसे तो इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में अन्य वन्य जीव भी हैं, लेकिन सबसे बघ आकर्षण एशियाटिक शेर ही हैं। इन्हें देखने पर्यटक बड़ी तादाद में साल भर आते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राजधानी दिल्ली में रियायती दर पर बेचे जाएंगे टमाटर

**नई दिल्ली।** प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण टमाटर की कीमतो में हाल ही हुई वृद्धि के जवाब में, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ एनसीसीएफ ने अपने खुद के ब्रांड जनाह के तहत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए एक पहल शुरू की है।

इस पहल के तहत, सोमवार से मोबाइल वैन के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर में उपभोक्ताओं को 48 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर टमाटर बेचे जाएंगे। जनाह टमाटर के नाम से ब्रांडेड इस आपूर्ति का उद्देश्य टमाटर की बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे परिवारो पर बोझ कम करना है। यह प्रयास बाजार में हस्तक्षेप और उउपभोक्ता कल्याण के लिए एनसीसीएफ की निरंतर प्रतिबद्धता का हिसा है, यह सुनिश्चित करना कि मुद्रास्फीति तनाव के दौरान आवश्यक वस्तुएं सुलभ और सस्ती रहें। मोबाइल वैन कृषि भवन, सीजीओ काम्प्लेक्स, खान मार्किट, बाराखम्बा, कैलाश कॉलोनी, संसद मार्ग, लोधी कॉलोनी, उद्योग भवन, पटेल चौक, विज्ञान भवन, जामनगर हाउस, राजीव चौक मेट्रो स्टेशन, जोर बाग, डिफेंस कॉलोनी, आर. के. पुरम, नोएडा, लाजपत नगर, नेहरू प्लेस, ओखला फेस-1, हौज़ खास, गुडगांव, रोहिणी, द्वारका एवं दिल्ली विभिन्न स्थानों पर बिक्री की जाएगी। एनसीसीएफ की मैनेजिंग डायरेक्टर अनीस जोसेफ चंद्रा ने बताया कि ग्राहकों को सस्ता टमाटर देने की मुहिम एनसीसीएफ की है अधिकांश ऐसे ग्राहक हैं जो महंगे दामों पर टमाटर खरीदने से बचते हैं या नहीं खरीद पाते, सभी नागरिकों के लिए एनसीसीएफ ने जनाह टमाटर लॉन्च कर उपभोक्ताओं को राहत देने की कोशिश की है।

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124 वीं जयंती पर गोष्ठी आयोजित

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा ज़िला द्वारा भारतीय जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष श्रद्धेय ड्रॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती पर आयोजित भव्य गोष्ठी में बोलते हुए भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि 23 जून 1953 के दिन देश के सबसे बड़े नेताओं में से एक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रहस्यमय तरीके से मृत पाए गए थे।

जब वे जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा परमिट का विरोध करने पर हिरासत में लिए गएऔर वें स्वतंत्र भारत के पहले शहीद स्वगीर्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। उस समय जो उन्होंने संकल्प लिया था धारा 370 और 35। हटाने का वो संकल्प आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी जी ने पूरा किया। जिस तरह राष्ट्र स्वगीर्य डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी देखना चाहते थे उसी तरह हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भारत का नवनिर्माण कर रहे हैं।दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि अविभाजित बंगाल में पूर्व मंत्री और बाद में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में मंत्री रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रमुख विपक्षी नेता थे। जिनका कहना था कि और जवाहर लाल नेहरू और उनकी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति के कटु आलोचक थे। डॉ मुखर्जी, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, जो बाद में भाजपा में विक. सित हुआ, अपेक्षित रूप से जवाहरलाल नेहरू जैसे 'उदार-धर्मनिरपेक्ष' नेताओं के निशाने पर आ गए।भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जम्मू-कश्मीर के भारतीय क्षेत्र में पूर्ण एकीकरण की मांग करने वाले पहले व्यक्ति थे और उन्होंने 1950 के दशक की शुरुआत में प्रसिद्ध 'एक विधान, एक प्रधान, एक निशान' आंदोलन शुरू किया था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को दिए गए विशेष दर्जे को लेकर जवाहर लाल नेहरू सरकार के खिलाफ़ देशव्यापी अभियान चलाया था। डॉ. मुखर्जी को 11 मई 1953 को शेख अब्दुल्ला सरकार के आदेश पर पुलिस ने अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया था। एक महीने बाद, जून 1953 में श्रीनगर की जेल में नजरबंदी के दौरान इस हिंदू नेता की मृत्यु हो गई।भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 11 मई, 1953 को शेख अब्दुल्ला सरकार के आदेश पर पुलिस ने अवैध रूप से गिरफ्तार कर लिया था। एक महीने बाद, 23 जून 1953 में श्रीनगर की जेल में नजरबंदी के दौरान इस हिंदू नेता की रस्यमय परिस्थिति में मृत्यु हो गई।



# डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दौराला ब्लाक सभागार में पंडित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के निमित्त संगोष्ठी बैठक हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जिला महामंत्री हरीश चौधरी ने डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताएं रास्तों पर चलने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की और डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला और विस्तार से बताया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल, क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख अभय कुमार, रोहटा मंडल अध्यक्ष बॉबी शर्मा, संध्या त्यागी, चेयरमैन धर्मेंद्र मलिक, रवि पूनिया आदि लोग मौजूद रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन में महा रक्तदान शिविर का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आज महा रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राम मंदिर आनंद विहार में किया गया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार एक स्मार्ट ऐप लॉन्च करने जा रही हैं जिसमें रक्तदान करना और रक्त उपलब्धता की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु रक्तदान करने वालों की डायरेक्टरी जारी करेगी। जिसपर आवश्यकता अनुसार किसी भी ब्लैड ग्रुप का रक्तदान करने वालों के 3 नाम ज़रूरत मन्द को इस स्मार्ट ऐप पर मिल जायेगी। यह लाईफ सेविंग ऐप हज़ारों जानों को बचा सकेगा। में किया भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि रक्तदान महादान हैं और समाज के हर व्यक्ति को ज़रूरत मन्द के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री दिल्ली सरकार रेखा गुप्ता, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, विधायक ओमप्रकाश शर्मा, पार्षद ड्रॉ मोनिका पंत, भाजपा शाहदरा ज़िला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, संस्था के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, रामनिवास गुप्ता, सुषमा गर्ग, पूर्व पार्षद गुंजन गुप्ता, प्रियंक गुप्ता, विनोद गुप्ता, सारिका जैन आदि उपस्थित रहे। केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि रक्तदान का बहुत महत्व है। यह न केवल दूसरों के जीवन को बचाने का एक तरीका है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। रक्तदान से, आप किसी को गंभीर बीमारी, दुर्घटना, या सर्जरी के दौरान जीवन रक्षक रक्त आधान प्रदान कर सकते हैं।




# उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक ने धर्मपाल सिंह को दी सांत्वना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** रविवार की दोपहर मेरठ से बिजनौर प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह माता के देहांत होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक बिजनौर बैराज पर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह को सांत्वना दी। वह मेरठ से अपनी गाड़ी से काफिला लेकर बैराज के लिए पहुंचे।

जब पुलिस प्रशासन को पता लगा तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। थाना पुलिस ने कस्बे में सड़क किनारे लगी दुकानों एवं ठेलियों को हटवाया। कुछ घंटे के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अपने काफिले के साथ वापस मेरठ की ओर प्रस्थान कर गये। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मीरपुर होते हुए खतौली हाईवे से निकल गये। रविवार को बिजनौर निवासी भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह की माता का देहांत हो गया था। जिसका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर होना था। जब इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पता लगा तो उन्होंने फोन पर सांत्वना दी, और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बृजेश पाठक अपने काफिले के साथ मेरठ से बिजनौर बैराज पर पहुंचे। जहां पुलिस प्रशासन को पता लगा तो उन्होंने सड़क के दोनों और लगे अतिक्रमण को हटवाया। जिसमें प्रशासन के उच्चाधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद, पूर्व सांसद, प्रदेश के राज्यमंत्री, विधायक पूर्व विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके काफिले के साथ रहे।

# लावड़ के नगर पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** रविवार को कस्बे में नगर पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें चेयरपर्सन हज्जन आफताब सहित नगर पंचायत के सभासदगण और कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद किया और विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य केंद्र बिंदु पौधारोपण अभियान रहा, जिस पर विस्तार से चर्चा की गई और सभी से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की गई। कार्यक्रम में सभासदगण एवं चेयरपर्सन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण न केवल पर्यावरण को शुद्ध रखने में मदद करता है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में भी सहायक है। इस अवसर पर चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी, शाहिद इस्लाम, मनोज जाटव, आरिफ फैजी, गुड्डू, देवेंद्र, गुलफाम, बिलाल आदि मौजूद रहे।

## श्रीशिव दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** मेरठ पौड़ी मार्ग स्थित निकट बस स्टैंड बहसूमा में श्रीशिव दुर्गा मंदिर की 20 वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें भंडारे से पहले मंदिर परिसर में मंदिर के पदाधिकारियों ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें मंत्रोच्चार करते हुए हवन में आहुति दी। बताते चले कि श्रीशिव दुर्गा उपासक मंदिर समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर की स्थापना दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन करती आ रही है। जिसमें सर्वप्रथम यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर अपने परिवार की लंबी आयु की कामना करते हुए मन्नते मांगी। उसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# करोड़ों के किसान लाभांश में गन्ना विभाग के अफसरों का डाका

**किसान व आरटीआई कार्यकर्ता ने शासन से शिकायत कर अपर गन्ना आयुक्त समितियों पर लगाए गंभीर आरोप, शिकायत पर कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**मवाना।** पश्चिमी परिक्षेत्रों की गन्ना समितियों में जमा किसान लाभांश के करोड़ों रुपयों की बंदबांट करने में गन्ना विभाग के अफसर जी जान से जुटे हैं। लखनऊ स्तर के अधिकारियों के निर्देश पर समिति और जिला स्तर के अधिकारी अलग-अलग रास्तों से किसान लाभांश का गबन कर अपनी जेबें भर रहे हैं। शिकायतों के बावजूद तमाम जांचों को ठंडे बस्ते में डालकर योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का मजाक बनाने में गन्ना विभाग के अधिकारी अव्वल नजर आ रहे हैं। ताजा मामले में किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता ने पूरे खेल का जिम्मेदार अपर गन्ना आयुक्त समितियां लखनऊ को ठहराते हुए शासन से शिकायत की है। शिकायकर्ता ने कार्रवाई के साथ-साथ किसान लाभांश के गबन की पूर्ति दोषी अफसरों की रिकवरी से कराने की मांग की है।

## करोड़ों के घोटाले उजागर, रिकवरी शून्य

हस्तिनापुर निवासी किसान एवं आरटीआई कार्यकर्ता सुरेश कुमार पिछले कई सालों से गन्ना विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे हैं। सुरेश कुमार ने बताया कि मेरठ गन्ना समिति में 15 लाख, मेरठ की मलियाना परिषद में लगभग 12 करोड़, मवाना समिति में लगभग 24 लाख, जनपद अमरोहा में साढ़े सात करोड़, हापुड़ में 8 करोड़, जनपद शामली आदि कई जनपदों में करोड़ों का घोटाला उजागर हो चुका है। समिति में यह घोटाले की रकम समितियों में जमा किसान लाभांश से निकाली गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि सभी मामलों में रिकवरी के नाम पर महज खानापूर्ति की गई। शिकायकर्ता ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा की गई कई शिकायतों की जांचों को मांग के विप. रीत अपर गन्ना आयुक्त समितियां लखनऊ ने अपने अनुसार कई-कई बार कराने के बाद लंबित रख दिया गया। जबकि सभी घोटालों और फर्जी नियुक्तियों व भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के संबंध में उनके पास पर्याप्त साक्ष्य हैं।

## योजना के तहत चार साल तक नहीं कराए चुनाव...

किसान सुरेश कुमार ने बताया कि समितियों में किसान लाभांश का करोड़ों रुपया जमा है। इसकी बंदरबांट करने के लिए पूरी योजनाबद्ध तरीके से




वर्ष 2020 से अक्टूबर 2024 प्रबंध समिति के चुनाव नहीं होने दिए गए। आरोप है कि अपर गन्ना आयुक्त समितियां ने इन चार सालों के बीच अपने चहेते समिति सचिवों से भवन निर्माण, फॉर्म मशीनरी गोदाम, एक्सपायरी बीएस-4 ट्रैक्टर/कृषि यंत्र खरीद, समिति भवनों में मेंटीनेंस आदि के नाम पर करोड़ों रुपए की वित्तीय धांधली कराकर किसान लाभांश से विभिन्न स्रोतों से करोड़ों रुपए का गबन कराया।

## वित्त नियंत्रक से जांच कराने की मांग

किसान सुरेश कुमार ने शासन को पत्र लिखकर घोटालों की जांच वित्त नियंत्रक से कराने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने दोषी अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व गबन की धनराशि की रिकवरी उन्हीं अधिकारियों से कराने की मांग भी की। उधर, इस मामले में जब अपर गन्ना आयुक्त समितियां से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# अलविदा या हुसैन की सदाएं हुई बुलंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** 10 मोहर्रम को नबी के नवासे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों के साथ कर्बला में शहीद कर दिया गया। जिसके शोक में ग्राम ईसापुर में कर्बला के 72 शहीदों का शोक मनाया गया, और सीना जानी जंजीर का मातम कर सोगवार ने खिराजे अकीदत पेश किया, और इस मौके पर प्रधान जफर हुसैन के घर पर मजलिस का एहतमाम किया गया। जिसमें मौलाना अली जनाब मोहम्मद काजिम साहब ने खिताब फरमाया इसके बाद इंतजार हुसैन के इमामबाड़े में मजलिस का एहतमाम किया गया। जिसमें मौलाना जमालुद्दीन कासमी साहब ने खिताब फरमाया उसके बाद नसीम हैदर सब के इमामबाड़े में मजलिस का एहतमाम किया गया। उसमें मौलाना ने खिताब फरमाया और उसके बाद नसीम हैदर सब के इमामबाड़ा से ताजिया जुलूस बरामद हुआ। जिसमें सोगवारों ने सीना जानी व जंजीर जनी करते हुए कर्बला तक ताजिए को ले गए और कर्बला में ताजिए को सुपुर्द खाक किया। अलविदा या हुसैन अलविदा या हुसैन कि सदा बुलंद की। वहीं कस्बा



किठौर में हर साल की तरह इस बार भी जुबैर उर्फ लादेन के नेतृत्व में अखाड़ा निकाला गया। खिलाड़ियों ने विभिन्न करतब प्रस्तुत किए। तलवारबाजी, लाठी चलाना, अग्नि प्रदर्शन, हिलाल घुमाना और मानव पिरामिड बनाए गए। इन करतबों को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। थाना पुलिस ने सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। जगह-जगह सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। पुलिस बल लगातार गश्त करते रहे। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा गया। कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया। इससे आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश पूरे क्षेत्र में फैला।

# बातनौर में जुलूस ए इमाम हुसैन हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** हर साल की तरह इस साल भी ग्राम बातनौर में मोहर्रम की 10 तारीख को मजलिस का आयोजन हुआ। मजलिस को खिताब मोलाना किरताज नकवी ने किया। नोहाखवानी शाहम अब्बास, मीसम ने की सोगवारो ने जंजीर का मातम किया व जुलजनाह बरामद हुआ। सौगवारो ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस इमाम बारगाह से होते हुए कर्बला पहुंचा वहां पर ताजिया दफन हुआ। इस मौके पर सैय्यद रेहानुद्दीन, नायब हुसैन, शहंशाह जफर, अली मसूद, शाकिर अब्बास, इमरान सैफी, हसन अली, कमर अब्बास, बाकिर नकवी, अहमद नकवी, कौसर नकवी आदि लोग मौजूद रहे।





इमाम हुसैन की याद में अब्दुल्लापुर में मातम करते सोगवार।

# अब्दुल्लापुर में सोगवारों ने जंजीरों से किया मातम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 10 मोहर्रम को आशूर कहा जाता है। इस दिन हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को कर्बला की जंग में शहीद कर दिया गया था जिसके चलते 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन का गम मनाया जाता है। अब्दुल्लापुर में 10 मोहर्रम को बड़ा ताजिया इमामबाड़ा असगर हुसैन से बरामद हुआ और मोहल्ला घड़ी में जाकर पहुंचा। उसके बाद जुलूस मोहल्ला घड़ी से शुरू होकर छिलोरा मार्ग होता हुआ किला रोड पहुंचा और वहां से हुसैनी चौक पहुंचा। एक जुलूस ए जुल्जना और अलम मोहल्ला कोट शाकिर महल से बरामद हुआ और हुसैनी चौक पहुंचा। ताजिए का जुलूस और जुल्जना का जुलूस दोनों एक साथ हुसैनी चौक से होकर कर्बला पहुंचे और ताजिए को दफन किया। जुलूस में मोहम्मद अब्बास, रोशन अब्बास, जामिन, मिसम नकवी, अम्मार ए यासिर, मेहंदी ने नोहे पड़े और हुसैनी चौक पर मौलाना की तकरीर हुई उसके बाद सौगवारों ने जंजीर का मातम किया और अपने आप को लहूलुहान किया। जुलूस में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात किया गया। जगह-जगह पर पुलिस का पहरा रहा। जुलूस में आरएएफ फोर्स भी तैनात रही। वहीं शिया समाज आशूर के दिन फाका रखते हैं और कर्बला में ताजिए दफन करने के बाद सब अपना अपना फाका खोलते हैं। वहीं रात्रि में एक मजलिस शाम ए गरीबा की इमामबारगाह कोट में हुई जुलूस में रजाकार कमेटी ओर मैनेजमेंट कमेटी का अहम सहयोग रहा जिसमें सरफराज अली, रजा अहमद, नादिर, मंसूर, रहबर अली मोहम्मद आमिर, फैजी, शाकिर जैदी शालू, जैगम अली, नायब अली, हिलाल नकवी, मोहल्ला जवाद, अली हुसैन, कुमैल नकवी, हानि हमजा आदि लोगों का जुलूस में सहयोग रहा।

## महापुरूषों की जयंती एकजुट होकर मनानी चाहिएः अतुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना स्थित विधायक के आवास पर सरधना के विभिन्न गांवों के प्रजापति समाज के लोगों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयेजित की गई। जिसमें महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें निर्णय लिया गया है कि 10 जुलाई को महाराज दक्ष प्रजापति जी की जंयती को सरधना विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव एवं कस्बे में भव्य और गरिमापूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। कार्यक्रमों में महाराजा के चित्र पूजन, भजन कीर्तन, सभा, प्रसाद वितरण एवं समाज को जागरूक करने वाले सांस्कृतिक आयोजन शामिल रहेंगे।

सरधना विधायक अतुल प्रधान ने बताया है कि महापुरूषों का सम्मान समाज की आत्मा को जाग्रत करता है।

उत्तर प्रदेश पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन लि०
विद्युत पारेषण खण्ड-मुरादनगर
पत्रांक-701/वि०पा०ख०मु०, दिनांक-03.07.2025
ई-निविदा सूचना, दिनांक 03.07.2025
निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण
ई-निविदा संख्या-टी-08/वि०पा०ख०मु०/2025-26:- विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर के अन्तर्गत 220 केवी एवं 132 केवी उपकेन्द्रों पर सामग्री की आपूर्ति। निविदा प्रपत्र शुल्क- रू0 590.00 एवं धरोहर राशि रू0 2000.00 मात्र। ई-निविदा की अन्तिम तिथि 17.7.2025 समय: 15:00 बजे विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट htt//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेत्तर समस्त सूचनाएं वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।
अधिशासी अभियंता
विद्युत पारेषण खण्ड मुरादनगर।
राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें
मोबाईल-7253888445

# विधानसभा में उठाएंगे पेंट खोलने का मुद्दा : पंकज मलिक

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** समाजवादी पार्टी खतौली के नगर अध्यक्ष हाजी वसीम सिद्दीकी के आवास पर पहुंचे चरथावल विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक पंकज मलिक का जोरदार स्वागत किया गया। सपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। विधायक पंकज मलिक ने नगर अध्यक्ष हाजी वसीम से खतौली में संगठन और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर आवश्यक चर्चा कीबैठक में नए वोटरों को जोड़ने और संगठन को धार देने पर जोर दिया गया साथ ही पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई। विधायक पंकज मलिक ने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर पार्टी की पकड़ मजबूत करने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा तभी 2027 में पूर्ण बहुमत से सपा सरकार बनेगी ।जहां वली मंसूरी, सोनू फरीदी सभासद, असलम सिद्दीकी, फईम सिद्दीकी, अभिषेक गोयल एडवोकेट, कफील सिद्दीकी, अभिषेक जैन, गुफरान अंसारी, शब्बू मंसूरी आदि उपस्थित रहे। वही चरथावल से समाजवादी पार्टी के विधायक पंकज मलिक ने रविवार को खतौली में एक निजी कार्यक्रम के दौरान बड़ा बयान देते हुए हाल ही में सामने आए ह्कर्मचारियों के पैंट उतरवार्नी की घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस घटना को निंदनीय और असंवैधानिक बताते हुए कहा कि ह्किसी को भी पैंट खोलने का अधिकार नहीं है। यह एक तरह का अत्याचार है। संविधान ने हर नागरिक को समानता का अधिकार दिया है, और इस प्रकार की घटनाएं उस अधिकार का सीधा उल्लंघन हैं।

### ऐसी घटनाओं पर लगे रोक

विधायक पंकज मलिक ने कहा कि वह इस गंभीर प्रकरण को विधानसभा में भी उठाएंगे ताकि दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके। उन्होंने कहा, हसरकार की जिम्मेदारी है कि वह किसी की पहचान करे, न कि किसी संगठन, व्यक्ति या दल की। पहचान के नाम पर किसी का अपमान करना पूरी तरह अनुचित है। यह एक बेहद शर्मनाक और अमानवीय कृत्य हैाी

### सबके लिए समान कानून की बात

पंकज मलिक ने स्पष्ट कहा कि ह्कानून तोड़ने वाला चाहे वह पंकज मलिक हो, याकूब हो या फिर खुद कोई अध्यक्ष क्यों न हो, कार्यवाही बराबर होनी चाहिए। कानून सबके लिए एक जैसा होना चाहिए। अगर कोई भी व्यक्ति संविधान और कानून के खिलाफ कार्य करता है, तो उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

### सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील

उन्होंने सरकार को चेताया कि कोई भी निर्णय लेने से पहले यह जरूर सोचे कि ष्क्या उससे समाज में सांप्रदायिकता फैलेगी? उन्होंने कहा कि प्रशासन और सरकार को ऐसे मामलों में संवेदनशीलता और विवेक के साथ काम करना चाहिए। पंकज मलिक ने कहा कि समाज को बांटने वाली हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देना होगा।

### निजी कार्यक्रम में पहुंचे थे खतौली

विधायक पंकज मलिक रविवार को खतौली में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय सपा कार्यकर्ता और समाज के लोग भी मौजूद रहे।



# मूसलाधार बारिश ने खोली पालिका की पोल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रविवार को हुई मूसलधार बारिश ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। महज कुछ घंटों की बरसात से ही खतौली कस्बा जलमग्न हो गया। नगर की मुख्य सड़कें हों या गली-मोहल्ले, हर जगह पानी ही पानी भर गया। जीटी रोड से लेकर मुख्य बाजार, मोहल्ला इस्लामनगर, सैनी नगर, रेलवे रोड, होली चौक, बुढाना मार्ग, जीटी रोड समेत तमाम इलाके टापू बन गए। जलभराव के कारण नगरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बारिश के चलते जलभराव में डूबे नाले और गलियों की स्थिति ऐसी रही कि कई वाहन चालक और राहगीर नाले में गिरकर घायल हो गए। वहीं, जलभराव के बीच जाम की स्थिति ने भी लोगों को बुरी तरह बेहाल कर दिया। नगर की प्रमुख सड़कों पर घंटों तक वाहन रेंग-रेंग कर चलते रहे। खतौली में बारिश ने एक बार फिर नगर पालिका की व्यवस्था की पोल खोल दी है। नालों की सफाई के नाम पर हर साल लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत हर बार की तरह इस बार भी नारकीय हालात बयां कर रही है। अगर समय रहते प्रशासन नहीं जागा, तो आने वाले दिनों में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

### लोगों के घरों में घुसा पालिका के नालों का गंदा पानी

नगर पालिका ने महज एक माह पहले ही नालों की सफाई का टेंडर छोड़ा था और दावा किया गया था कि सभी मुख्य व अंदरूनी नालों की सफाई पूरी कर दी गई है। बावजूद इसके, बरसात के दौरान नगर में जलनिकासी का कोई इंतजाम नहीं दिखा। जगह-जगह नालों का गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। कई स्थानों पर यह पानी घरों और दुकानों में घुस गया जिससे व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को भारी नुकसान हुआ। बारिश के बाद नगर की स्थिति ऐसी हो गई कि कई मोहल्लों में लोग घरों से निकल ही नहीं सके। बाजारों में दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर पानी निकालने में जुटे रहे। लोगों के घरों में भी नाले का गंदा पानी घुस गया।

### वाहन चालकों को हुई परेशानी

जीटी रोड पर जलभराव के कारण भारी जाम की स्थिति बन गई। ऑफिस कर्मचारियों व मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नाले पानी से ओवर" लो होने के कारण कई वाहन चालक इन में गिरते रहे। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन को कोसते हुए कहा कि बरसात से पहले पूरी तरह से सफाई का दावा सिर्फ कागजों तक सीमित रहा।

### जनता में रोष, प्रशासन पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पूरी तैयारी के दावे किए गए थे, तो फिर नगर की यह स्थिति क्यों हुई? नगर के कई हिस्सों में बारिश थमने के घंटेभर बाद भी पानी निकासी का कोई इंतजाम नहीं दिखा। लोगों ने मांग की कि पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और नगर में स्थायी जलनिकासी की योजना बनाई जाए।

# बुढ़ाना क्षेत्र का मित्तल कोचिंग सेंटर पूरी तरह से है अनोखा

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां में स्थित मित्तल कोचिंग सेंटर के औनर मयंक मित्तल बुढ़ाना क्षेत्र के नौवीं और दसवीं कक्षा के डेढ़ सौ से भी अधिक छात्र छात्राओं को हर साल कुल एक रुपये की फीस लेकर निस्वार्थ जी जान से पढाकर उनका भविष्य संवारने में लगे हैं। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों शोरों पर है। यही नहीं इस सैंटर में पढ़ने वाले उन छात्र छात्राओं से कोई भी फीस नहीं ली जा रही है जिनके माता पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। यहां पर जाति धर्म से भी ऊपर उठकर हर वर्ग के छात्र छात्राओं को फी पढ़ाने का काम मयंक मित्तल के द्वारा रोजाना किया जा रहा है। इस बारे में जब मयंक मित्तल से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि मेरी माता अंजू मित्तल ओर पिता रमेश मित्तल ने मुझे ये संस्कार दिए हैं और कहा है कि हमेशा उन लोगों के साथ खड़े होना जिनका कोई सहारा नही है।

जो बच्चे पैसे के अभाव में शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं वे बच्चे शिक्षा से बिल्कुल भी वंछित नहीं रहने चाहिएं। वहीं आज रविवार को इन बच्चों का हौसला बढाने के लिए एक कार्यक्रम बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना मे रखा गया। जिसमें मित्तल कोचिंग सेंटर के संस्थापक मिस्टर मयंक मित्तल और उनके द्वारा पढ़ाए जा रहे छात्र संदीप, देव मलिक ओर अन्य छात्र भी उपस्थित रहे। श्री मित्तल ने बताया कि कक्षा नौ और



कक्षा दस के स्टूडेंट्स से वे पूरे साल की साइंस की फीस मात्र एक रुपया ही लेते हैं। मित्तल कोचिंग सेंटर विगत 7 वर्षों से गांव हुसैनपुर कलां और आसपास के बच्चों को शिक्षा देने का काम कर रहा है। हमारे यहां बच्चो का रिजल्ट 95 प्रतिशत रहता है। गांव हुसैनपुर कलां मेरा गाँव ही नहीं मेरा परिवार भी है। आज मैं जो कुछ भी हूं वो अपने माता पिता, भाई रजत मित्तल ओर बहन नेहा मित्तल की वजह से हूं। कुल मिलाकर मित्तल कोचिंग सेंटर आजकल शिक्षा क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में जोरों शोरों पर है।

# बेलड़ा में मुख्य मार्गों से निकला ताजियों का मातमी जुलूस

**भोपा।** मोहर्रम की 10 तारीख को बेलडा मे शिया सोगवारों ने खूनी मातम कर जुलूस निकाला जुलूस इमाम बारगाह शब्बीर हुसैन से बरामद होकर मुख्य मार्गो से होता हुआ करबला मे पहुंचा जहां ताजिये दफन किये गये।

नजर चौक पर वरिष्ठ अधिवक्ता नासिर अली ने अपनी तकरीर मे कहा की हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी का संदेश था कि इन्सानियत को बचाना सबसे बडा धर्म है। हजरत इमाम हुसैन ने इन्सानियत को बचाने के लिए अपने परिवार को खुदा की राह मे कुरबान कर दिया ओर फिर अपना सर कटाकर इन्सानियत को बचा लिया।

इमाम हुसैन तीन दिन के भूखे



प्यासे पापी यजीद के लश्कर मे घिर गये तो आखिर वक्त मे फरमाया तुम मेरा रास्ता छोड दो मुझे हिन्दुस्तान जाने दो कितनी पवित्र हे सर जमीन हिन्दुस्तान जहां पर आने की तमन्ना मोहम्मद साहब के नवासे ने की खुशनसीब हैं वो लोग जो सरजमीने हिन्दुस्तान मे रहते है ।

जुलूस मे डॉ. हाशिम रजा जैदी, मुमताज अली, शाहिद आलम जैदी, अफरोज जैदी, अमजद एडवोकेट, इरम अली, फिरोज एडवोकेट, मेहदी असगर, इसरार, आजम अली, गुलाम अब्बास, नफसर अली, फिदा हुसैन,तोहीद हुसैन, जेनुल, मुन्तजिर, जमाल जैदी, जीशान, मौहम्मद अब्बास, रहीम अब्बास प्रधान भोपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### पालिका क्षेत्र में रोपित होंगे 10 हजार पौधे : मीनाक्षी

**मुजफ्फरनगर।** रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा वृक्षारोपण की तैयारियों को लेकर की गई वर्चुअल मीटिंग में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, ईओ डा. प्रज्ञा सिंह और सभासदों ने प्रतिभाग किया। मीटिंग में नौ जुलाई से शुरू होने जा रहे वृक्षारोपण अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए गए है। नगर पालिका के द्वारा शहरी क्षेत्र में दस हजार पेड पौधे लगाए जाएगे। इसके लिए नगर पालिका ने तैयारियां शुरू कर दी है। नौ जुलाई को कम्पनी बाग से इस अभियान की शुरूआत की जाएगी। चेयरपर्सन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए सभी को एक पेड़ मां के नाम लगाने का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि ये वृक्षारोपण अभियान सरकार का पर्यावरण संरक्षण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम का आह्वान करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा के लिए लोगों में एक भावनात्मक प्रेरणा जागृत की है। हम सभी पीएम मोदी और सीएम योगी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान में पालिका को शहरी क्षेत्र में 9932 पेड़ लगाने का लक्ष्य शासन से आवंटित हुआ है।इसके लिए पौधे भी प्राप्त हो चुके है। पालिका ने इनका रोपण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाकर 24 स्थान चिन्हित किये हैं। इनमें वेदांता, वैशाली, वसुन्धरा, सुरेन्द्रनगर जैसी पॉश कालोनियों के साथ ही किदवईनगर एसटीपी प्लांट, नगरपालिका कन्या इंटर कॉलेज, भोपा रोड और एटूजेड रोड डिवाईडर, कच्ची सड़क व रुड़की रोड डिवाईडर, कांशीराम कालोनी सरकूलर रोड व खान्जापुर कालानी, जनकपुरी श्मशान घाट, वहलना, सुभाषनगर, कूकड़ा, ख्रष्णापुरी, नई मंडी स्थल, प्रेमपुरी गांधी पार्क आदि शामिल हैं। कुछ स्थानों पर वृक्षारोपण का काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन नौ जुलाई को वृक्षारोपण के लिए कमला नेहरू वाटिका कम्पनी गार्डन से पर्यावरण संरक्षण का वृहद अभियान शुरू होगा। मीटिंग में सभासद कुसुमलता पाल, ममता बालियान, रितु त्यागी, बबीता उर्फ बॉबी सिंह, मनोज वर्मा, देवेश कौशिक, नवनीत गुप्ता, शौकत अंसारी, प्रशांत गौतम, अमित पटपटिया, रजत धीमान, योगेश मित्तल, नौशाद पहलवान,अन्नू कुरैशी, रविकांत काका, शहजाद चीकू, विजय चिंटू, हसीब राणा, शोभित गुप्ता, सलेक चंद, आईटी प्रियेश कुमार आदि मौजूद रहे

# इमाम हुसैन की याद में निकला सोग़वारों का ताजिया जुलूस

**चरथावल।** कस्बे में रविवार को शिया सोगवारो ने तिरंगे झंडे के साथ 10 वे मुहर्रम का मातमी जुलूस निकालते हुए इमाम हुसैन को याद कर अपने आप को छुरियों से लहूलुहान किया।सुरक्षा की दृष्टि से चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ ताजिया जुलूस में मौजूद रहे।वही चरथावल चौयरमैन मास्टर इस्लाम भी अपनी टीम के साथ ताजिया जुलूस में शामिल हुए।

चरथावल कस्बे में 10 वे मोहर्रम पर शिया सोगवारो के मातमी जुलूस में तकरीर करते हुए मौलाना सत्तार नकवी ने फरमाया की इस्लाम को मौहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन ने अपना व 72 शहीदों की कुर्बानी देकर बचाया था जिसकी याद में शिया मोहर्रम मनाते है।अंजुमन फौजे हुसैनी के द्वारा मुहर्रम का मातमी जुलूस निकाला गया।मातमी जुलूस उर्दू केलेण्डर के मोहर्रम महीने की 10 तारीख को निकाला जाता है



जुलूस इमाम बाडा स्थित बारगाह से शुरू हुआ।बाजार कलां व तकिया वाली मस्जिद से होते हुये करबला पहुँचा इसके पहले शिवचौक पर शिया सोगवारों ने हज़रत इमाम हुसैन को याद करते हुए घंटों खूनी मातम करते हुए अपने आप को लहूलुहान किया।शिया सोगवार ज़ंजीर,ब्लेडों से मातम कर रहे थे खूनी मातम को देखकर लोगो के हलक सुख गये जुलूस के दौरान कर्बला में ताजिये भी दफन किये गए। सुरक्षा की दृष्टि से चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह भारी पुलिस बल के साथ ताजिया जुलूस में मौजूद रहे।

# भाकियू संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस पर बुजुर्गों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव टंढेडा में स्थित विधालय प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा के एक वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेश व जनपद के पदाधिकारियों ने विचार प्रकट करते हुए किसान मजदूर के अधिकारो के लिए संघर्ष की शपथ ली। कार्यक्रम में पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यद्रियों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा में रविवार को भाकियू संघर्ष मोर्चा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अखिल भारतीय लव वंशीय लोर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. सुरेंद्र सिंह ने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों ने मेहनत कर संगठन को मजबूत बनाने का काम किया है। आज देश को जाति धर्म में बांटकर राजनीति करने का काम किया जा रहा है । हिन्दू मुस्लिम सभी को एक साथ मिलकर किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। छात्र संघ अध्यक्ष यूनिवर्सिटी दिल्ली के रौनक खत्री ने कहा कि आज के युग में अपनी लड़ाई स्वयंही लड़नी होगी। सभी को अब एक नारा लगा कर चलना है जय जवान जय किसान जय छात्र। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने कहा कि संगठन भारत के छ: राज्यों में खड़ा किया जा चुका है। टंढेडा गांव की भूमि पर पहला स्थापना दिवस मनाया गया है सितंबर माह में हरिद्वार से लेकर दिल्ली बॉर्डर



तक हजारों की संख्या में संगठन कार्यकर्ता पैदल यात्रा कर किसानों की लड़ाई लडने का काम करेगे कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी यशपाल सिंह ने तथा संचालन प्रमोद तंवर व बिजेंद्र उपाध्याय ने किया।इस दौरान देवेंद्र सिंह,निक्की चौधरी, पीयूष मलिक, रणधीर सिंह राजस्थान, अतरसिंह सोनीपत, मंजू शामली,जशवीर खत्री,मोनु पवार मेरठ, कपिल प्रधान,, जसवंत सिंह, अतरसिंह सोनीपत,साजिद अली, अनुज पहलवान, नवीन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को करेंगे पूरा : ठा. रामनाथ

**मोरना।** मोरना मे शुकतीर्थ मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम मे जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गयी। जिसमें उनके चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। साथ ही शुकतीर्थ मंडल की नई कार्यकारिणी का परिचय एवं सम्मान किया गया।

कार्यक्रम मे मुख्य अथिति ठाकुर रामनाथ सभापति कॉपरेटिव बैंक ने कहा की श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रवाद को समर्पित था। सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और विकास उनकी पहली प्राथमिकता मे रहे। आज राष्ट्रवाद की भावना के साथ देश के प्रधानमंत्री ब्विव मे भारत की पहचान स्थापित कर रहे हैं।मंडल प्रभारी जोगेन्द्र वर्मा ने कहा की देश के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे आज देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। धरती से लेकर आकाश तक आज देश की पहचान मज़बूत रूप मे बनी है।देश की वाहय व आंतरिक सुरक्षा आज मजबूत स्थिति मे है।मंडल अध्यक्ष अरुणपाल ने कहा की भारत की प्राचीन गौरवशाली संस्कृति व विरासत का संरक्षण का कार्य भाजपा सरकार कर रही है। प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवाद की भावना को लेकर एकजुटता के साथ कार्य करे।कार्यक्रम का संचालन रामकुमार शर्मा जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य पंकज महेश्वरी, चौ.ब्रजवीर सिंह किसान मोर्चा, रविंद्र वाल्मीकि अनुसूचित जाति मोर्चा, अनुज गोयल, महेंद्र चौहान,अजय कृष्ण शास्त्री, अश्वनी सहरावत, वीरेंद्र चौहान, राजकुमारी, डॉ.अनिल प्रजापति, कंवरपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# बघरा में मातमी जुलूस निकाल फूट-फूट कर रोये सोगवार

**बघरा।** शिया सोगवारो ने 10 मोहरम को इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकाला आज की मजलिस मौलाना उरुज़ अली ने खि़ताब फ़रमाया इस के बाद जुलजना और अलम ए मुबारक बरामद हुआ ये अपने रीवायती रास्ते से होते हुए दरगाह ए आलिया बाबुल हवाईज पंहुचा

मौलाना शरर नक्वी ने अपनी तकरीर मे आज के दिन प्रधानमंत्री जी का मैसेज भी टूटर से पढ़कर बताया की हुसैन ने सिर्फ 72 लोगो के साथ क्र्बला मे शहीद कर दिया गया आज का दिन आतंकवाद के खि़लाफ है। मौलाना उरुज़ मेहंदी ने अपनी तकरीर मे कहाँ की हम अपने हिंदुस्तान मे खुली सांस ले सकते है हम खुल कर आज़दारी कर सकते है भारत हर शिया के



दिल मे बस्ता है ज़ीशान अली ने बताया की यह जुलूस दरगाह बनने से पहले 1880 से ही निकलता आरहा है बघरा मे आज हमारे पास दरगाह है जो शांति का पैगाम देती है।

# शिया सोगवारों ने सीनाजनी करते हुए किया खूनी मातम

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** कस्बे में आज हजरत इमाम हुसैन एवं कर्बला के 72शहीदों की याद में गढी वाली मस्जिद से मोहर्रम का जुलूस प्रारंभ किया। और कस्बे के मेंन बाजार दरबार मोहल्ला नकालान अंसारियां से होते हुए कर्बला पर जाकर संपन्न हुआ। इस दौरान शाहपुर में शिया सोगवारो ने मातम पुर्सी की तथा मजलिस का आयोजन किया।शियाओं ने अपने घरों में ताजिये स्थापित कर बेहद सूक्ष्म आयोजन में रविवार देर शाम कर्बला में ताजिए दफन किए। इस दौरान शिया सोगवार फूट-फूटकर रोए और उन्होंने खूनी मातम भी किया। मोहर्रम का महीना इस्लामी वर्ष का पहला महीना माना जाता है इस्लाम के 4 पवित्र महीनों में इसे शुमार किया गया है मोहर्रम के चांद की 10 तारीख को आशूरा कहा जाता है वैसे तो शाहपुर में प्रत्येक वर्ष शिया समुदाय द्वारा बड़े पैमाने पर मोहर्रम के दिन शोक मनाया जाता है अलम एवं ताजिए निकालकर मातम पुरसी एवं नौहा ख्वानी की जाती है लेकिन मोहर्रम के जुलूस पर आज मोहर्रम की 10 तारीख को इमामबाड़े में शिया सोगवारो ने सीनाजनी करते हुए खूनी मातम किया।

इस दौरान मजलिस का आयोजन भी किया गया, देश के मशहूर कव्वाल एवं शाहपुर के निवासी चांद कादरी भी मोहर्रम पर आए उन्होंने शाह टाइम्स संवाददाता को बताया कि मोहर्रम पर उन्होंने नौहा ख्वानी करते हुए कहा कि, असगर तुझे मैं झूला झुलाऊंगी सारी



रात, बेटा तुझे मैं लोरी सुनाउगी सारी रात। हाय हुसैन की सदाओ के बीच रविवार देर रात ताजिये कर्बला में दफन किए गए। इस दौरान कस्बे के मेंन बाजार में स्थित मशहूर प्रिंस मेडिकल स्टोर पर केवडा एवं गुलाब जल का शोगवारो पर छिड़काव किया तथा ठंडे पानी की सबील लगाई, वही युवा समाजसेवी सोनू मलिक, युवा समाजसेवी शाकिर मलिक, युवा समाजसेवी राशिद मलिक, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, गोविंद वर्मा, रहीम सैय्यद, नावेद सैय्यद, फाजिल सैय्यद, सेफू सैय्यद, वाजिद सैय्यद, फिरोज सैय्यद, तालिब सैय्यद, मोहम्मद सायन, ने ठंडे पेय पदार्थो का वितरण किया। वही सुरक्षा की ख्रष्टि से शाहपुर थाना प्रभारी जय सिंह भाटी भारी पुलिस बल के साथ निरंतर गश्त पर रहे, तथा सरकार के दिशा निर्देशों का पालन कराया। चांद कादरी के अलावा अफजाल चिश्ती, वसी अली, खुर्शीद अली, जुम्मा लताफत अली, सरताज हुसैन, असलम दरबार, अमानत हुसैन, अली अब्बास, नईम आबास, जमाल हुसैन, नाजीर हुसैन, मोहम्मद आजम आदि का योगदान रहा।

## गांव लड़वा में आशूरा की मजलिस अदा, मौलाना महमूद सुल्तानपुरी ने किया खिताब

**मुज़फ्फरनगर।** गांव लड़वा में आज 10 मोहर्रम, आशूरा के मौके पर गम-ए-हुसैन की मजलिस का अज़ीम ओ शान एहतेमाम किया गया। मजलिस को मौलाना महमूद सुल्तानपुरी साहब ने खिताब फरमाया। उन्होंने कर्बला की जंग और हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानी पर रोशनी डालते हुए कहा कि कर्बला सिर्फ शहादत की दास्तान नहीं, बल्कि इंसाफ, हिम्मत और हक़ की आवाज़ है।

मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने ज़ालिम हुकूमत के सामने झुकने के बजाय दीन की हिफ़ाजत के लिए अपनी जान और अपने अहलेबैत की कुर्बानी दी। उनकी ये कुर्बानी ता-क़यामत इंसानियत के लिए रौशनी का चिराग़ बनी रहेगी। मजलिस के बाद परंपरागत जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंद शरीक हुए। जुलूस पुरअम्न और अकीदत के साथ गांव की गलियों से होता हुआ कर्बला तक पहुंचा।शाम के वक्त ताजिया को पूरे एहतेराम और गमगीन माहौल में गांव के कर्बला में दफ़न किया गया। आशूरा के पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाकचौबंद रही। गांव और कर्बला क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे अमन और शांति का माहौल कायम रहा। इस मौके पर इरशाद अहमद, शाहआलम, क़मरअली, राशिद साहब, काशिफ़, हुसैन अली, आसिफ़ अली समेत कई सरगर्म अफ़राद मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और मुहब्बत के माहौल में सम्पन्न हुआ।

### सम्बन्ध विच्छेद

मेरा पुत्र समीर मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड गया है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने समीर से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र समीर को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद समीर के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। अपने कृत्य व लेन-देन के लिए समीर स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ.फरमान पुत्र हफीजुल्ला**
**निवासी ग्राम मलपुरा पटौली,**
**भोपा थाना भोपा**
**जिला-मुजफ्फरनगर हाल**
**निवासी निकट रोड वाली मस्जिद**
**अहमदनगर कूकडा,**
**थाना नई मंडी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से चाचा-भतीजे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मेरठ-बड़ौत मार्ग पर सरूरपुर थाना क्षेत्र में खिवाई मोड़ के पास शनिवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक पर सवार बिनौली के कबाड़ कारोबारी शकील 36वर्षीय और उसके भतीजे सैफ 10वर्षीय की मौत हो गई, जबकि दो भतीजे शिफान और अमन घायल हैं। उनका मेरठ के अस्पताल में उपचार कराया गया।





बिनौली निवासी शकील मेरठ की जाकिर कॉलोनी में रहकर कबाड़ का व्यापार करता था। शकील के बड़े भाई इंतजार के बेटे समीर की शादी नौ जुलाई को होनी है। शादी में शामिल होने के लिए शुक्रवार रात शकील अपने भाई साजिद के बेटे सैफ, शिफान और इंतजार के बेटे अमन को बाइक पर लेकर आ रहा था। जब वे मेरठ-बड़ौत मार्ग पर खिवाई मोड़ पर पहुंचे तो किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में शकील और सैफ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। शिफान घायल होते ही लापता हो गया। राहगीरों ने सरूरपुर पुलिस को हादसे की जानकारी दी। वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने मृतक के परिवार वालों को घटनास्थल पर बुलाया और घायल अमन का सरूरपुर सीएचसी में उपचार कराया। परिवार के सदस्य दोनों शवों के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। करीब तीन घंटे बाद परिजनों ने शिफान की तलाश शुरू की और सरूरपुर थाना पुलिस को बताया। इसके बाद घायल शिफान सीएचसी सरूरपुर में बैठा हुआ मिला। शकील के बड़े भाई इंतजार के बेटे समीर की शादी



को लेकर घर में खुशी का माहौल था। रिश्तेदार भी आए हुए थे। इस हादसे से शादी की खुशियों पर मातम छा गया। मृतक शकील छह भाइयों में पांचवें नंबर का था। उसके परिवार में मां मीना, पत्नी फिरदौस, भाई इलियास, इंतजार, फैय्याज, मुश्ताक व साजिद समेत अन्य लोग हैं। उधर, जिला पंचायत सदस्य महबूब अल्वी ने मृतकों के घर पहुंचकर सांत्वना दी।

## विद्युत विभाग ने बिजली के खंभों पर लगाई पॉलिथीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कावड़ यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए विद्युत विभाग ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बड़ौत बुढ़ाना मार्ग पर बिजली के खंभों पर पॉलिथीन लगाने का काम तेजी से चल रहा है। यह कदम बरसात के मौसम में करंट से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उठाया गया है। हरिद्वार से गंगा. जल लेकर लाखों शिवभक्त इस मार्ग से होकर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गाजियाबाद तक जाते हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने कावड़ मार्ग पर विशेष टीम तैनात की है। पावर कारपोरेशन लोहे के विद्युत पोल और उनकी सटीक पर पॉलिथीन लगवा रहा है। विद्युत विभाग की यह सुरक्षा मुहिम कई क्षेत्रों में चलेगी। बड़ौत-बुढ़ाना मार्ग के बाद दाहा-बरनावा मार्ग पर भी पॉलिथीन लगाई जाएगी। इसके अलावा भड़ल, दाहा, कान्हड़, पुसार, बामनौली, बिजरौल और बड़ौत से गौरीपुर मोड़ होते हुए खेकड़ा तक यह काम किया जाएगा। इस पहल से कावड़ियों को सुरक्षित यात्रा में मदद मिलेगी।

## नगर पंचायत में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नगर पंचायत पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी और उनके विचारों और बलिदान को याद किया गया।

रटौल नगर पंचायत कार्यलय पर डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जंयती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें डाक्टर मुखर्जी के राट्रवादी विचारो और बलिदान को याद करते हुए उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने कहा की कश्मीर में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का जो प्रण डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखजह्न ने लिया था उसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद को समाप्त करके पूरा किया कार्यक्रम में जिला महामंत्री कवंरपाल,पण्डित कुश प्रसाद, इमरान,मंजीत गुर्जर,सुरेन्द्र बंसल,रामनिवास सैनी मनोज आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक की हत्या करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दल्ली के बुराड़ी निवासी राहुल गोयल के बागपत निवासी इंद्रपाल पर 25 लाख रुपये थे। राहुल की पत्नी कीर्ति ने इंद्रपाल पर पति की हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव बरामद कर आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली के बुराड़ी निवासी राहुल का शव पुलिस ने शनिवार रात गोशपुर के जंगल से बरामद किया। राहुल को जंगल में ले जाकर गोली मारी गई। डोला गांव के तांत्रिक इंद्रपाल के साथ राहुल का रुपये का लेनदेन था। राहुल की पत्नी ने इंद्रपाल सहित अन्य के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया, जबकि



उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। बुराड़ी निवासी राहुल का डोला गांव के इंद्रपाल भगतजी के यहां आना जाना था।

बेहतर संबंधों के चलते रुपयों का लेनदेन भी था। तीन दिन पहले राहुल भगत जी से मिलने आया था लेकिन वापस बुराड़ी नहीं पहुंचा। जब उसका फोन भी नहीं लगा तो राहुल की पत्नी कीर्ति ने दिल्ली पुलिस से शिकायत कर राहुल की बरामदगी की मांग की, लेकिन पुलिस ने मामला बागपत के सिंघावली अहीर का कहकर पल्ला झाड़ लिया। शनिवार शाम सिंघावली अहीर थाने पहुंची कीर्ति ने डोला निवासी इंद्रपाल भगत जी पर राहुल को गायब करने का आरा. ेप लगाकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने इंद्रपाल भगतजी को उठाकर पूछताछ की तो उसने राहुल का शव गोशपुर के जंगल में पड़ा बताया। पुलिस ने इंद्रपाल की निशानदेही पर देर रात राहुल का गोली लगा शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी कीर्ति के अनुसार इंद्रपाल भगतजी पर राहुल के करीब 40 लाख रुपए थे, जिनमें इंद्रपाल ने 15 लाख रुपए लौटा दिए थे। बाकी रुपयों का तकादा करने राहुल डोला गांव में इंद्रपाल के पास आया था। पुलिस ने तीन नामजद सहित अन्य पर हत्या में मुकदमा दर्ज किया। कुछ घंटे बाद ही इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि इस हत्याकांड में अन्य लोग भी शामिल हैं, जांच और पूछताछ के बाद सब सामने आ जाएगा।

## एक नजर

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा 26 जुलाई को कराई जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की इंप्रूवमेंट के साथ ही कंपार्टमेंट की परीक्षा अब 19 जुलाई को नहीं होगी। यह परीक्षा 26 जुलाई को कराई जाएगी। परीक्षा के बागपत के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। हाईस्कूल की इंप्रूवमेंट/कंपार्टमेंट व इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा 19 जुलाई को करानी थी। परीक्षा के लिए बागपत के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। यहां हाईस्कूल के 113 व इंटरमीडिएट के 313 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कांवड़ मेले को देखते हुए परीक्षा की तिथि में बदलाव करा दिया है, क्योंकि 11 जुलाई से हरिद्वार से गंगाजल लेकर कांवड़िए आने शुरू हो जाएंगे और वाहनों का आवागमन भी बंद हो जाएगा। कांवड़ मेले को देते परिषद ने परीक्षा को 19 जुलाई के स्थान पर अब 26 जुलाई कर दिया है। अब यह परीक्षा 26 जुलाई को होगी। कांवड़ मेला 24 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। डीआईओएस राघवेंद्र सिंह ने बताया कि कांवड़ मेले को देखते हुए परीक्षा को 26 जुलाई को कराया जाएगा और इसकी जानकारी प्रधानाचार्यों को दे दी गई है।

### महिला को झांसा देकर 78 हजार रुपये ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बालैनी।** साइबर ठगों ने मवीकलां गांव की शिक्षा देवी को एडवांस जमा हुई किश्त वापस करने का झांसा देकर 78 हजार रुपये की ठगी कर ली। इसमें तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर ठगी की जांच शुरू कर दी। मवीकलां गांव निवासी शिक्षा देवी ने बताया कि तीन जून को उसके पास फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर केयर से होना बताया और तीसरी किश्त डबल जमा होने की जानकारी दी। इसके बाद एडवांस जमा हुई किश्त वापस करने की बात कही। आरा. ेप लगाया कि फोन करने वाले व्यक्ति ने किश्त के रुपये वापस करने के लिए मोबाइल पर आए ओटीपी नंबर समेत अन्य जानकारी मांगी और उसके खाते से तीन बार में 78 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक खाते से रुपये निकालने का मैसेज मिलने पर साइबर ठगी होने का पता चला। उधर, पुलिस का कहना है कि महिला के साथ साइबर ठगी हुई है। ऐसी घटनाओं पर जागरुकता से अंकुश लगाया जा सकता है। किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी नंबर के बारे में न बताएं।

### डंडे से हमला कर बिजली मिस्त्री से बाइक, इन्वर्टर और बैटरा लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** बिजवाड़ा नहर की पटरी पर शुक्रवार रात दो बदमाशों ने बड़ौत के बिजली मिस्त्री जितेंद्र पर डंडे से हमला कर बाइक, इन्वर्टर और बैटरा लूट लिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए बदमाश भाग गए। बड़ौत के जगदेव नगर निवासी बिजली मिस्त्री जितेंद्र ने बताया कि बिजवाड़ा के सुनील ने एक कंपनी का इन्वर्टर और बैटरा घर में लगाने के लिए बुलाया था। शुक्रवार रात प्लेटिना बाइक पर इन्वर्टर और बैटरा लेकर बिजवाड़ा जा रहा था। जैसे ही वह मेरठ मार्ग से बिजवाड़ा नहर की पटरी पर पहुंचा तो सड़क पर खड़े दो बदमाशों ने उसके सिर में डंडा मार दिया। इससे वह बाइक समेत सड़क पर गिर गया। आरोप लगाया कि दोनों बदमाश उसकी बाइक, इन्वर्टर और बैटरा लूटकर फरार हो गए। घटना का पता चलने पर पुलिस वहां पहुंची और घायल बिजली मिस्त्री का सीएचसी में उपचार कराया। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों पर लगाया थाने में बुलाकर उत्पीड़न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिलाध्यक्ष प्रतिमा और उनके पति देवदत्त ने जमीन के विवाद में समझौता नहीं करने पर पुलिस कर्मियों पर खेकड़ा थाने में बुलाकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया। उनको मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई। इसमें शिकायत मिलने पर एसपी सूरज कुमार राय ने सीओ खेकड़ा को पूरे प्रकरण की जांच सौंप दी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की जिलाध्यक्ष प्रतिमा ने बताया कि दो जुलाई को उनके पति देवदत्त के पास खेकड़ा थाने से फोन किया गया और उनको थाने में बुलाया गया। आरोप लगाया कि वह अपने पति के साथ थाने पहुंचीं तो वहां पर पुलिस कर्मियों ने जमीन के एक मामले में समझौता करने का दबाव बनाया। उनके पति ने उस जमीन को अपनी नहीं बताते हुए उसमें केवल गवाह होने की बात कही। यह भी कहा कि समझौते के लिए जिम्मेदार लोगों से बात करनी होगी। पुलिस ने थाने में उनकी सुनवाई नहीं की और अभद्रता करते हुए उत्पीड़न किया गया। साथ ही दस दिन में समझौता नहीं करने पर मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। आरोप है कि उन्होंने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो मोबाइल छीन लिया गया। प्रतिमा ने कहा कि पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में है, जिसकी जांच कराने पर सच्चाई का पता चल जाएगा। उन्होंने एसपी से पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसपी सूरज कुमार राय महिला ने शिकायत में जो भी आरोप लगाए गए हैं, उसकी जांच सीओ खेकड़ा को सौंप दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नन्हे खिलाड़ियों संग ली सेल्फी, दिया क्रिकेट में आगे बढ़ने का मंत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** किंग्स इलेवन पंजाब और कोलकाता नाइट राइडर्स जैसी IPL टीमों के पूर्व खिलाड़ी अनुप्रित सिंह आज बड़ौत स्थित शहीद शाहमल क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचे। उनके आगमन पर क्रिकेट अकैडमी के कोच प्रतीक तोमर द्वारा शानदार स्वागत किया गया। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेलप्रेमियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# रेनू तोमर राष्ट्रीय सचिव के पद पर मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा को मजबूती देने के उद्देश्य से पार्टी ने बडौत नगर पालि. का परिषद की पूर्व सभासद आवास विकास कालोनी निवासी रेणु तोमर को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। समा. जवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने रेनू तोमर को राष्ट्रीय सचिव पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और सांसद डिंपल यादव के अनुमोदन से किया गया है। रेनू तोमर को यह दायित्व 5 जुलाई 2025 से सौंपा गया है। पार्टी ने उम्मीद जताई है कि रेनू तोमर पार्टी की नीतियों, विचारों और समा. जवादी सिद्धांतों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। साथ ही संगठन को और



अधिक मजबूती प्रदान करेंगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशों के अनुसार, रेनू तोमर को पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार, संगठनात्मक मजबूती और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विशेष कार्य करना होगा। महिला सभा को प्रभावशाली बनाने की दिशा में उनके अनुभव और प्रयासों से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की संभावना जताई जा रही है। इससे पूर्व में रेणु तोमर पत्नी आशुतोष तोमर जनपद बागपत में राष्ट्रीय लोकदल में महत्वपूर्ण पद पर जिम्मेदारी निभा चुकी है। उसे समय पूर्व में उन्होंने राष्ट्रीय लोक दल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सपा की सदस्यता ग्रहण अखिलेश यादव के पास जाकर लखनऊ में की थी। अब उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से समा. जवादी पार्टी ने नवाजा है। रेनू तोमर के मनोनयन पर उनके समर्थकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसे पश्चिम उत्तर प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। इस मौके पर रेणु ने कहा कि महिलाओं की आवाज को बुलंद करने समाज में समानता न्याय के लिए पूरे निष्ठा के कार्य किया जाएगा। हाई कमान द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सोप गई है। मैं उसे जिम्मेदारी को जिम्मेदारी मानते हुए समाजवादी पार्टी के बताएं दिशा निर्देश पर कार्य करूंगी। जनपद बागपत में महिलाओं के सम्मान में हमेशा उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जाएगा। रेणु तोमर को बधाई देने वालों में पूर्व राज्य मंत्री हाजी तराब. ुद्दीन, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा, युवजन सभाके प्रदेश सचिव हाजी शकील शाह, जिला अध्यक्ष बागपत रविंद्र देव यादव, बडौत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय चौधरी बुढपुर, अर्जुन अवार्ड बडौत विधानसभा क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी शौकेंद्र पहलवान शकील अहमद बागपत, पूर्व सभासद ललित जैन, वरिष्ठ सपा नेता पुर्व सभासद निटु, बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष देव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जगदीश ने किया शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दाहा।** अमेरिका के बकिंघम, अलबामा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में धनौरा टीकरी के जगदीश सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। यूपी पुलिस के सेवानिवृत सीओ जगदीश ने 800 मीटर दौड़ को 3 मिनट 38 सेकेंड में पूरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया।

उन्होंने 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री टीम इवेंट में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा व्यक्तिगत 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री में कांस्य और 400 मीटर रिले दौड़ में रजत पदक अपने नाम किया। जगदीश ने बैडमिंटन में भी रजत पदक जीतकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। 27 जून से 6 जुलाई तक चले इस टूर्नामेंट में जगदीश की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी की



लहर है। वर्तमान में कंकरखेड़ा मेरठ में रहने वाले जगदीश बचपन से ही खेलों के शौकीन रहे हैं। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान सैकड़ों पदक जीते हैं। उनके गांव लौटने पर ग्रामीण भव्य स्वागत की तैयारी कर रहे हैं।

## सेक्टर व बूथ कमेटी बनाने की जिम्मेदारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर एक मानसिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की तथा संचालन महबूब मलिक ने किया। इस दौरान बैठक में संगठन के लोगों को सैक्टर कमेटी व बूथ कमेटी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सपा जिलाध्यक्ष ने सभी को किस तरह कमेटी करने के बारे में जानकारी दी। बैठक के दौरान प्रदेश सचिव संजीव त्यागी ने बताया कि कमेटी बनाने के साथ कमेटी पदा. धिकारी को ये बताया जाए की वोटर लिस्ट का सत्यापन किया जाए और अपने बीएलओ का नाम जिलाध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष/प्रभारी को नोट करा दिया जाए। इस दौरान



बैठक में जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र भाटी, राहुल यादव, कविता, जगपाल यादव, संजय डीलर, नगेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुरा महादेव मंदिर में बाहर से जलाभिषेक देख सकेंगे शिवभक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले चार दिवसीय श्रावणी मेले में पहली बार एलईडी लगाकर गर्भगृह में जलाभिषेक का सीधा प्रसारण बाहर दिखाया जाएगा। यह जानक. ारी परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी अक्षय भारद्वाज ने मीडिया को भी उन्होंने बताया कि इससे मंदिर में लाइन में लगे और आसपास बैठे श्रद्धालु जलाभिषेक होता देख सकेंगे। श्रद्धालु ऐतिहा. सिक पुरा महादेव मंदिर पर 21 से 24 जुलाई तक चार दिवसीय श्रावणी मेला लगेगा। इसमें हरिद्वार, गोमुख से कांवड़ लेकर आने वाले 20 लाख से अधिक कांवड़िये भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करेंगे। रविवार को अधिकारियों ने पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले



मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने कावंड़ियों के आने जाने वाले रास्तों और पार्किंग की स्थिति देखी। रविवार को आज रास्तों की सफाई बेरिकेडिंग, का कार्य चालू कर दिया गया है। मजदूर कार्य क्षेत्र की साफ सफाई विद्युत खम्बो पर प्लास्टिक की पिन्नी चढ़ने के कार्य पर जुट गए है। अधिकारियों ने रविवार को मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे और गर्भगृह का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने और कांवड़ मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। पुरा महादेव मंदिर पर लगने वाले मेले की तैयारी पूर्ण रूप से की जा रही है। इसको लेकर पुरा महादेव के आसपास पडने वाले गांव में भी साफ सफाई अभियान ग्राम पंचायत द्वारा शुरू कर दिया गया है।

## बुरे कर्मो का त्याग करना चाहिए:सागर मणिराज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कौशल भवन सभागार में आचार्य श्री 108 नयन सागर मणिराज ने धर्म सभा में प्रवचन करते हुए कहा कि कर्म करते वक्त विचार नहीं किया जब कर्म का फल सामने आता है। उसे वक्त पछताने से क्या होता है। इसलिए कम करने से पहले विचार करना चाहिए। बुरे कर्मों का त्याग करना चाहिए। पारसनाथ भगवान जैसों पर उपसर्ग होता है फिर हम साधारण मनुष्य क्या है। इसलिए कर्म करते वक्त विचार करना चाहिए। धर्म सभा में दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन मंत्री मनोज जैन पेट्रोल पंप वाले। दिनेश कुमार जैन मनोज जैन पंसारी धनपाल जैन बंदूक वाले राजेश जैन हरकुलिस अनुराग मोहन जैन सतीश जैन लकड़ी वाले पवन जैन स्वदेशी राकेश जैन अशोक जैन दवाई वाले आदि उपस्थित थे।

# मोहर्रम के अवसर पर निकाला गया ताजिया जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को जनपद के विभिन्न स्थानों पर मोहर्रम की दस तारीख के मौके पर नगर व शहर में बागपत की छत्ते वाली मस्जिद से लेकर बागपत के विभिन्न स्थानों पर अखाडा व जहाज वाला अखाडा शहर के लोगों के द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन करते पटा खेलते व अन्य करतब दिखाते हुए जुलूस के शक्ल में शहर में निकाला गया। वही बड़ौत से थाने वाला अखाड़ा बिलाल के द्वारा निकाला और मदिना मस्जिद से अखाड़ा कुरैशियों वाला जावेद प्रधान ने निकाला वही फूंस वाली मस्जिद से जाहाज वाला अखाड़ा यूनुस ने निकाला और यहीं से ताज़िया भी निकाला गया ये सभी अखाड़े एक साथ इकठ्ठा होकर नगर मेन बाज़ार तकिये वाली मस्जिद, मदिनां मस्जिद गन्दा नाला



थाना बडौत, लोहिया बाज़ाए गांधी चौक, फूंस वाली मस्जिद घास मंडी होते हुए अपने अपने निर्धारित स्थानों पर जाकर सम्पन्न हुए। ये सभी अखाड़े अपनी कला का प्रदर्शन करते पटा खेलते व अन्य करतब दिखाते हुए जुलूस के शक्ल में शहर में घूमे जिसमे पुलिस का माकूल बन्दोबस्त था लेकिन अधिक गर्मी के चलते इनमें जोश कम ही था। जुलूस में कोतवाली प्रभारी के अलावा भारी पुलिस बल जुलूस के साथ-साथ चल रहा था। अखाड़े के पदाधिकारियों ने अधिकारियों को सम्मानित भी किया। मोहर्रम के दौरान शहर में जगह-जगह सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा है। शहर की मस्जिद व मुख्य बाजार में जगह-जगह पुलिस सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

# फैक्ट्री का टीन शेड गिरने से पांच मजदूर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में धौलाना–पिलखुवा रोड पर स्थित सालासर फैक्ट्री में रविवार सुबह एक टीन शेड गिरने से पांच मजदूर घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा बारिश के बीच हुआ जब फैक्ट्री का पुराना और जर्जर टीन शेड अचानक गिर गया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह सालासर फैक्ट्री में लोहा गलाने का काम चल रहा था, जब अचानक टीन शेड भरभराकर गिर गया। इसके मलबे में दबकर पांच मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। फैक्ट्री में ज्यादातर बाहरी मजदूर कार्यरत हैं। हादसे के तुरंत बाद अन्य मजदूरों ने बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को मलबे से बाहर निकालकर नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी कहा कि घायल मजदूरों का इलाज चल रहा है और दो की हालत नाजुक बनी हुई है।

जांच के नतीजों के आधार पर फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही या अन्य कारणों पर उचित कार्रवाई की जाएगी। यह घटना औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा मानकों की कमी को उजागर करती है, विशेषकर उन ढांचों की सुरक्षा को लेकर जो पुराने और जर्जर हो चुके हैं। इस हादसे ने कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियमों और उनके पालन की आवश्यकता पर जोर दिया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की डेयरी पर छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार की देर शाम धौलाना क्षेत्र के गांव देहरा में एक डेयरी पर छापेमारी कर एक क्विंटल मिलावटी दूध और सात क्विंटल मिलावटी पनीर नष्ट कराया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी गुप्ता के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने धौलाना के गांव देहरा में एक डेयरी पर छापा मारा। इस दौरान टीम को भारी मात्रा में मिलावटी दूध और पनीर मिला। विभाग ने तुरंत इन मिलावटी खाद्य पदार्थों को जब्त कर नष्ट करवा दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना जारी



रहेगा। यह भी बताया गया है कि यह मिलावटी सामग्री विभिन्न क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही थी। विभाग अब इस जांच में जुटा है कि इस गोरखधंधे में और कौन–कौन शामिल है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

### हादसे की सूचना मिलते ही थाना हापुड़ पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देहात थाना क्षेत्र के टियाला रोड पर रविवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम टियाला निवासी 26 वर्षीय शहजवान की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब शहजवान अपनी बाइक से जा रहा था और सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि शहजवान की मौके पर ही जान चली गई, जबकि कार में सवार लोग भी घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात प्रभारी विजय कुमार पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक शहजवान के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कार में सवार घायलों को तत्काल देवनंदनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है और वे डाक्टरों की निगरानी में हैं।

शहजवान की आकस्मिक मृत्यु से ग्राम टियाला में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कार चालक स्वयं घायल हुआ है या फरार हो गया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जबरन गर्भपात का आरोपी गिरफ्तार



**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जबरन गर्भपात कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस द्वारा युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व जबरन गर्भपात कराने के मामले में फरार चल रहे आरोपी अभिषेक पुत्र पिन्टू निवासी मोहल्ला बेगमाबाद विजय प्रधान फैक्ट्री थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद को गांव अमीनगर सराय जनपद बागपत से गिरफ्तार किया गया है जिसपर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### महिला को शादी का झांसा देने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी विशाल गौतम पुत्र महिपाल निवासी गली न. 10 दस्तोई रोड जसरूप नगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड को दस्तोई रोड से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### गांजे की तस्करी करने जा रहा तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान गांजे की तस्करी करने जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से अवैध गांजा बरामद हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पुलिस टीम ग्राम पिपलैडा से ईदगाह की ओर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांजे की तस्करी करने जा रहे एक गांजा तस्कर को वसीम पुत्र जमशेद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा तस्कर के कब्जे से 1 किलो 110 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किया गया गांजा तस्कर एक शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके खिलाफ एनडीपीसी एक्ट और दुष्कर्म जैसे कई आपराधिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### अखिलेश यादव की बयानबाजी के विरोध में ब्राह्मण समाज ने की पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेड़की गांव में ब्राह्मण समाज ने पंचायत का आयोजन किया। इस दौरान समाज के लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया। पंचायत में निर्णय लिया गया कि युवा हरिद्वार से गंगाजल लाएंगे और अखिलेश यादव के चित्र पर चढ़ाएंगे।

यह विवाद इटावा में एक कथावाचक की पिटाई की घटना से शुरू हुआ। इसके बाद से ब्राह्मण और यादव समाज के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। पंचायत में मौजूद ब्राह्मण समाज के लोगों ने चेतावनी दी कि अगर अखिलेश यादव ने बयानबाजी नहीं रोकी तो वे संसद के बाहर भी विरोध करने को तैयार हैं। खेड़की गांव ब्राह्मण बहुल क्षेत्र है। पंचायत में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। ब्राह्मण समाज का कहना है कि अगर अखिलेश यादव जल्द ही अपनी बयानबाजी नहीं रोकते हैं तो समाज उन्हें सबक सिखाएगा। इटावा से शुरू हुआ यह जातिगत विवाद अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है।

### मोहर्रम पर गढ़ में निकला मेहंदी का जुलूस, पुलिस प्रशासन रहा अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** शहीदे कर्बला की याद में निकाले गए मेहंदी के जुलूस में मातमी जत्थों ने मर्सिये और नोहाखानी के बीच सीनाजनी कर अपनी खिराजे अकीदत पेश की। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा। मजहबे इस्लाम के जनक हजरत इमाम हुसैन की शादी और परिवार के सदस्यों के साथ उनके अंतिम दिनों की याद दिलाने वाला मेहंदी का जुलूस गढ़ में परंपरागत तरीके से निकाला गया। प्राचीन मीरा रेती मैदान में पूर्व सभासद मौमीन हसन, कांग्रेस के पूर्व प्रदेशीय सचिव डा.शुएब और मोहर्रम आयोजन कमेटी के अध्यक्ष अशरफ शराफत ने फीता काटकर मेहंदी जुलूस का शुभारंभ किया। जुलूस के माध्यम से हजरत इमाम हुसैन की शहादत से पहले उनकी पत्नी शरीफा बीबी के हाथों में मेहंदी लगाने की परंपरा को दर्शाया गया। जुलूस में चारों अखाड़े द्वारा शिरकत की गई, जिनमें खिलाड़ियों ने पटाबाजी, बिन्नौट समेत भारोत्तोलन जैसे कई करतब दिखाकर महिला बच्चों समेत हजारों की भीड़ को मंत्रमुग्ध कर दिया। कमेटी अध्यक्ष अशरफ शराफत ने बताया कि मेहंदी का जुलूस हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार के सदस्यों की शहादत को याद करने के साथ ही उनके बलिदान को सम्मान देना है। इस जुलूस के माध्यम से लोगों में एकजुट के साथ ही उन्हें अपने धर्म के प्रति भक्ति और समर्पण वाली भावना भी प्रदर्शित होती है। जुलूस के दौरान मेहंदी के प्रतीक को विभिन्न आकर्षक रंग रूप में सजाया हुआ था। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया जुलूस देर रात में सुभाष चौक के पास मोहल्ला सराय में संपन्न हुआ।

# तालाब ओवरफ्लो, गलियों और मकानों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तमेलागढ़ी गांव में तालाब से ओवरफ्लो हुआ पानी पिछले 10 दिनों से गलियों और मकानों में भरा हुआ है। तालाब में कूड़े की अधिकता और पानी निक. ासी का उचित रास्ता न होने से यह समस्या उत्पन्न हुई है।

सुभाष, जगरोशन और जयेंद्र सहित कई लोगों के घरों में पानी घुस गया है। ग्रामीणों को गंदे पानी से होकर निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय समाजसेवी अमित चौधरी ने अपने ट्रैक्टर पर पंपिंग सेट लगाकर गलियों का पानी खेतों में पहुंचाया, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया है और ग्राम प्रधान से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान नीलम देवी ने बताया कि तालाब से पानी की निकासी के लिए 1950 मीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि दो दिन के भीतर इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा। अमित कुमार, कृष्णपाल, पालेराम, राजबीर, बाबूराम, बेगराम और हरेंद्र जैसे ग्रामीणों का कहना है कि तालाब से पानी की निकासी का उचित प्रबंध न होने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की जा रही है।

## हर तरफ सुनाई दी या हुसैन की गूंज

**जोया।** डिडौली क्षेत्र में भी कई स्थानों पर दस मोहर्रम को ताजियों के जुलूस निकाले गए। कर्बला की तारीख का जिक्र करते हुए लोगों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। हर तरफ से बस या हुसैन–या हुसैन की गूंज सुनाई दी।

क्षेत्र के गांव पतेई खालसा में पैगम्बर–ए–इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन की याद में ताजियों के जुलूस की शुरुआत रविवार दोपहर दो बजे की गई। ताजिए की ऊंचाई मानक के मुताबिक रखी गई। दो साल पहले इस गांव में ट्रांसमिशन की विद्युत लाइन से ताजिया टकराने से बड़ा हादसा हो गया था लिहाजा इसी वजह से ताजिए की ऊंचाई को 12 फिट के आसपास रखा गया। जुलूस के दौरान या हुसैन–या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं।

# सीएम योगी ने नगर निकायों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निकायों के साथ वीडियो कॉन्फेंसिंग की। नगर पालिका परिषद के पालिक. ाध्यक्ष विभु बंसल ने इसमें भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग कम से कम एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लें। उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेश में 210 करोड़ पेड़ लगाए जा चुके हैं और यदि प्रत्येक नागरिक एक या दो पेड़ गोद ले ले तो कार्बन उत्सर्जन को शून्य करना मुश्किल नहीं होगा। तकनीकी विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि लोग तालाबों के किनारे, पार्कों और घरों के बाहर



पेड़ लगाएं। पालिकाध्यक्ष विभु बंसल ने भी नगरवासियों से अपील की कि वे पालिका के पार्कों और सड़कों पर पेड़ लगाकर गोद लें और उस पर अपना नाम अंकित करें। वीडियो कॉन्फेंसिंग में अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह, सभासद प्रदीप तेवतिया, नवजीव सक्सेना, अमित टॉक, शैलेंद्र गौड़ आदि मौजूद रहे।

# तांत्रिक ने की साथियों के साथ मिलकर डेयरी संचालक की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डौला गांव के एक तांत्रिक ने अपने साथियों के साथ मिलकर दिल्ली के डेरी संचालक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान राहुल गोयल के रूप में हुई है। आरोपी तांत्रिक इंद्रपाल उर्फ भगत ने राहुल से 40 लाख रुपए उधार लिए थे।

घटना 2 जुलाई की है, जब राहुल गोयल अपने पैसे वापस लेने डौला गांव गए थे। इंद्रपाल ने पैसे लौटाने से बचने के लिए अपने साथियों के साथ मिलकर राहुल को गोली मार दी। आरोपियों ने घटना को छिपाने के लिए शव को डौला–गौसपुर मार्ग पर स्थित सूखे तालाब में दफना दिया। मामला तब सामने आया जब राहुल की पत्नी कीर्ति गोयल ने सिंघावली अहीर



थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी इंद्रपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। थाना प्रभारी सोनवीर सिंह सोलंकी के अनुसार, आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।

# कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने रविवार को दिल्ली रोड स्थित प्रकाश रीज. ेंसी में आयोजित स्वागत व शपथ ग्रहण समारोह में अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम में विलासपुर के पूर्व विधायक और पूर्व राष्ट्रीय सचिव, संजय कपूर, मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

इस समारोह में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद कुरैशी ने कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र सौंपे और आई–कार्ड पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों की




संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

अमरोहा से पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे और उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। संजय कपूर ने व्यक्तिगत रूप से पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र और आई–कार्ड वितरित किए, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। इस समारोह में कई अन्य प्रमुख कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला और पौरुष शर्मा, सिटी कोऑर्डिनेटर पुरुषोत्तम नागर और लोकेश चौधरी, पूर्व विधायक गजराज सिंह, अमरोहा के जिला कोऑर्डिनेटर और पूर्व नगर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, और पूर्व पीसीसी सदस्य नवरत्न त्यागी शामिल थे।

# ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस ने उठाई हिंदी को राष्ट्रीय भाषा घोषित करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश के सबसे बड़े लो. कतंत्र भारत में जब एक भाषा को बोलने पर किसी के साथ मारपीट हो, जब एक छात्र को सिर्फ इसलिए धमकाया जाए क्योंकि वह हिंदी में बात कर रहा है, तो यह सवाल सिर्फ भाषा का नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर हमले का है। यह कहना है ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉंग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रदेशाध्यक्ष पं. गोपाल शर्मा का, जिन्होंने महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार और हमलों को लेकर भाजपा शासित सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि महाराष्ट्र जैसे बड़े और महत्वपूर्ण राज्य में अगर हिंदी भाषा बोलने वालों को निशाना बनाया जाता है, उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर अपमा.




नित किया जाता है, और स्कूल–कॉलेजों में हिंदी पढ़ाने पर आपत्ति जताई जाती है, तो यह केवल एक भाषा का नहीं, बल्कि संविधान की गरिमा और राष्ट्रीय एकता पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र में बैठी सरकार आंखें मूंदे बैठी है। भाजपा शासित महाराष्ट्र में हो रही इन घटनाओं पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। क्या यह चुप्पी सत्ता के समझौतों का हिस्सा है, या फिर हिंदी बोलने वालों को दबाने की साजिश। पं. गोपाल शर्मा ने सिर्फ महाराष्ट्र ही नहीं, बल्कि भाजपा शासित अन्य राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान में भी कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा हिंदी भाषा को घोषित किया जाए राष्ट्रीय भाषा। उन्होंने कहा कि जब देश के 70 प्रतिशत से अधिक लोग हिंदी बोलते और समझते हैं, तब उसे सिर्फ राजभाषा कहकर सीमित करना भाषाई अन्याय है। इस प्रेस वार्ता के दौरान ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कॉंग्रेस पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय प्रभारी पं. सुनील शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि पार्टी जल्द ही इस विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रही है और यदि आवश्यक हुआ तो सड़क से लेकर संसद तक इस मुद्दे को उठाया जाएगा।

# एचपीडीए 15 साल से अटकी गंगा धाम आवासीय योजना को जल्द करेगा विकसित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एचपीडीए 15 साल से अटकी गंगा धाम आवासीय कॉलोनी योजना को जल्द ही विक. सित करेगा। यह परियोजना गढ़मुक्तेश्वर के बांगर गांव में स्थित है और हरिपुर आवासीय योजना के बाद हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण का अगला बड़ा फोकस है।

जानकारी के अनुसार यह योजना 2010 में शुरू हुई थी लेकिन भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के विवादों के कारण अटकी हुई थी। अब एचपीडीए ने सक्रिय रूप से किसानों के साथ बातचीत की है और अधिकांश से सहमति प्राप्त कर ली है। इस योजना के लिए कुल 34. 153 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है, जिसमें 198 किसानों की 23 खसरे शामिल हैं। शुरुआत




में 5.55 हेक्टेयर भूमि के लिए 800 रूपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया गया था। अब शेष किसानों के साथ भी बातचीत चल रही है, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जो पहले उच्च मुआवजे की मांग कर रहे थे या जिन्होंने करार नहीं किया था। एचपीडीए ने योजना को आधुनिक और सुव्यवस्थित तरीके से विकसित करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने का निर्णय लिया है। इस टीम में इंजीनियर, आर्किटेक्ट, प्लानिंग विशेषज्ञ और फाइनेंस विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्राधिकरण में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए निजी कंपनियों से विशेषज्ञ सेवाएं लेने के लिए टेंडर जारी किए गए हैं। एचपीडीए वर्तमान में बाबूगढ़ में हरिपुर आवासीय योजना पर काम कर रहा है। इस योजना के तहत 22 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 145. 47 करोड़ रूपये है। लक्ष्य है कि जुलाई 2025 तक सभी बैनामे पूरे कर लिए जाएं और अगस्त या सितंबर से प्लॉट की बिक्री शुरू हो जाए। इसके बाद गंगा धाम योजना पर पूरा ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा. नितिन गौड़ के अनुसार, हरिपुर के साथ–साथ गंगा धाम कॉलोनी को भी जल्द विकसित किया जाएगा। योजनाओं को आधुनिक और सुव्यवस्थित तरीके से लागू करने के लिए निजी विशेषज्ञों की तैनाती की जा रही है। इस पहल से हापुड़ और एनसीआर क्षेत्र में आधुनिक, सुरक्षित और सुनियोजित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद है।

# नोएडा में निकला मोहर्रम का जुलूस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** शहर में मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। यह जुलूस सेक्टर 8 जामा मस्जिद से शुरू होकर सेक्टर 9, बांस बल्ली मार्किट, बैंक ऑफ इंडिया से सेक्टर 21 स्टेडियम चौराहा, सेक्टर 12 शिमला पार्को, स्वानी फर्नीचर सेक्टर 10, सेक्टर 11 झुंडपुरा होते हुए सेक्टर 8 कोहली धर्म कांटा से पानी टंकी सेक्टर 5 हरोला के सेक्टर 4 के पार्क में सभी अखाड़ा का जुलूस पहुंचा व उनके बाद सभी अखाड़ा वापस अपने घ्स्थान पर पहुंचकर समापन किया गया।




इस दौरान नोएडा पुलिस प्रशासन का सहयोग करने के लिए सभी अखाड़ों के खलीफो ने पुलिस प्रशासन का तहे दिल से धन्यवाद आभार व्यक्त किया। नोएडा कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन ने कहा कि मुहर्रम, हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई और सच्चाई के साथ मजबूती से खड़े रहने का संदेश हम सबको प्रेरणा देता है। मुहर्रम के अवसर पर कर्बला के शहीदों एवं हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानियों को नमन।

इस मौके पर मुख्य रूप से सभी सम्मानित अखाड़ा खलीफा मुन्ना आलम खलीफा,रुबि खान, खलीफा ,तनवीर हुसैन ,दाऊद खान, मोहम्मद गुड्डू, ओसाम, साहिल, फिरोज , इंतजामिया अखाड़ा, फकर अली खलीफा, अंजार ,जियाउल मास्टर खलीफा, तनवीर हुसैन खलीफा, रहमानिया अखाड़ा फिरोज खलीफा, बच्चा अखाड़ा, इस्लामिया अखाड़ा, गोसिया अखाड़ा व हुसैनिया अखाड़ा व अन्य सभी अखाड़ों का जुलूस एक साथ एकजुट होकर निकाला इस मौके पर मुख्य रूप से समा. जवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, समाजवादी पार्टी महासचिव विकास यादव, सीटू जिला अध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महानगर कांग्रेस नोएडा पूर्व अध्यक्ष शाहबुद्दीन, अली हसन, उम्मर, युनुस अल्वी, खलीफा गुड्डू शाह, मास्टर शरीफ खलीफा, बाबू प्रधान, सबा करीम, जावेद खान, ओसामा आलम, इकरार नवी, राजा, गुलाम रसूल, गुलाब, अकबर, मुस्लिम, नौशाद, शमशाद, महताब, सलमान, प्रवेज, शकील, मोहम्मद, युनुस, साकिर, आमिर, पिंस, बबलू अल्वी, शौकत अल्वी,सकूंर, बबलू , अनीश, मुमताज, वाहिद, अमजत हुसैन, कल्लू अंकल, हासिम व अन्य लोग मौजूद रहे।

### मोहर्रम पर जेवर में निकला ताजिया जुलूस

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में रविवार को मोहर्रम के अवसर पर इमाम हुसैन की शहादत की याद में ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस में कस्बा और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

जुलूस का आरंभ बिहारीलाल चौक से हुआ। यह लंबा बाजार और टीन का बाजार होते हुए दीनदयाल चौराहा से पटपडा तक पहुंचा। तजियादारों ने जंजीर, लाठी और अन्य उपकरणों से अपनी कला दिखाई। श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में हलुआ और हलीम बांटा गया। सुरक्षा के मद्देनजर जेवर कोतवाली पुलिस के साथ अतिरिक्त बल मौजूद रहा। जेवर, रबूपुरा और दनकौर थाना क्षेत्र में पुलिस अलर्ट पर रही। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र का नियमित निरीक्षण किया।

# महान राष्ट्रभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती के अवसर पर नोएडा महानगर के सैनिक विहार मंडल द्वारा सेक्टर 37 में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर ने सहभागिता कर महान राष्ट्रभक्त एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को श्रद्धा–सुमन अर्पित किए। एक देश, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले डॉ. मुखर्जी जी का जीवन राष्ट्रसेवा, आत्मबलिदान और सिद्धांतों के लिए संघर्ष की प्रेरणास्रोत गाथा है।

## पारस टिएरा सोसाइटी में धूमधाम से रथ यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** निर्माणाधीन इस्कॉन मंदिर एक्सप्रेस–वे सेक्टर–151 द्वारा श्री जगन्नाथ रथ यात्रा पारस टिएरा सोसाइटी में रविवार को धूमधाम से निकाली गई। हजारों की संख्या में माताएं, बच्चे, बुजुर्ग सभी ने हर्षोल्लास के साथ मृदंग करताल हारमोनियम पर हरे कृष्ण संकीर्तन पर जमकर नृत्य किया। मीडिया प्रभारी वैकुंठ निवास दास ने बताया कि मंदिर अध्यक्ष श्याम गोपाल प्रभु, राधा कुंड प्रभु, गिरिराज प्रभु, पुंडरीक प्रभु, रोहिणी प्रभु, रेणुका प्रभु, गर्गमुनि प्रभु, विजित प्रभु, कृष्णानंद प्रभु, आदिलीला प्रभु, रसाश्रय प्रभु ने दिव्य हरिनाम संकीर्तन किया। इस्कॉन मंगोलिया से तुलसी कृष्ण प्रभु ने भी यात्रा में भाग लिया। भक्तों ने रथ की रस्सी खींचने में बहुत उत्साह दिखाया।

माताओं ने रंगोली बनाकर और थाली सजाकर जगन्नाथ जी का स्वागत किया। फल मिष्ठान जूस खिचड़ी हलवा आदि छप्पन भोग प्रसाद वितरण किया गया। सप्ताह भर रथ पर घूमकर भक्तों को दर्शन देकर जगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा रानी और भैया बलभद्र जी के साथ मंदिर लौट गए। साल में एक बार भगवान रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देने आते हैं। वैकुंठ निवास दास ने सभी भक्तों से भगवान के सेक्टर–151 गांव गुरजा डेरीन में निर्माणाधीन मंदिर में निर्माण सामग्री दान करने की अपील की।

# विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी

## नोएडा पुलिस ने मर्चेंट नेवी के पूर्व कर्मचारी को पकड़ा, फर्जी दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी गली प्रेम कुमार संदीप को थाना सेक्टर–58 की पुलिस और साइबर टीम ने आइथम टॉवर, सेक्टर–62 के पास से पकड़ा।




मामला तब सामने आया जब केरल के एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर–58 में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने उन्हें सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर नोएडा के आइथम टॉवर में बुलाया। वहां आरोपी ने उनसे पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद धोखाधड़ी कर 84,000 रुपये और 1.80 लाख रुपये ठग लिए। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मर्चेंट नेवी में काम कर चुका है। वह सोशल मीडिया पर मर्चेंट नेवी में नौकरी के इच्छुक बेरोजगारों को अपना शिकार बनाता था। उसने 2022 में विशाखापट्टनम में एक फर्जी कंपनी रजिस्टर की थी। वह लोगों को दिल्ली–एनसीआर के होटलों में बुलाकर फर्जी जॉब एग्रीमेंट दिखाता और ठगी करता था। पुलिस ने आरोपी के पास से फर्जी एयर टिकट, कूटरचित वर्क ऑर्डर, फर्जी गारंटी कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। थाना सेक्टर–58 में धारा 318(4), 316(2), 336(2), 340(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एक नजर

### एमआईपी बाइक घोटाले में 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा पुलिस ने एमआईपी बाइक घोटाले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 5 साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी राजेंद्र सिंह को सेक्टर–59 मेट्रो स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।
राजेंद्र मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव कंपनी का प्रमोटर था। वह और उसके साथी लोगों को आकर्षक बाइक स्कीम का लालच देते थे। स्कीम के तहत 62,100 रुपये जमा करने पर एक साल तक हर महीने 10,100 रुपये देने का वादा करते थे। साथ ही तुरंत 5,000 रुपये कमीशन भी देते थे। कंपनी ने इस तरह से कई लोगों को अपना शिकार बनाया। आरोपी के खातों में लाखों रुपये जमा हुए। इसके बाद कंपनी के सभी लोग पैसे लेकर फरार हो गए। पुलिस ने थाना सेक्टर–58 और अपराध शाखा की टीम को लगाया। लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से 6 जुलाई को आरोपी को पकड़ लिया गया।

### बिना मान्यता वाले स्कूलों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई होगी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गौतमबुद्धनगर में बिना मान्यता संचालित निजी स्कूलों के खिलाफ जल्द ही कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों की पहचान कर जांच कराएं और रिपोर्ट सौंपें। बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) से कहा है कि वे ब्लॉकवार ऐसे स्कूलों का सत्यापन करें। यदि जांच में कोई विद्यालय बिना मान्यता संचालित होता पाया गया या एक मान्यता प्राप्त स्कूल के नाम पर दूसरी बिना अनुमति शाखा चलती मिली, तो खंड शिक्षा अधिकारी को ही जिम्मेदार माना जाएगा।
बेसिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई और सीआईएससीई से संबद्ध सभी स्कूलों पर यह निर्देश समान रूप से लागू होंगे। बिना मान्यता वाले स्कूलों को बंद कराया जाएगा। एक मान्यता पर जिन विद्यालयों की दूसरी शाखाएं चलती पाई जाएंगी उन पर जुर्माना लगाते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि बिना मान्यता प्राप्त स्कूल मिलने पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। बिना मान्यता पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जाएगा।

# कांवड़ियों के लिए स्पेशल इंतजाम सुबह 6 से रात 10 बजे तक चलेंगी 40 बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** परिवहन निगम ने कांवड़ियों के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस बार नोएडा के मोरना डिपो में 50 स्पेशल बसों की व्यवस्था की गई है। इनमें से 40 बसों का नियमित संचालन होगा, जबकि 10 बसों को रिजर्व रखा जाएगा। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर ये बसें चलाई जाएंगी। एआरएम रोहताश कुमार ने बताया कि कांवड़ियों के लिए हर आधे घंटे पर मोरना डिपो से बसें रवाना होंगी। यात्रियों की संख्या बढ़ती है तो रात में भी बसें चलेंगी। हरिद्वार जाने वाली इन बसों में महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष सुविधा होगी। कंडक्टर उनसे स्वास्थ्य के बारे में पूछेंगे। कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए डिपो परिसर में एक हेल्प डेस्क और कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। डिपो के प्रबंधक ने बताया कि 11 जुलाई से बसों का संचालन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक होगा।



**सख्त सुरक्षा और अनुशासन:** अधिकारियों का कहना है कि शराब पीकर बस चलाने वाले ड्राइवरों और कंडक्टरों की सख्त निगरानी रखी जाएगी। इसके लिए ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट के जरिये चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। साथ ही निर्धारित रूट से बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। बसों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सपा नोएडा महानगर ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में वह पिछड़ा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष वीरपाल प्रधान के नेतृत्व में मासिक बैठक आयोजन किया। बैठक का संचालन विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौहान के द्वारा किया गया। बैठक में बूथ सत्यापन अभियान की समीक्षा की गई।

महानगर अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता ने कहा की नोएडा महानगर में समाजवादी पार्टी का बूथ सत्यापन अभियान पूरे जोर–शोर से चल रहा है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और कार्यशैली से प्रभावित होकर भारी संख्या में लोग उत्साहित होकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रदेश सचिव सुनील चौधरी व जयकरण चौधरी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से आज आम जनता पूरी तरह से प्रताड़ित है।

## गीतांजलि काव्य प्रसार मंच ने किया नीरांजलि का लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था गीतांजलि काव्य प्रसार मंच द्वारा नोएडा मीडिया क्लब में भव्य साहित्यिक आयोजन किया गया। रविवार को सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में गीतांजलि काव्य प्रसार मंच द्वारा प्रकाशित प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका नीरांजलि (प्रिंट संस्करण) का लोकार्पण किया गया साथ ही इस मौके पर उत्कृष्ट रचनाकारों को सम्मानित भी किया गया।



मंच की अध्यक्ष एवं पत्रिका की संपादक डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा शगीतश ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि ष्नीरांजलि पत्रिकाष मंच के संस्थापक परम् श्रद्धेय नीरज अरोड़ा जी की स्मृति एवं उनके साहित्यिक योगदान को समर्पित है। नीरज जी के जन्म दिवस 1 जुलाई 2023 को नीरज कुंज ई–पत्रिका की शुरुआत हुई थी,जिसका यह वार्षिक विशेषांक प्रिंट स्वरूप में प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त साहित्यकार, कवि एवं लेखक डॉ. प्रेम भारद्वाज श्ज्ञानभिक्षुश द्वारा की गयी,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रख्यात राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा मौजूद रहीं। विशेष रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर,अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार–विचारक डॉ. शंभू पंवार समारोह में अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे,कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.सूक्ष्मलता महाजन, डॉ. ओमप्रकाश प्रजापति, डॉ. वीणा मित्तल, डॉ. पुष्पा जोशी, डॉ. नीरजा मेहता, डॉ. सुमन मोहिनी,विशिष्ट अतिथि के रूप में मंचासीन रहीं । कार्यक्रम का संचालन डॉ इला जायसवाल व डॉ कामना मिश्रा द्वारा किया गया। स्वागत भाषण डॉ गीतांजलि नीरज अरोड़ा ने दिया वहीं श्रद्धेय नीरज अरोड़ा की पुत्री भाविका अरोड़ा ने अपने पिता के व्यक्तित्व पर संबोधन दिया।

**रचनाकारों को किया गया सम्मानित:** नीरज कुंज पत्रिका के सचिव देवेंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि समारोह में पत्रिका में रचनात्मक योगदान देने वाले 70 से भी अधिक रचनाकारों को नीरांजलि साहित्य सम्मान 2025 प्रदान किया गया । यह सम्मान उनकी सृजनशीलता, साहित्यिक समर्पण एवं समाज में भाषा–संस्कृति के संवर्धन के लिए दिया गया ।उन्होंने कहा कि श्रद्धेय नीरज अरोड़ा जी का साहित्य एवं समाज सेवा में दिया गया योगदान प्रेरणास्रोत है। उनके सपनों को साकार करने हेतु डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा के नेतृत्व में मंच की पूरी टीम कृतसंकल्पित है। कार्यक्रम के अंत सचिव देवेंद्र प्रकाश शर्मा द्वारा कार्यक्रम में मौजूद सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया।

# फर्जी महिला प्रोफाइल से युवक से 4.70 लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोशल मीडिया पर फर्जी महिला प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है।



पीड़ित ने 5 जुलाई 2025 को सूरजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपियों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर मानसी, संजू और नंदनी नाम से फर्जी प्रोफाइल बनाए। उन्होंने खुद को अविवाहित लड़कियां बताकर शादी का प्रस्ताव रखा।

आरोपियों ने मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट और शादी की तैयारी जैसे बहाने बनाकर पीड़ित से 4.50 लाख रुपये ठग लिए।

जब पीड़ित ने शादी के लिए जोर दिया, तो आरोपियों ने खुद को कथित लड़कियों का भाई बताया। उन्होंने पीड़ित को जेल भिजवाने की धमकी दी और गाली–गलौज करते हुए 20 हजार रुपये और ऐंठ लिए। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से अमित उर्फ आरव और मोहम्मद रिजवान को गिरफ्तार किया। मामले में आईटी एक्ट सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया

**नोएडा।** साइबर और महिला सुरक्षा टीम ने रविवार को गांवों, सोसाइटियों, लेबर कॉलोनियों और बाजारों में महिलाओं और लड़कियों को एकत्र कर उनसे बातचीत की। इस दौरान सभी को साइबर सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण अभियान की जानकारी दी गई। टीम ने महिला हेल्पलाइन नंबर–1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर–1076, साइबर हेल्पलाइन नंबर–1930, आपातकालीन सेवा–112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर–1098 और वन स्टॉप सेंटर नंबर–181 के बारे में विस्तृत रूप से बताया। इसके अलावा महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के संबंध में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे मिशन शक्ति, शुभ मंगल योजना, साइबर क्राइम एवं साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्राज्यीय टप्पेबाज को लगी गोली

■ दस लाख की ज्वेलरी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की फेस–3 पुलिस ने एक अंतरराज्यीय टप्पेबाज को मुठभेड़ में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 लाख रुपए की ज्वेलरी बरामद की है।



पुलिस सेक्टर 61 कट पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया। आरोपी ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश की पहचान शिवा उर्फ शिव कुमार उर्फ लखविंदर बावरिया के रूप में हुई है। वह पंजाब के लुधियाना का रहने वाला है। फिलहाल दिल्ली के कृष्णा गंज में रहता है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया है। एक चोरी की स्प्लेंडर बाइक भी मिली है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी दिल्ली–एनसीआर के अलावा गोवा, जयपुर, हरिद्वार, मनाली और मसूरी में भी वारदात करता था। वह हवाई जहाज से यात्रा करता था। पांच सितारा होटलों में रुकता था। चोरी के जेवर प्रतिष्ठित ज्वैलर्स को बेच देता था। पुलिस आरोपी के अन्य अपराधों की जानकारी जुटा रही है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा, जिनमें से दो को पैर में गोली लगी। घटना ओमेक्स गोलचक्कर ओमीक्रोन–3 की है। पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ओमीक्रोन–2 की तरफ से एक बिना नंबर की महरूम रंग की किया सोनेट आई। पुलिस ने रोका तो कार सवार बदमाश फायरिंग करते हुए जंगल की तरफ भाग गए।

जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हुए। इनकी पहचान महोबा के भारत सिंह (22) और मेरठ के आदेश कुमार (22) के रूप में हुई। तीसरे बदमाश कुनाल (21) को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया। वह बुलंदशहर का रहने वाला है।बदमाशों से थाना बिसरख से चोरी की गई कार, सूरजपुर के डेल्टा–2 से चोरी की गई टोटियां और अन्य सामान बरामद हुआ। इनके पास से 6000 रुपये, तीन तमंचे .315 बोर, तीन जिंदा कारतूस और तीन खोखा कारतूस भी मिले। घायल बदमाशों को अस्पताल भेजा गया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति अवस्थी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुए जबकि एक को कॉम्बिंग के दौरान पकड़ा गया ।इन बदमाशों पर एक दर्जन से ज्यादा लूट और चोरी के मुकदमे दर्ज है, यह बड़े ही शातिर किस्म के बदमाश हैं।



# जिले के वुशू खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिले के तीन वुशू खिलाड़ियों ने जूनियर राष्ट्रीय वुशू चौंपियनशिप में एक स्वर्ण समेत पांच पदक जीतकर गौतमबुद्धनगर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता का आयोजन हैदराबाद में किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों के 800 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। जिला वुशू एसोसिएशन के सचिव अजय शर्मा ने बताया कि जूनियर राष्ट्रीय वुशू चौंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले के बुधम लामा ने नंदाओ स्पर्धा में स्वर्ण, नानक्वान स्पर्धा में रजत और नानगुन में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं आर्यमन शर्मा ने ताइजीजियन में कांस्य और प्रियांशु ने चौधरी ने भी सांडा कैटेगरी में कांस्य पदक जीता।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए–37, सेक्टर–10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# सोगवारों ने छूरियों, जंजीरें से किया मातम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** करबला के मैदान में नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन और उनके घर वालों को यजीदी लशकर द्वारा शहीद कर दिए जाने की याद में यौम ए आशूरा पर शिया सोगवारों ने जुलूस निकाला। हाय हुसैन की सदाए बुलंद कर रहे सोगवारों ने अपने शरीर पर छूरियां, जंजीरें व कमाह बरसाते हुए अपने आपको लहुलुहान कर मातम किया। गमगीन माहौल में जुलूस करबला पहुंचा जहां पर ताजियों को दफनाया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव थीतकी में शिया सोगवारों ने शनिवार की रात जागकर शब्बेदारी कर मजलिस की। रविवार यानी 10 मोहर्रम की सुबह सभी लोग नमाज ए आशुरा अदा करने के लिए जंगल गए जहां नमाजे जौहरेन के बाद मरसिया ख्वानी सैयद औसाफ हुसैन और सैयद हुसैन सईद ने की। इसके बाद मातमी जुलूस निकाला गया। चाक गिरेबां काले कपड़े पहने हुए शिया सोगवारों ने छूर्रियों, कमाह, जंजीरों और तेज धार ब्लेडों से अपने शरीर को लहूलुहान कर मातम किया। सोगवारों ने 'हाय सकीना हाय प्यास' 'चमन चमन कली कली, अली अली अली अली' 'हुसैनियत जिंदाबाद यजीदियत मुर्दाबाद' की सदाएं बुलंद की।



सोजख्वानी और नोहाख्वानी के साथ मातमी जुलूस इमामबाड़े से शुरू होकर हुसैनी चौक होता हुआ करबला पहुंचा। जहां ताजियों को दफनाया गया, इसके बाद अलविदा पढ़ा गया। जुलूस में मौलाना सैयद मसनद अली, मौलाना सैयद अम्मार हुसैन, मौलाना सैयद आलम मुतवल्ली, पूर्व राज्यमंत्री सैयद ईसा रजा, मेंहदी हसन, मोहम्मद बाकिर, मोहम्मद अथहर, सैयद अब्बास अली, सैयद रहबर अब्बास, सैयद तकरीम हुसैन, सैयद सज्जाद, सैयद आबाद आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से विष्णु मंदिर में मनाया उत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री विष्णु भगवान मंदिर कायस्थवाड़ा में रविवार को वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। भजन गायकों ने सुंदर भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन केएल जनता इंटर कालेज के प्रबंधक दीपकराज सिंघल और भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मंदिर शिखर पर धर्म ध्वज स्थापना आशीष सिंघल ने की। देव प्रतिमाओं का श्रृंगार अजय बंसल, मा. रामशरण दास गर्ग, विनय बंसल, नवीन बंसल, आलोक मित्तल, तुषार अग्रवाल और निखिल सिंघल ने किया। पंडित नीरज शर्मा ने पूजा अर्चना संपन्न कराई। युवा भजन गायक निखिल गर्ग और गौरव शर्मा आदि कलाकारों ने सुंदर भजन प्रस्तुत किए।

ट्रस्ट अध्यक्ष विनय बंसल, महामंत्री एडवोकेट रितेश बंसल, सुनील बंसल, नलिन बंसल, प्रमोद बंसल, बलवंत मित्तल, विजय टंडन, अक्षय बंसल, पंकज राज अग्रवाल, सोनिया बंसल, पूनम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# शिविर में लोगों ने किया बढ़ चढ़कर रक्तदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वरदान सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इसमें लोगो ने रक्तदान कर पुण्य लाभ कमाया।

भायला रोड पर आयोजित शिविर का उद्घाटन करते हुए समाजसेविका इरम उस्मानी ने कहा कि रक्तदान महादान है। आपका रक्त किसी पीड़ित की जान बचा सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी नहीं आती है। उन्होंने लोगों से रक्तदान करते रहने का आह्वान किया। वरदान सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अरविंद खटाना ने रक्तदाताओं को धन्यवाद देते हुए उन्हें बताया कि एकत्र हुआ रक्त जरूरतमंद लोगों की जान बचाने के लिए दिया जाएगा।



इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक तायल, मुकीम अब्बासी, कारी आमिर उस्मानी, डा. नवेद गौड, संजीव सैनी, अशफाकउल्ला खान, सभासद वाजिद मलिक, हुस्ना कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# शिकायतकर्ताओं ने की मंडलायुक्त से जांच बदलने की मांग

**देवबन्द।** ब्लाक प्रमुख ममता और उनकी पति विजय पर सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जे का आरोप लगने के मामले में सीएम कार्यालय से जांच के आदेश हुए थे। शिकायतकर्ता ने मंडलायुक्त को पत्र भेजकर जांच को बदलवाने की मांग की है। घलौली गांव निवासी शिकायतकर्ता सुशील कुमार ने मंडलायुक्त को भेजे पत्र में कहा है कि ब्लाक प्रमुख और उनके पति पर शमशान घाट व उसके बराबर में स्थित तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर करोड़ों रुपये कीमत के 800 पेड़ काटने की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यालय में की थी। सीएम कार्यालय से आदेश होने के बाद इसकी जांच डीएम सहारनपुर ने देवबंद तहसीलदार दी हुई है। सुशील कुमार का आरोप है कि स्थानीय स्तर पर ब्लाक प्रमुख के पक्ष में राजनैतिक हस्तक्षेप होने के कारण स्थानीय अधिकारी निष्पक्ष जांच नही कर पाएंगे। इसलिए जांच को किसी दूसरे जनपद के अधिकारियों को सौपी जाए।

**देवबन्द।** गुरूद्वारा श्री गुरु नानक सभा में आयोजित नि:शुल्क नारायणा होम्योपैथिक कैम्प में डा. कुंवर आर्यमन ने 80 मरीजों की जांच कर दवा दी। गुरूद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले व तीसरे शनिवार को गुरूद्वारा साहिब में कैम्प लगाया जाएगा। जरूरतमंदों की सेवा करना पुनीत कार्य है। इस दौरान गुरजोत सिंह सेठी, श्याम लाल भारती, ज्ञानी अमनदीप सिंह, आशीष सिंह, शेखर मल्होत्रा आदि

# ट्रस्ट ने भाजपा के पुनः नगर महामंत्री बनने पर राजेश अनेजा का किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरू हरकिशन सेवा चौरिटेबल ट्रस्ट ने कार्यक्रम आयोजित कर भाजपा के पुन: नगर महामंत्री बने राजेश अनेजा का स्वागत किया।

गुरुद्वारा गुरू नानक सभा में हुए कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष व पंजाबी समाज के संरक्षक सेठ कुलदीप कुमार ने कहा कि राजेश अनेजा धार्मिक व सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर सेवाएं देते है। उनके लगातार दूसरी बार भाजपा नगर महामंत्री बनने से समाज में खुशी की लहर है। इस दौरान राजेश अनेजा के साथ ही रेसलिंग की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले लक्ष्य अरोड़ा को सिरोपा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के महामंत्री गुरजोत सेठी, सचिन छाबड़ा, हरविंदर सिंह बेदी, बलदीप सिंह, बालेंद्र सिंह, श्याम लाल भारती, सतीश गिरधर, विजय गिरधर, अरविंदर सिंह कपूर आदि शामिल रहे।



# मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्वक सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर व आसपास के क्षेत्रों में मोहर्रम का त्यौहार पूरी श्रद्धा, सुरक्षा और शांति के साथ संपन्न हुआ।

नगर से सटे ग्राम अलादीनपुर ओर मंसूर सराय में इस अवसर पर हर वर्ष की भांति मोहर्रम का मेला बड़ी धूमधाम से आयोजित किया गया। मेले में स्थानीय नागरिकों के अलावा आसपास के गाँवों से भी भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान अखाड़े के खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें कलाकारों ने अपनी मार्शल आर्ट लाठी चलाना, तलवारबाजी व अन्य पारंपरिक कलाएं प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी। ग्राम अलादीनपुर के मेले में एवं अखाड़े में नए-नए कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस विभाग ने पुख्ता इंतजाम किए थे। रोड को डिवाइड किया गया ताकि मेला और आम यातायात में किसी प्रकार की बाधा न आए। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। ग्रामवासियों और मेले में आए दर्शकों ने प्रशासन की व्यवस्था की जमकर सराहना की और कहा कि त्यौहार का यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर सामने आया। थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मोहर्रम के अवसर पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए थे और आमजन के सहयोग से कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। वहीं मोहर्रम के त्यौहार को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए एवं सफाई व्यवस्था को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी के द्वारा भी अपना पूरा सहयोग दिया गया।

# गांव लडवा में आशूरा की मजलिस अदा, मौलाना महमूद सुल्तानपुरी ने किया खिताब

**लडवा/मुजफ्फरनगर।** गांव लडवा में आज 10 मोहर्रम, आशूरा के मौके पर गम-ए-हुसैन की मजलिस का अजीम ओ शान एहतेमाम किया गया। मजलिस को मौलाना महमूद सुल्तानपुरी साहब ने खिताब फरमाया। उन्होंने कर्बला की जंग और हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की कुर्बानी पर रोशनी डालते हुए कहा कि कर्बला सिर्फ शहादत की दास्तान नहीं, बल्कि इंसाफ, हिम्मत और हक की आवाज है। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन ने जालिम हुकूमत के सामने झुकने के बजाय दीन की हिफाजत के लिए अपनी जान और अपने अहलेबैत की कुर्बानी दी। उनकी ए कुर्बानी ता-कयामत इंसानियत के लिए रौशनी का चिराग बनी रहेगी। मजलिस के बाद परंपरागत जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंद शरीक हुए। जुलूस पुरअम्न और अकीदत के साथ गांव की गलियों से होता हुआ कर्बला तक पहुंचा। शाम के वक्त ताजिया को पूरे एहतेराम और गमगीन माहौल में गांव के कर्बला में दफन किया गया। आशूरा के पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था चाकचौबंद रही। गांव और कर्बला क्षेत्र में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे अमन और शांति का माहौल कायम रहा। इस मौके पर इरशाद अहमद, शाहआलम, कघ्मरअली, राशिद साहब, काशिफ, हुसैन अली, आसिफ अली समेत कई सरगर्म अफराद मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और मुहब्बत के माहौल में सम्पन्न हुआ।

## दसवें मोहर्रम यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला

**नहटौर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दसवें मोहर्रम यौम-ए-आशूरा का जुलूस निकाला गया। जुलूस में सौगवारों ने दिल दहला देने वाला मातम किया। ताजियों को परम्परागत तरीके से कर्बला में दफन किया गया। रविवार को दसवीं मोहर्रम पर गिजाल मेहंदी के मेहंदी विला आवास पर मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें इमाम हुसैन की शहादत पर रोशनी डाली गई। इसके बाद नगर के मौहल्ला इमामबाडा रसूलदारान से रोशन चौकी के साथ मोहर्रम का जुलूस शुरु हुआ। जुलूस निर्धारित मार्गो मोहल्ला पौगजान, मीरा की सराय, दरबार सादात, नौधा, धामपुर मार्ग से होता हुआ धामपुर मार्ग स्थित कर्बला में पहुंचा। जहां परम्परागत तरीके से ताजियों को दफन किया गया। युवकों ने छुरिये व जंजीरों से खूनी मातम किया। जुलूस में अकीदत मंद सौगवार मातम और नौहा पढ़ते हुए चल रहे थे।

# मोहर्रम के जुलूस में सोगवारों ने जंजीरों से किया मातम

**नगीना।** नगर में 10 मोहर्रम को इमामे हुसैन की शहादत की याद में जुलूस निकाला गया। जुलूस में सोगवारों ने जंजीरों से मातम किया। जुलूस में या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच कर्बला में ताजिए दफन किए गए। रविवार सुबह से ही मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया था। थाने के पास स्थित किला इमामबाड़ा में दसवीं मोहर्रम की मजलिस की गई। मजलिस को मौलाना कुमैल अब्बास रिजवी ने खिताब किया। उन्होंने कर्बला की घटना को तारीखे इस्लाम की सबसे महत्वपूर्ण घटना बताया। इसके आगे कहा कि मक्कारी से खलीफा बनने वाले यजीद ने मौहम्मद साहब की सदाओं को बदल दिया था। यजीद ने हरामे मौहम्मदी के हलाल और हलाले मौहम्मदी को हराम करार दे दिया था। इस मौके पर अर्शी आब्दी, फरहत आब्दी, गजनफर हसनैन, हुसैन अब्बास, हैदर अब्बास ने नोहा ख्वानी की। नगर के मुख्य मार्गों जामा मस्जिद, बारादरी, सुनहरी मस्जिद, बड़ा मंदिर, मौहल्ला सरायमीर, मौहल्ला शाहजहीर से मोहर्रम का जुलूस शांति पूर्वक निकाला गया। जुलूस में कई अलम व ताजिए शामिल रहे। रविवार की दोपहर थाने के निकट सफदर वाली मस्जिद से आधा दर्जन से अधिक अलम व दो ताजियों के साथ जुलूस शुरू हुआ। परंपरागत मार्गों पर होते हुए धामपुर मार्ग पर स्थित कर्बला में जाकर ताजिए दफन किए गए।

# अशरा-ए-मोहर्रम दस का आज नगर में निकाला गया मातमी जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज मोहर्रम की दस तारीख को नगर में मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस बड़ा इमामबारगाह खालापार से शुरू होकर जामा मस्जिद चौक, बाजार मोरगंज, पुलखुमरान, मोहल्ला कोठी मीर साहब, छींपियान, पुरानी चुंगी, चकरोता रोड से होता हुआ नई बस्ती स्थित कर्बला पहुंचा। यहां देर सांय ताजिए दफनाए गए। इस दौरान नौजवान युवकों, बच्चों व बुजुर्गों ने जंजीरों का मातम कर अपने आपको लहूलुहान किया। जुलूस में आगे बेलगाड़ी, घोड़े चल रहे थे। जिसमें बच्चे हाथों में अलम लिए मातम कर रहे थे। इनके पीछे बड़ा अलम लिए (अलमदार बने) तालिब जै़दी चल रहे थे। तालिब जै़दी कर्बला नई बस्ती के प्रबंधक/मुतवल्ली भी हैं। जुलूस

## नई बस्ती कर्बला में देर सांय दफनाए गए ताजिए

## शाम-ए-गरीबा की मजलिस संपन्न

का संचालन इशरत हुसैन जैदी (गुड्डू), डा. अथर अब्बास जै़दी व अली हव्वारी कर रहे थे। जुलूस के पीछे जुलजुना चल रही थी। इन्हीं के बीच में शहर की तीनों अंजुमने मातम कर नौहाख्वानी कर रही थी। जुलूस जामा मस्जिद पर जब पहुंचा, तो वहां मौलाना सालिम कासमी ने तकरीर की। उन्होंने कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत का फलसफा बयान किया। इस दौरान जुलूस में बड़ा इमामबारगाह खालापार के प्रबंधक/मुतवल्ली डा. सैयद अथर अब्बास जैदी, छोटा इमामबारगाह अंसारियान के प्रबंधक/मुतवल्ली दानिश आब्दी, सैयद इशरत हुसैन जैदी, मसरूर जैदी, वरिष्ठ पत्रकार जिया अब्बास जैदी, समाजसेवी व पत्रकार शादाब आब्दी, सैयद फिरोज हैदर, तौसीफ हैदर, परवेज हैदर, मजहर कासमी, अजहर कासमी, मंजर कासमी एडवोकेट, शबी हैदर, नुसरत अजीज, अरशद अजीज, जैगम अब्बास, प्यारे मियां, अख्तर जैदी, इफ्तखार हुसैन जैदी, वरिष्ठ पत्रकार रवीश आब्दी, वाजिद अली, कासिम अब्बास, जुहैब हैदर, जुनैद हैदर, चांद मियां, मिर्जा महरबान, रियाज हैदर, मिर्जा सुजात, जैनुल हैदर, पत्रकार इंजी. मौ. अब्बास जैदी, अबीर हुसैन, अंजुम हैदर मुख्य रूप से मौजूद रहे। जुलूस के बाद देर रात्रि दस बजे मौहल्ला अंसारियान छोटा इमामबारगाह में शाम-ए-गरीब की मजलिस का आयोजन किया गया। जिसमें मौलाना मीसम नकवी ने तकरीर की और हजरत इमाम हुसैन की शहादत का फलसफा बयान किया। इसके बाद शहर के सभी नौजवानों, बच्चों व बूढ़ों ने नौहाख्वानी कर सीनाजनी की।



**मोहर्रम की दस तारीख को आज नगर में निकाले गए अशरा-ए-मोहर्रम के जुलूस के दौरान बड़ा अलम लिए अलमदार बने तालिब ज़ैदी ( मुतवल्ली कर्बला नई बस्ती के प्रबंधक ) व साथ में सौगवारान।**

# महिला के साथ जमकर मारपीट, दिल्ली अस्पताल में भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम नौरंगाबाद में एक महिला को उसके ही पति द्वारा तेल छिड़क कर आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। झुलसी महिला की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है और उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़िता वंदना देवी के भाई विकास राजपूत ने कोतवाली धामपुर में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी बहन की शादी लगभग 25 वर्ष पूर्व चन्द्रशेखर पुत्र कृष्ण कुमार निवासी नौरंगाबाद, धामपुर के साथ हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद से ही आरोपी पति वंदना के साथ मारपीट, गाली-गलौच और मानसिक प्रताड़ना करने लगा।

परिजनों के अनुसार, चन्द्रशेखर नशे का आदी है और अक्सर नशे की हालत में वंदना को बेरहमी से पीटता रहा है। इस संबंध में पहले भी कई बार कानूनी कार्रवाई और पंचायतें हो चुकी हैं, लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ।

परिवार ने आरोप लगाया कि 5 जुलाई की शाम किसी बात पर विवाद होने के बाद चन्द्रशेखर ने वंदना के साथ जमकर मारपीट की, फिर उसे एक कमरे में बंद कर तेल छिड़क कर आग लगा दी। वंदना की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने किसी तरह दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

हालत गंभीर देखते हुए उसे प्राथमिक इलाज के बाद दिल्ली रैफर कर दिया गया, जहां वह सफदरजंग अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। परिजन कोतवाली धामपुर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों मैं हड़कंप मचा है।



## दुकान में चोरी

**स्योहारा।** नगर के इस्लामनगर निवासी मौ. अकरम पुत्र मौ. असलम जो पेशे से पलम्बरिंग पार्ट्स की दुकान चलाते हैं। उनकी दुकान ग्राम फैजुल्लापुर में नूरपुर-स्योहारा राज्य राजमार्ग पर स्थित है। वह रोज की तरह रात लगभग 8:15 बजे दुकान बंद कर घर लौट गए थे लेकिन रात्रि के किसी समय अज्ञात चोर दुकान के लिंटर के नीचे की दीवार में कुंबल लगाकर अंदर घुसे और गल्ले में रखे लगभग 45,000 रूपए नकद के साथ-साथ पीतल धातु की टंकियां, सलेंडर, डोल्ची व अन्य कीमती पिलम्बरिंग सामान चुरा ले गए।

## आदिल अब्दुल्ला ने पास की सीए की परीक्षा



**नहटौर।** नगर के मौहल्ला ईदगाह निवासी आदिल अब्दुल्ला फारूकी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर शहर व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदिल की इस उपलब्धि से परिजनों में खुशी का माहौल है। नगर के मशहूर पेंटर बुक डिपो मरहूम नूर अहमद पेंटर के पुत्र है। आदिल के बड़े भाई अली जमीन ने बताया कि आदिल बचपन से ही पढ़ाई में होशियार रहे हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा नगर के एचएमआई इंटर कॉलेज से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी। अली जमीन ने बताया कि हाईस्कूल के बाद से ही आदिल ने सीए बनने के सपने देखे थे। इंटर पास करने के बाद वह दिल्ली तैयारी करने चले गए। उसके बाद से वह मेहनत के साथ तैयारी में जुटे थे। रविवार को जारी हुए सीए के परीक्षाफल में वह उत्तीर्ण होने में कामयाब रहे।

# अवैध तमंचे के साथ वायरल वीडियो में रिपोर्ट हुई दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों की नुमाइश लगातार पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। मामला क्षेत्र के ग्राम गढ़ी अब्दुल्ला खां से जुड़ा है, जहां के एक युवक द्वारा इंस्टाग्राम पर एक हाथ में तमंचा लिए हुए गाने की धुन पर वीडियो पोस्ट किया गया था। थाना में दर्ज हुए मामले की जानकारी के अनुसार, जब उपनिरीक्षक एक नियमित वाहन चेकिंग अभियान के बाद लौट रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गढ़ी अब्दुल्ला गांव निवासी एक युवक ने सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ वीडियो साझा किया है। मामला गंभीर मानते हुए पुलिस ने जांच प्रारंभ की। युवक शारिक पुत्र नाजिम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट sharik pathan shab पर यह वीडियो स्टोरी के रूप में पोस्ट की थी, जो कस्बे के कई अन्य लोगों के मोबा. इल में भी देखी गई। पुलिस द्वारा वीडियो की जांच की गई, जिसके बाद पुष्टि हुई कि वीडियो उसी युवक द्वारा पोस्ट किया गया है। इस पूरे प्रकरण पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा तत्काल जांच के आदेश दिए गए थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि सूचना मिलने के लगभग एक सप्ताह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है, जबकि अब तक युवक की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## टंकी पर लगे इनवर्टर-बैट्रियां चोरी

**गढ़ीपुख्ता।** गांव भैंसवाल स्थित पानी की टंकी पर तैनात ऑपरेटर विवेक शर्मा ने बताया कि 29 जून को टंकी परिसर में बने कमरे की चाबी कहीं गुम हो गई थी। रविवार को जब वह टंकी पर पहुंचे, तो कमरे का ताला खुला मिला और अंदर से इनवर्टर के साथ दो बैटरियां गायब थीं। आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुराने ताले की चाबी या मास्टर चाबी की मदद से ताला खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ऑपरेटर ने थाने में तहरीर देकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है।

# वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ के तहत किया पौधारोपण





**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** संयुक्त चिकित्सालय शामली में वन महोत्सव में पौधों का रोपण कर मनाया गया जिसमें वन विभाग के कर्मचारी एवं संयुक्त चिकित्सालय शामली के डॉक्टरों ने प्रतिभाग किया एवं पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया। वन महोत्सव में डॉ अनिल कुमार (सीएमओ), डॉ किशोर आहूजा (CMS), डॉ अशोक कुमार, डॉ नरेश सैनी सर्जन, डॉ कर्मवीर सिंह, डॉ ताहिर बेग के द्वारा पौध रोपण किया गया।

**शामली।** पर्यावरण संतुलन, हरियाली संवर्धन एवं सामाजिक जागरूकता के उद्देश्य से कात्यायनी देवी ट्रस्ट द्वारा रविवार को मेरठ रोड स्थित ग्राम सिभालखा में एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 85 पौधे रोपित किए गए, जिनमें फलदार, छायादार और औषधीय पौधों की विविध प्रजातियां शामिल रहीं।ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने संस्था का सहयोग करते हुए पौधारोपण कराया। कात्यायनी देवी ट्रस्ट द्वारा पिछले वर्ष में 311 पौधे विभिन्न क्षेत्रों में रोपित किए गए थे। इन पौधों की पूरे वर्ष लगातार देखभाल, सिंचाई और संरक्षण किया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि उनमें से लगभग 255 पौधे आज भी स्वस्थ रूप से बढ़ रहे हैं और हरियाली को साकार कर रहे हैं। इस वर्ष संस्था ने अपने संकल्प को और आगे बढ़ाते हुए 551 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस क्रम में पिछले रविवार को 10 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर अतुल, रोबिन, आशीष, कंवरपाल, सतीश तायल, नंदकिशोर, रवि, अंकित, अजय, अमन, गगन, अनुज, पियूष आदि मौजूद रहे।

**शामली।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के पदाधिकारियों द्वारा पेड़ लगाओ, पेड बचाओ अभियान के अन्तर्गत शहर की गौशाला में पौधारोपण किया गया।

रविवार को बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष विशाल निर्वाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा सप्ताह आज 6 जुलाई को शामली नगर के विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया गया। यहां पौधों का रोपण कर उनकी सुरक्षा का भी संकल्प लिया गया। लगभग 145 पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम में जिला प्रमुख अर्जुन गौतम, जिला सह गो रक्षा प्रमुख गो. विंदा सैनी, जिला सत्संग प्रमुख रवि कुमार, शामली नगर मंत्री विशाल भारती, नगर संयोजक ऋतिक अरोड़ा, अंकित, सागर, विशाल, भारत, रॉकी, आयुष, आशु, सौरभ और दर्जनों कार्यकर्ता ने गौशाला में पौधारोपण किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा बताया गया कि संगठन हर वर्ष वर्षा ऋतु में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करती है और समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाने का कार्य करती है। यह सिलसिला आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# इमाम हुसैन की सदा से गूंजा आसमान, खूनी मातम













**शाह टाइम्स टीम**

**झिंझाना।** दस मुहर्रम पर आशूर के दिन हजरत इमाम हुसैन की याद में शिया समुदाय के सोगवारों ने मुहर्रम पर शबी ए ताबूत अलम व जुलजनाह का मातमी जुलूस निकाला। इस दौरान या हुसैन की सदाएं गूंजती रही। सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल तैनात रहा।

रविवार को पूर्व प्रधान फजल अली के आवास से नवासे रसूल हजरत इमाम हुसैन की शहादत पर दस मुहर्रम आशूर के दिन एक मातमी जलूस निकाला गया। जलूस इमाम बारगाह से शुरू होकर गलियो से गुजरता हुआ कर्बला में सम्पन्न हुआ। जलूस में सीनाजनी जंजीरो का मातम किया गया। इस दौरान जलूस में शर्बत, खाना, चाय का वितरण किया गया। जुलूस से पहले मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मोहम्मद वसीम बहराइच ने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन व 72 जानिसारों ने दीन व हक के लिए अपनी कुर्बानी दी। इससे पहले उन्हें यातनाएं दी गई।एल, लेकिन वह यजीद के अत्याचारों के सामने नहीं झुके। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे बेहतर अमल झूठ न बोलना है। मौलाना ने सिया सोगवारो को फरमाते हुए कहा कि इमाम हुसैन व उनके 72 साथियों को कर्बला के मैदान में शहीद कर दिया गया। इस अवसर पर अली रजा, हमजा जैदी, सैयद वसी हैदर, नफीस शाह आदि ने मर्सिया खानी की। इस दौरान जलूस में या हुसैन की सदाएं गूंजती रही। जलूस इमाम बारगाह से निकलकर गलियो से होते हुए कर्बला में समाप्त हुआ। इसके बाद कर्बला मे ताजिए दफन किए गए। इस अवसर पर, स"यद फजल अली उर्फ अच्छू मिया,अली जोन, नियाज हैदर, जिंदा शाह, हामिद शाह, गुड्डू मिया, सैयद कमर अब्बास,कमर रजा जैदी, स"यद मेहताब मेहदी, बाकिर अली, डॉक्टर बाकर जैदी, आफताब मेहदी, सलीम शाह, साजिद शाह, साबिर शाह, सैयद मेहताब मेहदी, मिन्हाल मेहदी, मोहसिन रिजवी आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मुहर्रम की दस तारीख को मोहल्ला आलकलां स्थित रजा अली खान के अजाखाना से या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ ताजिया जुलजना अलम के साथ जुलूस निक. ला गया। इस दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पीएसी बल के साथ मौजूद रहे।

रविवार की शाम कस्बे के मोहल्ला आलकलां स्थित मुतवल्ली सैयद रजा अली खान के अजाखाना से या हुसैन या हुसैन की सदाओं के बीच ताजिया जुलजना अलम जुलूस निकाला गया। इस दौरान मुदस्सिर अली जैदी, कुर्रतुलएन,वसी हैदर साकी व सैयद रजा अली खां ने नोह ख्वानी व मर्सिया पढा। जुलूस के दौरान शिया सोगवारों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में जमकर सीनाजनी करते हुए खुद को लहूलुहान कर लिया। इस दौरान आकर्षण का केंद्र बने दुलदुल के घोड़े को देखने के भारी भीड़ मौजूद रही।मासूमों के साथ-साथ शिया सोगवार हाथों में अलम उठाकर या हुसैन या हुसैन के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। इमाम बारगाह में मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद अलीम अख्तर ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने दुनिया को सब्र व इंसानियत का पैगाम दिया है। शोह-दाए-कर्बला का जिक्र सुन अकीदतमंदों की आंखें नम हो गई। उन्होंने कहा कि बड़ी बहादुरी से हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम ने यजीद की फौज से डटकर मुकाबला किया था। कर्बला में इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के साथ उनके 72 साथियों ने अपनी शहादत दी थी कयामत तक उनकी शहादत याद किया जाता रहेगा। हजरत इमाम हुसैन का किरदार यह था कि जब मक्का से कूफे के सफर के वक्त दुश्मन ने उन्हें घेरा तो उन्होंने देखा कि दुश्मन की फौज इतने प्यासे हैं कि जंग करने के काबिल भी नहीं हैं। इमाम हुसैन चाहते तो यजीद की फौज पर हमला कर देते, लेकिन कमजोर पर हमला करना दीन-ए-इस्लाम नहीं सिखाता। इसलिए उन्होंने न सिर्फ दुश्मन के फौजियों को बल्कि उनके प्यासे घोड़ों को भी पानी पिलाया।हजरत इमाम हुसैन को कर्बला में तीन दिन का प्यासा शहीद किया गया। यही हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी है,जिसे याद करके आज भी अकीदतमंदो की आंखें नम हो जाती हैं। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने संभाल रखी थी। मौके पर पीएसी बल के साथ साथ खुफिया विभाग भी मौजूद था। जुलूस मुख्य मार्ग से होता हुआ जगदीश प्रसाद महिविद्यालय की खाली पड़ी भूमि में ताजिया दफन करने के साथ ही सम्पन्न हुआ। इस दौरान सैयद अली हैदर जैदी, दानिश रजा शहाबुद्दीन उर्फ शहाब, अहमद अली जैदी, सैयद मुहम्मद शुएब, नवेद जैदी व नवाजिश आदि मौजूद रहे।

**थानाभवन।** कस्बा थानाभवन में मोहर्रम के अवसर पर सुन्नी समुदाय द्वारा पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ भव्य जुलूस निक. ला गया। जुलूस का शुभारंभ चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद एवं पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी मोहम्मद अहमद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया, जबकि हाजी अखलाक, अकरम तीरगर और हाजी इकबाल ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। यह ऐतिहासिक जुलूस मोहल्ला छिपियान से आरंभ हुआ, जिसमें खलीफा अखलाक अहमद और उस्ताद इकराम अहमद के नेतृत्व में अकरम, रियाजत, फैयाज अहमद, सफात, रिफाकत, महराज, आलिशान राव, भूरा बाजदार, शावेज, सुएब, नवेद, सरफराज, आलिम, मोहम्मद आरिफ, जावेद, राव मसरूर, राव तालिब, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद हारिश, मुजम्मिल कचौरी, अर्श राणा और मुजम्मिल समेत अनेक युवाओं ने भाग लिया।

इन युवाओं ने पारंपरिक शस्त्रों तलवार, गदका, चक्र, लाठी, बल्लम और छतड़ीकृके साथ साहसिक करतब प्रस्तुत किए, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। जुलूस ऊंटों, घोड़ों तथा ढोल-नगाड़ों के साथ नगर की प्रमुख गलियों और मार्गों से होता हुआ निकला।कार्यक्रम का संचालन युवा दानिश तीरगर ने कुशलतापूर्वक किया। देर शाम जुलूस पुनः मोहल्ला छिपियान पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। बेहतरीन पुलिस व्यवस्था के लिए हाजी राव जमशेद ने क्षेत्राधिकारी जितेन्द्र कुमार यादव, थाना प्रभारी ब्रजेश रावत एवं कस्बा इंचार्ज इंद्रसेन को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। साथ ही, जुलूस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया गया।

**थानाभवन।** मुहर्रम के महीने में रविवार को थानाभवन कस्बे में शिया समुदाय के सोगवारों ने हजरत इमाम हुसैन की याद में मातमी जुलूस निकाला। यह जुलूस पूरी अकीदत और गमगीन माहौल में मोहल्ला हाफिज दोस्त स्थित छोटे इमामबाड़े से शुरू हुआ और लाल मस्जिद, रेती मोहल्ला, मैन बाजार होते हुए बड़े इमामबाड़े तक पहुंचा। इसके बाद जुलूस का समापन मोहल्ला सै"यदान स्थित अमरूदों वाली मस्जिद पर किया गया।इस दौरान शिया धर्मगुरु मौलाना शबाहत बाकरी ने मजलिस को संबोधित करते हुए करबला के वीर शहीद हजरत इमाम हुसैन की कुर्बानी को याद किया और कहा कि इमाम हुसैन ने इंसानियत, हक और सच्चाई के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी। उनका पैगाम आज भी दुनिया को इंसाफ, सब्र और ईमानदारी का रास्ता दिखाता है। जुलूस में अंजुमनों ने नौहा खानी और सीना जनी की। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

## एक नजर

### ऋण माफी के बाद भी बैंक ने भेज दिया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** गांव टोडा निवासी किसान ने किसान क्रेडिट कार्ड करीब 13 वर्ष पूर्व बनवाया था जो वर्ष 2016 में ऋण माफी योजना के अंतर्गत माफ कर दिया गया था लेकिन बैंक द्वारा किसान को ऋण जमा करने हेतु नोटिस थमा दिया गया इस संबंध में किसान ने उप जिला अधिकारी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांव टोडा निवासी किसान पिंदर पुत्र रगवीर ने इंडियन बैंक ऊन से वर्ष 2012 में रु. 60000 का किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था किसान का आरोप है कि सरकार द्वारा ऋण माफी योजना में वर्ष 2016 में उसका ऋण माफ हो गया था कृषि विभाग द्वारा जिसका नंबर 123160 बताया गया था कर्ज माफ होने के कारण उसने ऋण जमा नहीं किया अब बैंक द्वारा नोटिस दिया गया है तथा ऋण जमा करने के लिए बार-बार परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में किसान ने उप जिला अधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### मकान बंटवारे के विवाद में मारपीट कर महिला के दांत तोड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** महिला ने मकान बटवारे के विवाद में सगे भाइयों समेत पांच लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करके उसकी मां के दांत तोड़ने का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव मामौर निवासी महिला मूना ने कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया है। बताया कि शनिवार दोपहर करीब 12 बजे खेरून, इसरार, समीर, आसमा व आस मोहम्मद निवासीगण ग्राम मामौर ने मकान बटवारे को लेकर उसके तथा उसके पति के साथ में मारपीट कर दी थी। उसने गांव नंगलाराई में अपनी मां मुंतियाज को फोन करके घटना के बारे में बताया था, जिस पर दोपहर करीब तीन बजे उसकी मां मामौर में उसके यहां आ गई। वह घर के अंदर बैठकर अपनी मां को घटना के बारे में बता ही रही थी कि इसी दौरान उपरोक्त पांचों आरोपी लाठी-डंडों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। जहां पर आरोपियों ने आते ही उसे तथा उसकी मां को भद्दी-भद्दी गालियां देनी शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने का विरोध किया तो आरोपी हाथों में लिए लाठी-डंडों से उनके ऊपर प्रहार करने लगे। आरोपियों ने उसकी मां के मुंह पर लाठी से जोरदार प्रहार किया, जिससे उसके तीन दांत टूट गए। आरोपियों के हमले में उसकी मां गम्भीर रूप से घायल हो गई। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। वहीं, पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शिविर में किया 78 यूनिट रक्तदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** रविवार को कस्बे के तीतरवाड़ा मार्ग पर स्थित आईबीएम ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के तत्वावधान में सहयोगी संस्था जनहित लोक कल्याण समिति की ओर जरूरतमंदों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ राष्ट्रीय लोकदल के शामली जिलाध्यक्ष वाजिद अली ने रिबन काटकर किया। इस दौरान विभिन्न जगहों से पहुंचे 78 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रूप से जरूरतमंदों के लिए खूनदान किया। वहीं, शिविर आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करके उनका उत्साहवर्धन किया गया। शामली चौरिटेबल ब्लड बैंक की टीम के द्वारा रक्त संग्रहण का कार्य किया गया। रक्त संग्रह करने पहुंची टीम का नेतृत्व डॉ. अभिषेक खेड़ा ने किया, जबकि टीम में अजय कुमार, अरविंद कुमार, सुमित व अंकित आदि शामिल रहे। हारुण ठेकेदार, डॉ. बाबर चौहान, डॉ. शान चौधरी, रमीज चौधरी, वाजिद आदि उपस्थित रहे।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारत. ूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है। एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता आस मोहम्मद निवासी मोहल्ला गुम्बद कस्बा कैराना बताया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धारा में अभियोग पंजीकृत करके उसका चालान कर दिया है।

### युवती के अपहरण के षड्यंत्र में शामिल आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस ने युवती के अपहरण के षडडंत्र में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद हुई है। विगत 25 जून को क्षेत्र निवासी व्यक्ति द्वारा कोतवाली कैराना पर पुत्री के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया था। रविवार को महिला अपराधों में लिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण के षडडंत्र में शामिल रोहित निवासी ग्राम पंजीठ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। युवती ने बरामदगी के पश्चात अपने बयानों में आरोपी युवक को उसके अपहरण के षडडंत्र में शामिल होने की बात कही थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। विदित रहे कि कोतवाली पुलिस उक्त मामले में युवती के अपहरण के मुख्य आरोपी बॉबी व षड्यंत्र में शामिल उसकी मां को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है।

# निकाह में फिजूलखर्ची रोकने व नशामुक्त समाज बनाने को हुई पंचायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव सोंटा रसूलपुर स्थित मदरसा मदीना तुल उलूम में मुस्लिम राजपूत वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आज एक विशेष पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने और सामाजिक सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया।

पंचायत की अध्यक्षता राव साजिद नम्बरदार ने की, जबकि संच. ालन मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मास्टर जाहिद ने किया। मास्टर जाहिद ने पंचायत में स्पष्ट कहा कि निकाह जैसे पवित्र रिश्ते को दिखावा और फिजूलखर्ची से मुक्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने डीजे, नाच-गाने और आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की बात कही। साथ ही म्रत्यु भोज जैसी परंपराओं को भी समाप्त करने का आह्वान किया। पंचायत में बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, समाज में फैले नशे को खत्म करने और वैवाहिक विवादों को आपसी पंचायत के माध्यम से हल करने की रणनीति पर भी चर्चा हुई।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक राव अब्दुल सत्तर ने कहा कि नशाखोरी और समाज में चल रही मुखबरी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि इन सुधारों की निगरानी के लिए एक विशेष पंचायत प्रणाली की स्थापना की जाएगी।



कार्यक्रम के दौरान NEET परीक्षा 2025 में सफलता पाने वाले छात्र हबीबुर रहमान पुत्र राव रब्बानी बुन्टा को मुस्लिम राजपूत बिरादरी द्वारा मुमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ा।इस मौके पर पूर्व विधायक राव वारिश, चेयरमैन हाजी राव जमशेद, राव मुर्सलीन प्रधान, असलम प्रधान, भुट्टू प्रधान, मुफ्ती अब्दुल्ला कासमी, मा. आदिल, मा. गुफरान, जमीर चौहान, नईम एडवोकेट, राव इकबाल, मास्टर आबिद, मौलाना तकी असलम, उम्मेद राणा समेत कई समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**दूसरी ओर उठे सवाल**

जहां पंचायत में समाज सुधार के लिए तमाम वादे किए गए, वहीं मुस्लिम राजपूत समाज के कुछ लोगों ने इस प्रयास को मात्र एक औपचारिकता बताया जिसका उद्देश्य अपना चेहरा चमकाना मात्र है। उनका कहना है कि यह एसोसिएशन पिछले लगभग डेढ़ दशक से सक्रिय है, लेकिन जमीनी स्तर पर आज तक कोई प्रभावी बदलाव देखने को नहीं मिला है।आरोप लगे कि संगठन के कई पदाधिकारी स्वयं इन सुधारों पर अमल नहीं करते, बल्कि दूसरों को उपदेश देना ही उनका उद्देश्य बनकर रह गया है। दहेज उन्मूलन जैसे गंभीर मुद्दे को संगठन के मैनिफेस्टो में शामिल तक नहीं किया गया, जबकि यह समाज की एक बड़ी चिंता है।

एक आलोचक ने कहा, ष्ए लोग खुद शादियों में गाड़ियों के काफिले के साथ जाते हैं, एक पदाधिकारी के साथ पांच-सात लोग तो आम बात है। फिर समाज को सादगी का संदेश कैसे देंगे?

यह पंचायत जहां समाज सुधार की दिशा में एक सराहनीय पहल मानी जा सकती है, वहीं आला. ेचनाओं से यह भी स्पष्ट है कि इस मुहिम को सफल बनाने के लिए केवल बातें नहीं, बल्कि आत्मावलोकन और अमल जरूरी है। समाज को बदलने के लिए सबसे पहले खुद को बदलना होगा तभी इस तरह की पंचायतें सार्थक सिद्ध हो पाएंगी।

# कांवड़ मार्ग के दुकानदार शुद्ध व बिना मिलावट की खाद्य सामग्री बेचें: व्यापार मंडल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कावड़ यात्रा के दौरान कावड़ मार्ग पर जाने वाले सभी शिव भक्तों को केवल शुद्ध व बिना किसी भी प्रकार की मिलावट वाली खाद्य सामग्री निर्धारित दरो पर बेचने का आवाहन किया है। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग, प्रदेश संगठन मंत्री एसपी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश के व्यापारियों को भोले शिव शंकर की भक्ति में हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने जिलों व नगरों में कावड़ यात्रा के रूप में जाने वाले कावड़ शिव भक्तों के सम्मान में शुद्ध खादय सामग्री बेचे। कहा कि देश व प्रदेश का व्यापारी सदैव ईमानदारी के साथ अपना व्यापार करता है। मगर व्यापार मंडल की आचार संहिता के अनुसार व्यापार मंडल किसी भी अशुद्ध सामान या मिलावट खोरी करने वाले व्यापारी का व्यापार मंडल सहयोग नहीं करता ना ही करेगा। इसलिए इस शिव भक्ति के पावन अवसर पर सभी व्यापारी व्यापार मंडल की आचार संहिता के अनुरूप ही शिव भक्तों को केवल शुद्ध भोजन मुहैया कराए।

## बुजुर्ग पर बाइक चढ़ाने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

**कैराना।** पांवटी कलां निवासी सुरेश ने कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कराया है। बताया कि गांव का ही रणकुमार नामक व्यक्ति झगड़ालू व दबंग किस्म का है। वह आए दिन गाली-गलौच व अपशब्दों का इस्तेमाल करके उसे तंग व परेशान करता रहता है। शनिवार प्रातः करीब साढ़े सात बजे वह अपने घर से खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान उक्त रणकुमार बाइक से वहां पहुंचा। आरोप है कि उक्त रणकुमार ने बाइक उसके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया, जिससे उसने बाम. ुश्किल अपनी जान बचाई। इसके बाद, आरोपी ने बाइक से उतरकर उसे धक्का देकर नीचे गिरा दिया तथा कई लात मारी। शोर मचाने पर अन्य ग्रामीण मौके पर इकठा हो गए और उसे आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### विश्व मुक्केबाजी कप में साक्षी ने जीता स्वर्ण पदक

**अस्ताना, वार्ता।** दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने रविवार को यहां महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मुक्केबाजी कप - अस्ताना, कजाकिस्तान 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 वर्षीय साक्षी ने यूएसए की योसलाइन पेरेज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया और जजों से सर्वसम्मति से फैसला प्राप्त किया। यहां विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय दल का प्रदर्शन शानदार रहा और उसने कुल 11 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे। रविवार को पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ही थीं जो गति और पंचों के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष पर रहीं। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा के फाइनल में स्थानीय पसंदीदा नाज़मि काइजेबे के खिलाफ़ जीत के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन 3-2 के फैसले से हार गईं। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक के साथ घर लौटेंगे।

### नीरज ने अपने नाम का टूर्नामेंट जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने अपने ही नाम शनीरज चोपड़ा क्लासिकश का टूर्नामेंट जीत लिया। बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में नीरज ने अपने घरेलू दर्शकों के साथ 86.18 मीटर भाला फेंका और पहले स्थान पर रहे। 27 साल के नीरज चोपड़ा पहली बार अपने देश में किसी वर्ल्ड क्लास इवेंट में हिस्सा ले रहे थे। वर्ल्ड एथलेटिक्स ने इस टूर्नामेंट को श्एश कैटेगरी दी है। टाइटल जीतने के बाद नीरज ने कहा- मैं इस डिस्टेंस से खुश नहीं हूं।

# बर्मिंघम में 58 साल बाद भारत की जीत

**● दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 336 रन से हराया, आकाशदीप को 10 विकेट शुभमन गिल के 430 रन सीरीज 1-1 से बराबर**






**बर्मिंघम, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को बर्मिंघम के एजबेस्टन ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 336 रन से हरा दिया। इसके साथ ही पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर हो गई है। 608 रन के टारगेट का पीछा कर रही इंग्लैंड की टीम मैच के आखिरी दिन 271 रन पर आलआउट हो गई। यह इंग्लैंड की धरती पर रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 279 रन से जीत का था। भारत ने 1986 में लीड्स में अंग्रेजों को इस अंतर से हराया था। साथ ही भारत ने बर्मिंघम में 58 साल में पहली जीत हासिल की है। इससे पहले यहां खेले 8 टेस्ट में से सात में भारत को हार मिली थी और 1 मुकाबला ड्रा हुआ था। मैच के आखिरी दिन इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 72 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बारिश के कारण मुक.ाबला करीब 90 मिनट की देरी से शुरू हुआ। लंच तक अंग्रेजों ने तीन विकेट और गंवा दिए। दूसरे सत्र में बाकी बचे चार विकेट गिरे। भारत के लिए आकाश दीप ने 6, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिए।

भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। 64वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवा दिया। यहां जोश टंग (2 रन) को रवींद्र जडेजा ने मोहम्मद सिराज के हाथों कैच कराया। आकाश ने लगातार दो छक्के खाने के बाद स्मिथ को कैच कराया। 56वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गंवाया। यहां जैमी स्मिथ (88 रन) को आकाश दीप ने वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। वे 5 विकेट ले चुके हैं। आकाश ने ओली पोप (24 रन), हैरी ब्रूक (23 रन), बेन डकेट और जो रूट के विकेट भी झटके। 53वें ओवर में इंग्लैंड ने 7वां विकेट गंवा दिया है। यहां प्रसिद्ध कृष्णा ने क्रिस वोक्स को सिराज के हाथों कैच कराया। वोक्स 7 रन बनाकर आउट हुए। इसी ओवर में जैमी स्मिथ डीआरएस लेकर पगबाधा होने से बच गए। फील्ड अंपायर ने उन्हें भारत की अपील पर आउट दे दिया था। रिप्ले से पता चला कि बाल स्टंप से ऊपर थी। जैमी स्मिथ ने वाशिंगटन सुंदर के ओवर में 17 रन बनाए। उन्होंने 49वां ओवर डाल रहे सुंदर की पहली बाल पर छक्का लगाया। फिर चौथी बाल पर चौका और 5वीं बाल पर छक्का लगाया। आखिरी बाल पर एक रन भी आया। इंग्लिश विकेटकीपर जैमी स्मिथ ने 47वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने वाशिंगटन सुंदर के ओवर की तीसरी बाल पर

# गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर-4 की याद दिला दी: ट्रॉट



**● जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा : मैं ईमानदारी से यहा आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं**

**बर्मिंघम, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल की जबरदस्त बल्लेबाजी की सराहना करते हुए कहा है कि गिल ने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी। जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ ट्रॉट ने 'मैच सेंटर लाइव' में कहा कि मैं ईमानदारी से यहां आकर और उस पारी को देखकर खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। मुझे याद नहीं आता कि उसने इंग्लिश गेंदबाजों को एक भी मौका दिया हो। जिस तरह से उसने गियर बदला - अपनी मर्जी से छक्के लगाए - बिना किसी स्लोगन के, सिर्फ शुद्ध क्रिकेट शॉट, वह कुछ खास था। उसने दिखाया कि वह कितना संपूर्ण बल्लेबाज है। इसने मुझे पिछले भारतीय नंबर चार की याद दिला दी कि लगभग उस प्रतिभा की कार्बन कॉपी। मुझे नहीं लगता कि वह इस दौरे पर अपने पहले दो टेस्ट मैचों में इससे बेहतर शुरुआत की कल्पना कर सकता था। निश्चित रूप से, वह हेडिंग्ले में जीतना चाहता था, लेकिन अब उम्मीद है कि वह यहां एक शानदार जीत दर्ज करेगा। मैच सेंटर लाइव' पर बोलते हुए, जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने भी शुभमन गिल की शानदार पारी की भी प्रशंसा की कि शुभमन कभी भी कोई गलती नहीं कर सकते हैं, और मुझे उम्मीद है कि यह फ़ॉर्म यथासंभव लंबे समय तक जारी रहेगा। लेकिन यह संयोग से नहीं हुआ है। उन्होंने लाल गेंद के खिलाड़ी के रूप में सुधार करने के लिए बहुत मेहनत की है। आईपीएल के दौरान भी। उन्होंने अपनी रणनीति में बदलाव किया है, अपनी तकनीक में थोड़ा बदलाव किया है, और आप परिणाम देख सकते हैं। जब शुभमन गिल जैसा प्रतिभाशाली व्यक्ति कड़ी मेहनत करता है गज की दूरी तय करके, वह उस 'लीजेंड' क्षेत्र में कदम रखता है। आरोन ने इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण पर टिप्पणी की, ह्क्रिस वोक्स जैसे गेंदबाज में वास्तव में गति की कमी है। इस तरह के विकेट पर, आपको गति और लाइन की आवश्यकता होती है। वह एक बहुत अच्छा गेंदबाज है, इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन वह चोट से वापस आ रहा है और शायद अपनी चरम गति से गें.दबाजी नहीं कर रहा है। भले ही वह अच्छे क्षेत्रों में हिट कर रहा हो, लेकिन इसके पीछे पर्याप्त नहीं है। अधिकांश अंग्रेजी गेंदबाज हिट-द-डेक गेंदबाज हैं, जो इस विकेट के लिए कुछ हद तक अनुकूल है - लेकिन उन्होंने बहुत कम गेंदबाजी की है। वरुण आरोन ने कहा कि 'पहले टेस्ट में, स्टोक्स ने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन इस बार, वह उतना प्रभावी नहीं रहा है। इसलिए, यदि आप शीर्ष तीन अंग्रेजी गेंदबाजों को देखें, तो वे इन परिस्थितियों के अनुक.ूल नहीं लगते हैं। दूसरी ओर, सिराज और आकाश दीप जैसे भारतीय गेंदबाज़ बहुत कम गति से गेंदबाजी कर रहे हैं। स्वस्थ गति - लगातार 140 किमी प्रति घंटा - और पूरे समय स्टंप पर हमला किया है। हर बार जब वे स्टंप के लिए गए हैं, तो कुछ हुआ है। उन्होंने सीम को जोर से मारा है और क्रीज का वास्तव में अच्छा उपयोग किया है। यह पांच बहुत अलग गेंदबाज हैं जो

# एक टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय बने शुभमन गिल

**● भारत ने पहली बार हजार रन बनाए, शुभमन गिल ने 11 छक्के लगाए**

**बर्मिंघम, वार्ता।** बर्मिंघम टेस्ट के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया। शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे। शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने। शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने। शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे

## गावस्कर का 774 रन का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं गिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** मौजूदा भारतीय कप्तान शुभमन गिल पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

गावस्कर ने 1971 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ सीरीज में चार मैचों में 774 रन बनाये थे और उनका वो रिकॉर्ड आज तक कायम है। कोई भी भारतीय इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया है। दूसरे नंबर पर भी गावस्कर ही हैं जिन्होंने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में छह मैचों में 732 रन बनाये थे। तीसरे नंबर पर मौजूदा ओपनर यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने 2023-24 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में पांच मैचों में 712 रन बनाये थे। रन मशीन विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014-15 की सीरीज में चार मैचों में 692 रन बनाये थे। गिल ने एजबेस्टन टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ कुल 430 रन बनाए हैं, जो टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं, पहले नंबर पर ग्राहम गूच हैं, जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ 456 रन बनाए थे। गिल ने इस इंग्लैंड दौरे पर पहले दो टेस्ट में 585 रन बनाए हैं, जो सीरीज के पहले दो टेस्ट में दूसरे सबसे अधिक रन हैं। पहले नंबर पर ग्रीम स्मिथ हैं, जिन्होंने 2003 में इंग्लैंड में 621 रन बनाए थे। गिल अब बतौर कप्तान पहले दो टेस्ट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं, उन्होंने कोहली के 449 रनों को पछाड़ा। गिल दूसरे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने दो बार टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाए हैं, उनसे पहले ऐसा 1980 में एलेन बॉर्डर ने पाकिस्तान के खिलाफ लाहौर में नाबाद 150 और 153 रन बनाकर किया था। गिल उन नौ बल्लेबाज़ों में से एक बन गए हैं, जिन्होंने एक टेस्ट में शतक और दोहरा शतक लगाया है।




# कार्लसन ने गुकेश को हराया, बढ़त बनाई

**ज़ाग्रेब, वार्ता।** मैग्नस कार्लसन ने ब्लिट्ज प्रारूप में भारत के डी गुकेश को हराया और यहां खेले जा रहे 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज में बढ़त हासिल कर ली। गुकेश ने 3 जुलाई को रैपिड प्रारूप में कार्लसन को हराया था, लेकिन कल नॉर्वे के खिलाड़ी ने उन पर आसान जीत हासिल की। गुकेश क्लासिकल प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं, जबकि कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज प्रारूप में विश्व नंबर 1 हैं। 2025 सुपरयूनाइटेड क्रोएशिया रैपिड एंड ब्लिट्ज के रैपिड प्रारूप में शीर्ष पर रहने वाले गुकेश का शनिवार को दिन बहुत खराब रहा, क्योंकि गुकेश ब्लिट्ज के नौ राउंड में से सात हार चुके हैं। उनकी एकमात्र जीत विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना के खिलाफ थी, और उन्होंने हमवतन अनीश गिरी के खिलाफ एक ड्रॉ खेला। कार्लसन अब कुल 17.5 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर हैं, जान-क्रिज़ूटोफ़ डूडा 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं और डी गुकेश 15-5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

# मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ की



**● जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश है**

**बर्मिंघम, वार्ता।** भारत के गेंदबाजी कोच मोर्न मोर्कल ने मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की जमकर तारीफ़ की, जिन्होंने मिलकर 13 विकेट लिए हैं, जिससे भारत को पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर करने का शानदार मौका मिला है।

भारत को इंग्लैंड को 608 रन का लक्ष्य देने के बाद अंतिम दिन सात विकेट की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत ने यह कर दिखाया है, जिससे मोर्कल और भी खुश हैं। मोर्कल ने कहा कि अभी तक मैं बहुत-बहुत खुश हूं। पिछले टेस्ट के बाद हमने इस बारे में गहन चर्चा की थी कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करना है और मुझे लगता है कि हमने ऐसा किया है। इसलिए यह बढ़ते हुए गेंदबाजी आक्रमण का एक सुखद संकेत है, क्योंकि उनके पास सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक की कमी है, इसलिए वे इस तरह की चीजों पर प्रतिक्रिया कर सकते हैं। सिराज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में बिना किसी पांच विकेट के हरी घास वाले विकेट पर खेला, लेकिन इंग्लैंड में अपना पहला पांच विकेट हॉल हासिल किया, शायद इस सदी में भारत ने इस देश में सबसे सपाट पिच का सामना किया है। मोर्कल ने कहा कि यह पांच विकेट सभी मैचों में अच्छी गेंदबाजी का इनाम था। मोर्कल ने कहा कि 'सिराज एक ऐसा खिलाड़ी है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। वह एक ऐसा खिलाड़ी है जो हमेशा अपनी क्षमता के अनुसार खेलता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी उसका दोषी पक्ष बहुत अधिक प्रयास करता है। यह उस तरह की आक्रामकता और तीव्रता को प्रबंधित करने के बारे में है क्योंकि वह वास्तव में अपने दिल की बात कहता है। मुझे लगता है कि कभी-कभी इस तरह की चीजें आपको असंगति दे सकती हैं। अब जब वह मैच में आक्रमण का नेतृत्व कर रहा है, तो उसने विकेट हासिल किए, लेकिन मेरे लिए प्रयास और ऊर्जा के मामले में और शरीर में दर्द के बावजूद, वह हमेशा तैयार रहता है और अपना हाथ ऊपर रखता है, और वह उस ओवर में गेंदबाजी करना चाहता है। मुझे नहीं लगता कि कभी-कभी हम उसे इसके लिए पर्याप्त श्रेय देते हैं। मोर्कल ने कहा कि आक.ाश दीप की आक्रमण शैली ने भारत को नई गेंद के कुछ समय के अंतराल में कुछ करने की क्षमता दी। मोर्कल ने कहा कि 'वह एक आक्रामक गेंदबाज है जो सवाल पूछता है, स्टंप पर बहुत गेंदबाजी करता है। मुझे लगता है कि इंग्लैंड में यह एक सुनहरा नियम है : स्टंप पर लगातार सवाल पूछना। इसलिए ब्रिटेन में इस तरह की परिस्थितियों के लिए, यह उसकी शैली के अनुकूल है। और चोट से वापस आकर उसे तेज गति से दौड़ते हुए देखना, हमारे लिए एक अच्छा संकेत है। वह एक स्वप्निल गेंद थी शीर्ष गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जो रूट और उन्हें इस तरह से आउट करना आकाश की गुणवत्ता को दर्शाता है, कि वह क्या कर सकते हैं। मुझे लगता है कि वह भी हम सभी की तरह ही एक व्यक्ति हैं। आप उन्हें जितना अधिक आत्मविश्वास देंगे, लगभग ऐसा लगेगा कि गेंद के पीछे थोड़ी अधिक ऊर्जा है और उम्मीद है कि वह आज रात उस गेंद को अपने फोन पर देखेंगे और फिर कल कुछ और गेंदें लाएंगे। हालांकि, मोर्कल ने कहा कि यह आसान नहीं होने वाला है क्योंकि




# स्मिथ-ग्रीन के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बनाई मैच पर पकड़

**● स्टीव स्मिथ 71, कैमरून ग्रीन 52 रनों की शानदार पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच में मजबूत पकड़ बना ली**

**सेंट जॉर्ज, वार्ता।** स्टीव स्मिथ (71), कैमरून ग्रीन (52), ट्रैविस हेड (39) और एलेक्स कैरी (नाबाद 26) रनों की जूझारू पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय सात विकेट पर 221 रन बनाकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने कल के दो विकेट पर 12 रन से आगे खेलना शुरु किया। शनिवार को सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने अभी स्कोर में 16 रन का इजाफा किया था कि जोसेफ ने नेथन लायन (आठ) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए स्टीव स्मिथ ने कैमरून ग्रीन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 93 रन जोड़े। कैमरून ग्रीन को भी जोसेफ ने आउट किया। कैमरून ग्रीन ने 123 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 52 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया का पांचवां विकेट स्टीव स्मिथ के रूप में गिरा। उन्हें जस्टिन ग्रीव्स ने पगबाधा आउट किया। स्टीव स्मिथ ने 119 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से (71) रन बनाये। बो वेब्स्टर (दो) को भी ग्रीव्स ने आउट किया। ट्रैविस हेड 60 गेंदों में (39) रन बनाकर आउट हुये। स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 64-3 ओवर में सात विकेट पर 221 रन बना लिये थे। एलेक्स कैरी (नाबाद 26) और कप्तान पैट कमिंस (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे।

### श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा आर्म रेसलिंग कप में जीता स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** पैरा एथलीट श्रीमंत झा ने लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप 2025 में प्लस 80 किलोग्राम वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। श्रीमंत झा ने चार से छह जुलाई तक आयोजित लक्जमबर्ग पैरा-आर्म रेसलिंग कप प्रतियोगिता में जर्मनी के ओलेकसांद्र लीशुकोव को हराकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी इस जीत को अहमदाबाद विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों को समर्पित किया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही बुल्गारिया में होने वाली विश्व पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है।

### रियल मैड्रिड-पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** रियल मैड्रिड और पीएसजी फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में भिड़ेंगे। यूरोप के दिग्गज फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड और पीएसजी ने शनिवार को खेले गए अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुक.ाबलों में जीत दर्ज कर फीफा क्लब विश्वकप सेमीफाइनल में जगह बनाई। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियल मैड्रिड ने आखिरी क्षणों में संघर्ष करते हुए बोरूसिया डॉर्टमंड पर 3-2 से जीत हासिल की।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 7 जुलाई 2025

# राफेल के खिलाफ मुहिम

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत और पाकिस्तान के बीच उस समय संघर्ष छिड़ गया था, भारत में सर्जिकल स्ट्राइक के जरिये पाकिस्तानी आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला बोला था। इस संघर्ष में मिसाइलों और लड़ाके विमानों का इस्तेमाल हुआ था। तब पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए थे, जिनमें 3 राफेल जेट भी शामिल हैं, तभी से राफेल विमान को लेकर एक नई बहस छिड़ गई। हालांकि भारत ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि उस संघर्ष में हमारा कितना नुकसान हुआ, लेकिन पिछले कुछ दिनों में हमारे सैनिक अधिकारियों के माध्यम से ऐसी बातें सामने आई, जो यह बताती हैं कि हमारा भी काफी नुकसान हुआ। सीडीएस अनिल चौहान ने सिंगापुर में यह स्वीकार किया था कि आरंभिक चरण में हमारा कुछ नुकसान हुआ है। उनके बाद सेना उप प्रमुख ने भी माना कि हमने कुछ विमान खोए। अब फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसी ने एक कदम आगे जाकर एक नया खुलासा किया है जिसमें कहा गया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिये फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस विमान पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। फ्रांस के वायु सेना प्रमुख जनरल जेरोंग बेलेंजर ने भी यह कहा है कि भारत ने संभवत: तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 200 शामिल हैं। उनका यह भी कहना है कि फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को विमान भेजे हैं, उनमें पहली बार राफेल को निशाना बनाने की बात सामने आई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। जाहिर है, उनका इशारा भारत की तरफ था, क्योंकि भारत ने फ्रांस से ही राफेल विमान को खरीदा है। यह विमान पांचवीं पीढ़ी का विमान है और बेहद उन्नत माना जाता है। वैसे होना तो यह चाहिए था कि सबसे पहले इस तरह की बहस भारत में ही होनी चाहिए थी कि आखिर पाक के साथ क्षेत्रीय संघर्ष में हमने क्या खोया, क्या पाया, लेकिन जो भी समाचार युद्ध के संबंध में आ रहे हैं वह विदेशी धरती से ही आ रहे हैं। भारत में इस संबंध में कोई ज्यादा बात नहीं हो रही है। विपक्षी दल भी बार-बार सरकार को इस मुद्दे पर घेरते रहे हैं और संसद सत्र बुलाने की मांग भी विशेष रूप से करते रहे हैं, ताकि इस संबंध में चर्चा की जा सके। सरकार ने भी विपक्ष की इस मांग को कभी नहीं स्वीकारा। जाहिर है, जब सरकार अति सतर्कता बरतेगी, तो तरह-तरह की भ्रांतियां तो पैदा होंगी ही। सीज फायर को लेकर भी यह भ्रांतियां हो रही हैं। ट्रम्प ने जाने कितनी बार अमेरिका में और बाहर भी यह कहते रहे हैं कि सीजफायर उन्होंने कराया और वह भी व्यापार की धमकी देकर जबकि भारत बराबर इन्कार करता रहा है, लेकिन ट्रम्प पर इस बात का कोई प्रभाव पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चीन का पाकिस्तान पर बड़ा प्रभाव है और ऐसा माना जाता है कि पाक में सैन्य हथियारों के मामले में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। जाहिर है चीन यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि उसके हथियार ज्यादा कारगर साबित हुए।


## महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद



रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान जैसे युद्धों के कारण दुनियाभर में टकराव का माहौल बन गया है, स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है, बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है, रूस-यूक्रेन और इजरायल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं, कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है, भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है, युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है, अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक शस्त्रों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री**

# बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए





हफीज किदवई

आज जानिए की बांग्लादेश चुनाव में वहां के चुनाव आयोग ने क्या किया था। क्या वजह थी कि शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीती। जिस जनता ने इतनी महान विजय दी, वही ने उसे सालभर में निर्वासन पर क्यों भेज दिया। इसे समझना हो, तो बांग्लादेश के चुनाव आयोग के तत्कालीन सुधारों को समझिए।

### वोटर लिस्ट में क्या किया गया था

**मतदाता सूची का पुनरीक्षण**- चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने दावा किया कि देशभर में डिजिटल मतदाता सूची का अपडेट किया गया है। कई जगह बायोमेट्रिक सत्यापन के जरिए मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए और नए युवाओं को जोड़ा गया।

**नोट**- विपक्ष कहता रहा कि यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है मगर किसी ने नहीं सुनी फर्जी और डुप्लिकेट वोटर शामिल करने के आरोप लगा। कई रिपोर्टों में सामने आया कि फर्जी नाम, डुप्लिकेट आईडी और काल्पनिक मतदाता सूची में शामिल किए गए थे। कुछ इलाकों में एक ही व्यक्ति के नाम से दो बार वोट डालने की घटनाएं सामने आईं। एक ही घर से उसके परिवार के सदस्यों की संख्या से कई गुना अधिक वोट डाले गए। विपक्ष ने तब भी कहा कि यह सब शेख हसीना की पार्टी को लाभ पहुंचाने के लिए किया गया। मगर किसी ने नहीं सुना फिर आया सबसे महत्वपूर्ण Ghost Voters (भूतिया मतदाता) का मामला। कुछ स्वतंत्र मीडिया रिपोर्ट्स जैसे The Guardian Reuters में कहा गया कि कई मतदान केंद्रों पर ऐसे लोगों के वोट दिखाए गए जो या तो विदेश में थे, मृत थे या वहां कभी रहते ही नहीं थे। यह वोटर अचानक जुड़े, वोट किया, फिर गायब, इनकी संख्या बहुत बड़ी थी। फिर जो हुआ वह भी कम महत्वपूर्ण नहीं था। मतदाता अनुपस्थिति और वोट में असंगत संदिग्ध बढ़त हुई। चुनाव वाले दिन दोपहर तक केवल 27 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, लेकिन अचानक अंतिम आंकड़े 41 प्रतिशत तक पहुंचाए गए, जिससे यह संदेह गहरा हुआ कि कुछ बड़ी गड़बड़ की गई है। वोट प्रतिशत दिनभर 27-28 रहना और रात बीतने के बाद जब फाइनल वोट के आंकड़े देना, जिसमें 10 प्रतिशत के ऊपर की बढ़ोतरी ने संदिग्ध हालात पैदा किए। विपक्ष ने तब भी कहा कि चुनाव आयोग सही आंकड़े नहीं दे रहा। कुछ गड़बड़ कर रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। चुनाव आयोग ने वहां बुजुर्ग और ग्रामीण इलाकों में गाइडेड वोटिंग भी करवाई, जो बुजुर्गों को अशक्त लोगों को सुविधा देने के नाम पर की गई। रिपोर्टों के मुताबिक, कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में वोटर्स से यह तक कहा गया कि किसे वोट देना है। कई बुजुर्ग मतदाता जिन्हें वोटिंग की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं थी, उनके वोट एजेंट्स द्वारा प्रभावित किए गए। एजेंट्स ने खुद वोट डाल दिए। विपक्ष ने विवश होकर इस पर भी चेताया मगर किसी ने नहीं सुना। खूब सवाल उठे, तब क्या कहा गया आधिकारिक रूप से।

चुनाव आयोग ने कहा कि मतदाता सूची पूरी तरह डिजिटल, अद्यतन और पारदर्शी है, लेकिन उन्होंने कुछ जिलों में संदेहास्पद गतिविधियों की आंतरिक जांच शुरू करने की भी बात मानी। यह कहा सब कुछ सही और पारदर्शी है। विपक्ष के आरोप बेबुनियाद हैं। एक आध घटना हो सकती हैं, उसकी जांच हो जाएगी, बाकी सारी प्रक्रिया पारदर्शी है। फिर परिणाम आए, शेख हसीना प्रचंड बहुमत से जीतीं। विपक्ष दहाई नहीं पार कर पाया। मगर सालभर में जब जनता को सच दिखने लगा, तब क्या हुआ। शेख हसीना को अपनी मिट्टी छोड़नी पड़ी। चुनाव आयोग पर कार्यवाही शुरू हुई। हर अधिकारी, बड़ा या छोटा, आज जेल में है और कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहा है। देश अस्थिर हो गया। यह सब क्यों हुआ, क्योंकि उनकी एक संवैधानिक संस्था ने देश की जनता और देश से गद्दारी की थी। ज्यादा से ज्यादा क्या होता, शेख हसीना हार जाती मगर सिस्टम का कबाड़ा तो नहीं निकलता। आज उनके चुनाव अधिकारी हुलिया बदलकर छिपे छिपे घूम रहे। अपनी पहचान नहीं बता सकते, जैसे ही पहचाने जाते हैं, मारे जाते हैं। यह कमाया है बंगलादेश के चुनाव आयोग ने, पूरे देश को अराजकता की भेंट चढ़ा दिया। चुनाव आयोग के पास ताकत थी, संविधान ने उन्हें व्यवस्था दी थी मगर वह शेख हसीना के तलवों में लोटने लगे। देश की जनता ने अपने अधिकारों के साथ यह बर्ताव देखा। वोट की ताकत को छिन्न भिन्न होते देखा। हसीना और चुनाव आयोग, सबको उलट पलट दिया। यही होता है, जब कोई जनता के साथ खेल खेलता है। तब यही हश्र होता है मगर देश का तो नुकसान बड़ा हो जाता है। विपक्ष की बात उस वक्त सुन ली होती, तो आज यह दिन न होते की अधिकारी, कर्मचारी अपनी जान की भीख मांगते न फिर रहे होते। बांग्लादेश में बुरा हुआ। जनता के साथ पहले गलत हुआ। फिर जनता ने गलत कर दिया मगर उसके पास रास्ता ही क्या था।

### केंचुआ सरकारी विभाग नहीं है, उसका काम तय है

वोटर यानी मतदाता का मतलब किसी चुनाव क्षेत्र में आमतौर पर रहने वाली आबादी का वह हिस्सा है जो 18 वर्ष से ऊपर का है। मतदाता सूची में इनका नाम दर्ज करने और इसकी जांच या प्राप्त आवेदन की पुष्टि के लिए बीएलओ होता है जो बताए गए पते पर जाकर तस्दीक करता है कि दावा सही है या नहीं। दावे की पुष्टि पड़ोसियों से भी की जा सकती है। इसके अलावा कोई नियम अभी तक नहीं रहा। सुविधा के लिए दस्तावेज मांगना और देना औपचारिकता है। 18 साल से ऊपर की आयु के दावे की पुष्टि के लिए जन्म प्रमाण पत्र जरूर मांगा जा सकता है, लेकिन यह उसी के लिए है जो 18 साल का होते ही मतदाता बनना चाहता है। केंचुआ सरकार से अलग, स्वायत्त और स्वतंत्र है। जो देखने में 18 साल से ऊपर का लगता है उससे कोई प्रमाण पत्र मांगने का रिवाज नहीं है। चुनाव आयोग का काम नागरिकता, जन्म, जन्म स्थान, आयु या माता-पिता के नाम की पुष्टि करना नहीं है। ना उसे मतदाता के लिए कोई प्रमाणपत्र जारी करना होता है। उसे चुनाव क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों का नाम उनके पते के अनुसार दर्ज करना है। वोटर बनाना और चुनाव कराना है। नतीजे बताना है। इसके अलावा कुछ नहीं। अगर किसी कारण कोई विदेशी नागरिक गलती से मतदाता सूची में आ जाए तो सरकार के संबंधित विभाग का काम है कि वह उनका नाम कटवाए या वोट देने से रोके, पर जो किसी चुनाव क्षेत्र में रह रहे हैं, विदेशी होना पक्का नहीं है उसे वोट देने का हक है। उनका वोट जरूर पड़े यह सुनिश्चित करना भी चुनाव आयोग का काम है।

**-संजय कुमार सिंह**

**शिमला के पास एक बहुमंजिला इमारत के भरभरा कर गिरने के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने भयभीत किया। जब बारिश आती है, तो केवल इमारतें और सड़कें नहीं ढहतीं, आम लोगों का जीवन भी उजड़ जाता है। लोग रातोंरात बेघर हो जाते हैं। स्कूल, अस्पताल, बिजली-पानी की सुविधाएं बंद हो जाती हैं। प्रशासनिक अमला अकसर घटनास्थल पर देर से पहुंचता है और राहत कार्यों में राजनीतिक रस्साकशी आड़े आ जाती है। राहत कैंपों में भोजन, शौचालय और दवाइयों की भारी कमी रहती है।**

# बारिश का कहर और विकास की विफलता

बीते कुछ वर्षों में पहाड़ों में बारिश एवं बादल फटना अब डर, कहर और तबाही का पर्याय बन गई है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, और पूर्वोत्तर के अन्य पहाड़ी राज्यों में हर वर्ष मानसून के साथ भयावह भूस्खलन, बादल फटना, पुल बहना और सड़कें टूटना एक आम दृश्य बन गया है। यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं है, बल्कि एक व्यवस्थागत विफलता, सरकारी निर्माण की लापरवाही और अनियोजित विकास की पोल खोलने वाला यथार्थ है। निश्चय ही हाल के वर्षों में बारिश के पैटर्न में बदलाव आया है और बारिश की तीव्रता बढ़ी है।

हर वर्ष जब मानसून की पहली बारिश पहाड़ों को भिगोती है, तो स्थानीय जनजीवन एक नई उम्मीद के साथ खिल उठता है। खेतों में हरियाली, नदियों में जल, और प्रकृति की शीतलता-मानसून एक उत्सव जैसा लगता है, लेकिन हालिया मानसूनी बारिश और मौसमी विक्षोभ की जुगलबंदी से हिमाचल के कई इलाकों में तबाही का जो भयावह मंजर उभरा, उसे हमें कुदरत के सबक के तौर पर देखना चाहिए। बड़ी संख्या में लोगों की मौत व लापता होने के साथ ही अरबों रूपए की निजी व सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान हुआ है। 2023 और 2024 के मानसून ने हिमाचल और उत्तराखंड जैसे राज्यों में जो कहर बरपाया, वह केवल आंकड़ों में सीमित नहीं है। दर्जनों लोग मारे गए, सैकड़ों मकान जमींदोज हो गए, हजारों लोग बेघर हुए। हाइड्रो प्रोजेक्ट्स, सड़कों, सुरंगों और इमारतों के निर्माण ने जिस तरह से पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना के साथ छेड़छाड़ की, वह अब प्रकृति के प्रतिशोध का कारण बन रही है। उत्तराखंड में ऑल वेदर रोड, हिमाचल में सुरंगें और जल विद्युत परियोजनाएं-इन सभी ने विकास के नाम पर जिस प्रकार अंधाधुंध खुदाई और कटान किए हैं, उससे पर्वतीय क्षेत्र अपनी स्थायित्व खोते जा रहे हैं। वैज्ञानिक चेतावनियों के बावजूद कई निर्माण कार्यों में भूगर्भीय सर्वेक्षण की अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि हल्की-सी भारी बारिश में ही सड़कें धंस जाती हैं, इमारतें दरकने लगती हैं, और पूरा गांव मलबे में दब जाता है।

वास्तव, पहाड़ी इलाकों में अतिवृष्टि से आपदा का जो भयावह मंजर उभर रहा है, उसके मूल में सिर्फ जलवायु परिवर्तन ही मुख्य कारक नहीं है। दरअसल, इस तबाही के मूल में हमारी नाजुक हिमालई पारिस्थितिकीय तंत्र के प्रति बड़ी लापरवाही भी है। इस तथाकथित विकास के नाम पर हमने उन सीढ़ीनुमा रास्तों को दरकिनार कर दिया, जो पहाड़ों को मजबूती देते थे। पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन कोई नई बात नहीं है, लेकिन हाल के वर्षों में इनकी तीव्रता और आवृत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। इसकी मुख्य वजहें हैं-अनियंत्रित पहाडों की कटिंग और खुदाई, बढ़ता भारी वाहन यातायात, जल निकासी की अव्यवस्था एवं वन क्षेत्र का अत्याधिक क्षरण। सरकारी निर्माण एजेंसियां अक्सर तय मानकों की अनदेखी करती हैं। निर्माण सामग्री घटिया होती है और मुनाफाखोरी के चक्कर में दीवारें और पुल बरसात में ताश के पत्तों की तरह ढह जाते हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) और पर्यावरण वैज्ञानिक लगातार चेताते रहे हैं कि हिमालई क्षेत्र बेहद संवेदनशील हैं। फिर भी, निर्माण कार्यों के लिए भू-सर्वेक्षण, पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन (ईआईए) और जनसुनवाई की प्रक्रियाओं को या तो टाल दिया जाता है या खानापूर्ति भर की जाती है। चार धाम यात्रा मार्ग पर बनने वाली सड़क परियोजनाओं को सुप्रीम कोर्ट ने भी कई बार रोका और सुझाव दिए कि पहाड़ों को काटने की बजाय टनल या वैकल्पिक मार्ग बनाए जाएं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है।

निश्चय ही पूरी दुनिया में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते मौसम के बिगड़े तेवर नजर आ रहे हैं, लेकिन पहाड़ों में जल-प्रलय सी आपदा का विनाश निश्चय ही भयावह है। वैज्ञानिकों को इस तथ्य पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि पहाड़ों में बादल फटने की घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि क्यों हुई है। इस साल की मानसूनी बारिश में मंडी जिले में बादल फटने की घटनाओं ने बुनियादी ढांचे, घरों, सड़कों और बगीचों को जिस तरह से नुकसान पहुंचाया है, उसने पहाड़ों में विकास के स्वरूप को लेकर फिर नए सिरे से बहस छेड़ दी है। राज्य के तमाम महत्वपूर्ण राजमार्ग भूस्खलन और अतिवृष्टि से बाधित रहे हैं। कांगड़ा घाटी में ऐतिहासिक रेल परिवहन को स्थगित करना पड़ा है।

**-ललित गर्ग**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# निषादों की ऐतिहासिक भूमिका और उपेक्षा का संताप



वीरेश तरार

रामायण में एक अमिट प्रसंग आता है। भगवान राम को जब वनवास मिला तो वह लक्ष्मण और सीता के साथ गंगा पार करने के लिए निकले। वहीं उन्हें मिलते हैं केवट। वह राम के चरण धोकर उन्हें पार उतारता है। वह कहता है। प्रभु आपके चरणों से अहिल्या जैसी स्त्री पत्थर से नारी बन गई, मुझे डर है कहीं मेरी नाव भी नारी न बन जाए। यह प्रसंग करुणा, भक्ति और भोलेपन से भरा है, पर हमारे इतिहास ने इसी केवट को, इसी निषाद को केवल भक्ति का पात्र बनाकर छोड़ दिया। नतीजा यह है कि निषाद को अब साल में एक बार रामलीला के मंच पर याद किया जाता है, बस। क्या यह उस जाति के साथ अन्याय नहीं है जिसने भारत की सभ्यता के बीज बोए?

निषाद कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक परंपरा है। नाव चलाना, जल आधारित उत्पादन करना, जलकुंभी, मखाना, सिंघाड़ा जैसे उत्पादों का व्यापार, नदी के दोनों किनारों से लोगों और माल को पार उतारना, नदी के जरिए सुदूर क्षेत्रों तक माल का ढोना, यही इनका परंपरागत कार्य रहा है। ये नदियों के किनारे रहते आए हैं, नाव बनाते हैं, चलाते हैं और जल मार्गों को जीवन देते हैं। यदि हम देखें कि भारतीय उपमहाद्वीप की समृद्ध सभ्यता कैसे बनी, तो पाएंगे कि नदियों के किनारे बसी बस्तियों से यह सभ्यता उठी और नदी ही वह माध्यम बनी जिसने कृषि, व्यापार और जीवन को जोड़ा। नदियां पहाड़ों से निकलती हैं। हिमालय और अन्य पर्वतों पर जमा बर्फ के पिघलने से, बारिश के जल से, वर्षा ऋतु की बाढ़ों से, ये नदियां



मैदानों तक आती हैं। अपने साथ वे खनिज लाती हैं, बीज लाती हैं, उपजाऊ मिट्टी लाती हैं और नदी के किनारे की भूमि को उपजाऊ बना देती हैं। यही वह बिंदु है जहां जंगली शिकारी मानव समूहों की दृष्टि वनस्पतियों की ओर जाती है। वही मनुष्य जो जानवरों का शिकार करता था, अब वह देखता है कि नदी किनारे की घास, झाड़ियां और अनाज जैसे पौधे बार-बार उसी स्थान पर उगते हैं। यहीं से शुरू होती है खेती। गेहूं, जौ, दालें कृ सब की खेती नदी किनारे से प्रारंभ होती है, परंतु जब एक किसान उत्पादन करता है, तो उसकी अपनी जरूरतें भी होती हैं। नमक, मसाले, आभूषण, उपकरण ये सब उसके पास नहीं होते। तब उस तक ये चीजें कौन पहुंचाता है? यही वह बिंदु है जहां निषाद, केवट, मल्लाह, बंजारा, द्रविड़ जैसे समुदायों की भूमिका सामने आती है।

बंजारे चलते थे गांव-गांव, उनके साथ महिलाएं होती थीं जिन्हें बंजारिन कहा गया। वे मसाले, समुद्री उत्पाद, आभूषण, कोड़ी, शंख, मखाना और भी ढेर सारी चीजें किसान समुदाय तक पहुंचाते थे। बदले में वे उनसे अनाज लेते थे। मुद्रा की जगह वस्तु विनिमय होता था और इस प्रकार भारत की पहली व्यापारिक व्यवस्था स्थापित हुई।

जब निषाद नाव से एक ओर किसान की उपज ले जाते, तो दूसरी ओर समुद्र की चीजें लाकर उसे सौंपते। इसी क्रम में व्यापार के केंद्र बने। हड़प्पा, मोहनजोदड़ो, राखीगढ़ी, कालीबंगा, लोथल और आज के आधुनिक शहर। सब नदियों के किनारे बसे हैं। भारत का पहला शहरवासी वर्ग इन नाविकों, व्यापारियों, और कृषि उत्पादकों से बना परंतु यही काम अन्य देशों ने भी किया। वास्को-डि-गामा, पुर्तगाल का नाविक, भारत पहुंचा तो वह एक व्यापारिक यात्रा पर निकला था। अरब देश के नाविकों ने भी व्यापार की श्रृंखला बनाई। इनके पीछे उनके राजा, बादशाह और सुल्तान खड़े थे। यही कारण है कि यूरोप में नौकायन संस्कृति का विकास हुआ, समुद्री मार्गों से देशों को जोड़ा गया और कालांतर में व्यापार ने ही उन्हें इतना शक्तिशाली बना दिया कि इस्ट इंडिया जैसे नाविक कंपनी भारत से ही शुरू करके पूरे विश्व की सत्ता पर अपनी सत्ता का परचम फहरा सकी। पुर्तगाली नाविक भी तब एशिया के कई हिस्सों में अपनी समानांतर सत्ता चला रहे थे। जबकि भारत में हमारे नाविकों को, निषादों को, बंजारों को, मल्लाहों को कभी कोई संरक्षण नहीं मिला। वे सदियों तक मेहनत करते रहे, नाव खींचते रहे, समुद्र की लहरों में संघर्ष करते रहे, लेकिन उनकी तरफ किसी राजा ने देखा तक नहीं। निषाद समाज ने भारत को भारत बनाया, लेकिन खुद उपेक्षित रह गया। उसके ज्ञान, उसके कौशल, उसकी व्यापारिक सूझबूझ को कभी मान्यता नहीं मिली और आज भी वह उपेक्षित है। जब भारत के परंपरागत जल मार्ग बर्बाद हो गए, जब नदियों को उनके प्राकृतिक स्वरूप से मोड़ दिया गया, तो वह नाविक संस्कृति भी बर्बाद हो गई। आज कंपनियां खेत से सीधे उत्पाद खरीदती हैं और निषाद समाज जैसे परंपरागत बिचौलिए समाप्त कर दिए गए। यही कारण है कि यह समाज आज गरीबी, बेरोजगारी और राजनैतिक उपेक्षा से त्रस्त है। अब समय आ गया है कि भारत अपने अतीत की ओर लौटे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी सभ्यता नदी आधारित रही है, नदियों से जीवन चलता है और उन नदियों के रक्षक, उनके साथी, उनके व्यापारी निषाद समुदाय हैं। यदि हम इन समुदायों को पुन: महत्व दें, जलमार्गों को फिर से विकसित करें, नदियों की सफाई करें, जल संग्रहण और परिवहन को पुनर्जीवित करें तो न केवल निषाद समाज उठेगा, बल्कि भारत फिर से एक शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा।

भारत की आत्मा गांवों में है, पर उसकी धड़कनें नदियों में हैं। जब तक ये नदियां बहती रहेंगी, निषाद समाज नाव चलाता रहेगा, बंजारा व्यापार करता रहेगा, किसान हल चलाता रहेगा, बंजारिन सिर पर टोकरा रखे जाती रहेगी। तभी तक भारत भारत रहेगा, लेकिन आज भारत उस कौवे की तरह होता जा रहा है जो हंस की चाल चलने की नकल में अपनी चाल ही भूल गया है। अगर उसे जीवित रहना है, आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी असली चाल, अपनी मिट्टी, अपनी नदियां, अपने निषाद, अपने बंजारे को फिर से पहचानना और अपनाना होगा। तभी भारत फिर से अपनी पहचान और गरिमा के साथ खड़ा हो सकेगा। हम यहां यह भी नहीं कहेंगे कि भारत के यह निषाद, बंजारे और द्रविड उन्हीं परम्परागत साधनों और पोशाकों के साथ मैदान में उतारे जाएं, बल्कि आधुनिक तनीकी से लैस उन्नत संसाधनों का भरपूर समावेश इनकी कार्ययोजना में शामिल किया जाए हमें तो इनके व्यवसायिक ज्ञान, पर्यावरणीय अनुभव आधारित समझ और असीम कार्यक्षमताओं का यथा सामर्थ्य उपयोग बस करना है और इन्हें उस प्रणाली की रीढ़ बनाने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# JAMIA TIBBIYA DEOBAND

Recognized by NCISM, New Delhi, Affiliated to Mahayogi Guru GorakhnathAyush University, Gorakhpur, U.P.

NABH Accredited
Awarded Grade 'A'by Quality Council of India

ADMISSION OPEN 2025-26

Courses Offered: **B.U.M.S.** (Bachelor of Unani Medicine and Surgery)
Duration 5½ Year (01 Year Rotatory Internship)

Counselling code for BUMS - U003
Neet 2025-26
Cut off Score - Gen-144, OBC-113



## JAMIA COLLEGE OF PHARMACY

G.T. Road, Deoband
Approved by PCI New Delhi, Affiliated to AKTU Lucknow &BTEUP Lucknow
Counselling code for D.Pharm- 1317, B.Pharm-1269

**Courses Offered**

**B Pharm** – Bachelor of Pharmacy (4 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Minimum 50% Marks

**D Pharm** – Diploma in Pharmacy (2 Year)
Required Qualification- 12th PCB or PCM
Admission Criteria - JEECUP 2025

## JAMIA PARAMEDICAL COLLEGE

G.T. Road, Deoband
Approved & Affiliated to Board of Ayurvedic & Unani Tibbi Systems of Medicine, Lucknow, U.P

**Courses Offered**

**DIPLOMA IN NURSING (AYURVEDA)**
(3Year 09 Month) (9 month Maternity Training)
Required Qualification- 12th

**DIPLOMA IN PHARMACIST (AYURVEDA)**
(2 Year 03 Month) (3 month Internship)
Required Qualification- 12th P.C.B or P.C.M.


**Key Features**
Well Equipped Labs
Best Infrastructure
Qualified & Well Trained Faculty

**Facilities**
Hostel For Boys/Girls
Cafeteria
Transport for Girls
Ragging Free Campus

**Contact us -**
9897869424
8279730724
9897842060
9359210059

**Helpline - 1800-102-2318**
G.T. Road, Deoband, District Saharanpur, Uttar Pradesh - 247554
Email - info@jamiatibbiya.com, jcpdeoband@gmail.com
Web - www.jamiatibbiya.com, www.jcpdeoband.com

# AL-HAKEEM
# अल-हकीम
## यूनानी मेडिकेयर सेन्टर



हमारे यहां इन बीमारियों का खास इलाज किया जाता है।

1. नसों और दिमाग की बीमारियाँ, सर दर्द, नींद न आना, नर्तनरोग दिमागी कमजोरी, निस्यान, हाथ पेर की जलन, जिगर की बीमारियां।
2. हड्डियों की बीमारियाँ (जोड़ों का दर्द, गठिया, गर्दन का दर्द, कमर का दर्द, नाड़ी का दर्द, गुर्दे व मसाने की बीमारियां।
3. पेट की बीमारियाँ (कब्ज, बदहज़मी, गैस, आंतों की कमजोरी और सूजन, बवासीर (खूनी/बादी), जिगर की बीमारियाँ, सुरअत इनजाल।
4. यौन रोग, नपुंसकता, बांझपन, हस्तमैथुन, धात की बीमारियाँ, पेशाब का बार-बार आना, पेशाब का रुक-रुक कर आना।
5. गुर्दे और मूत्राशय की पथरी, पेशाब मे कष्ट, ग्रंथियों का बढ जाना, पेशाब का कंट्रोल न होना, गुर्दो की कमजोरी, चमड़ी की बीमारियां।
6. चेहरे के दाग धब्बे (सफेद दाग), खुजली, बालों का गिरना, फोड़े, फुन्सी, मुहांसे, बालों का सफेद होना, सोरायसिस, एक्जिमा।
7. पुरानी खांसी, एलर्जी, साइनसाईटिस।

**सुविधाएँ**
यूनानी उपचार, अच्छी गुणवत्ता वाली दवा, हिजामा से इलाज, जोंक से इलाज, अच्छा सुझाव

**देवबन्द ब्रांच**
राहत कॉम्पलैक्स, निकट पुलिस चौकी खानकाह, इन्द्रा पार्क, देवबन्द, सहारनपुर (उ.प्र.) - 247554 - मो. 9045607090

**दिल्ली ब्रांच**
जी-48, अल हबीब मस्जिद के पीछे, निकट सेन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया, शाहीन बाग, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-25 - मो. +91-11 45067236, 93541319122, 9457601009

**मुम्बई ब्रांच**
दुकान सं. 3, असलफा मेट्रो स्टेशन, निकट गलोब्ल नर्सिगं होम, असलफा अंधेरी-घटकोपर लिंक रोड, घटकोपर (वेस्ट), मुम्बई-400084, मो. 9699277250

# NAWAZ GIRLS' PUBLIC SCHOOL, DEOBAND

(Affiliated to CBSE, New Delhi,10+2)

**ALL INDIA RANK HOLDERS CBSE EXAM 2024-25**

our Proud Congratulations

4th RANK – 99.2% – WALIYA D/O ABDUR RASHEED
7th RANK – 98.6% – KHADEEJA USMANI D/O ANSAR ILAHI

MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS XII

MERITORIOUS ACHIEVERS CLASS X



FOUNDER DR. NAWAZ DEOBANDI

## शाह टाइम्स की रजत जयंती के शुभ अवसर पर अहले वतन को दिली मुबारकबाद

| | | | |
|---|---|---|---|
| ANFAR SINCE1950 8868042813 | मकतबा फ़िदा-ए-मिल्लत MAKTABA FIDA E MILLAT 7417472626 | ASHRAFI DTDC 9758612846 | مکتبہ غزالی MAKTABA GHAZALI 7505363799 |
| Pro Income 7300661364 | AQ QASMI ATTAR 8936951032 | Al Hamd Art & Decor 8958140373 | RAHMANI GENERAL STORE 7310632727 |
| Sunnali LIBAS 9997015429 | London OPTICALS 9639361752 | Rahman Fragrence 9760693627 | Raushan General Store 9234861029 |
| A to Z GARMENTS 9557525360 | نجم ٹریڈرس NAJM TRADERS 9258526024 | ALFA TRADERS 8218073407 | Qasmi SHOE HUB 8273033921 |
| Usmani Cool Point 9897346246 | HMS 7906691929 | الاقصی انٹرپرائزیز AL AQSA ENTERPRISES 9458648913 | MASHAAL URBAN BITES 9528352800 |
| MASHAAL RESTAURANT 7520308080 | TAQWA SADRI CENTER 7037963828 | HANEEF JACKET 9997673834 | Norah Dates 9634838339 |
| M HASAN QASMI 8076761276 | Madani Kurta Palace 9897103335 | Rasheedi ENTERPRISES 9536134311 | 9027516038 |
| فدائے ملت جنرل اسٹور 7417472626 | AL FALAH ENTERPRISES 9548996673 | Junaid CAP HOUSE 8941851624 | Khushboo Ghar 8860127177 |
| Madani Clinic 9720573831 | NAJMI GENERAL STORE 8709677306 | Tijarah Cloth House 7895282786 | BABARKAT INFRA |

**MASHAAL COMPLEX**
+91 78302 80786 | +91 95572 45993
Opp. Masjid Rasheed, Deoband, Saharanpur-247554

# Spring Dale PUBLIC SCHOOL

Affiliated to C.B.S.E., New Delhi | Senior Secondary

**Outstanding Performance in NEET 2025**
*Huge Congratulations To Our Future Doctors!*



SAAD FAIZAN SIDDIQUI – CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL
AHMED FAIZAN SIDDIQUI – CO-CHAIRMAN SPRING DALE FOUNDER FAIZAN MULTI SPECIALITY HOSPITAL

Ayan Khan, Samiya Siddiqui, Faiz Alam, Zaid Rao, Safiya Ansar

Wishing you a journey filled with success and fulfillment!

8439-851-786, 8439-852-786
Head Office: Near Faizan Hospital, Eidgah Road, Deoband
Campus: 2 kms, Deoband Saharanpur Highway, SH-58, Deoband

## रजत जयंती वर्ष ढाई दशक का सुनहरा सफर
## सभी देश वासियों को शाह टाइम्स की रजत जयंती पर
## हार्दिक शुभकामनायें



**हाफिज फहीम उस्मानी**
रूहानी इलाज के माहिर
वरिष्ठ समाजसेवी
मौहल्ला गद्दीवाडा, अबुलमाली, देवबन्द

# tutorix


COACHING CENTRE - HYDERABAD
**DEOBAND CAMPUS**

अब कोटा व दिल्ली से बेहतर कोचिंग आपके शहर में उपलब्ध

INDIA'S BEST COACHING NOW IN YOUR CITY DEOBAND

## का पहला साल बेमिसाल

**NEET(UG) 2025**
में देवबन्द सेन्टर से दो बच्चों ने लहराया सफलता का परचम
Tutorix परिवार दोनों बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना करता है।



AYAN KHAN – NEET SCORE 535 – AIR - 20779 (Tutorix Regular Batch)
SAMIYA SIDDIQUI – NEET SCORE 529 – AIR - 24883 (Tutorix Regular Batch)

सम्पर्क करें
सीमित सीट्स – NEET/IIT-JEE/ 6th To 12th Tuition के लिए – सीमित सीट्स

**ADMISSION OPEN 2025-26**

01336-796652, 9458209045, 9758658500, 8534985109, 9064460044
पता: मजनू वाला रोड, रेलवे रोड बाई पास, देवबन्द

# THE DREAM LAND PUBLIC SCHOOL

**English Medium**

ADMISSION OPEN



ईदगाह रोड, देवबन्द (सहारनपुर)
मो. 9897223457, 9105685995



शाह टाइम्स की रजत जयंती पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**चौधरी ओमपाल सिंह**
चेयरमैन साधन सहकारी समिति
लि० देवबन्द एवं अध्यक्ष उ०प्र० जनकल्याण मंच